ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2079 • सोमवार, 20 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-47 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

'कुंडली भाग्य' में पहली बार मां का किरदार... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### बारिश ने बढ़ाई ठंड अलर्ट जारी

**रांची।** राज्य में मौसम लगातार करवट ले रहा है। मौसम में यह बदलाव अगले दो दिनों तक देखने को मिलेगी। रविवार को सुबह से ही मौसम में बदलाव देखने को मिला। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मौसम में परिवर्तन होने लगा। बूंदाबांदी होती रही। मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा है कि अनावश्यक घर से बाहर निकलने से बचें। थंडरिंग की वजह से जानमाल को नुकसान हो सकता है। मौसम विभाग की ओर से जो अलर्ट जारी किया गया है, उसमें बताया गया है कि पूरे झारखंड में अगले दो से तीन घंटे में बारिश के बीच 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। थंडरिंग और ओलावृष्टि का भी पूवार्नुमान लगाया गया है।

### रांची में मिला एच3एन2 वायरस का दूसरा मरीज

**रांची।** रांची में रविवार को एच3एन2 वायरस के दूसरे मरीज की पहचान हुई है। चार साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उसे रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के आइसीयू में आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। उसकी हालत स्थिर है। रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के डॉ. राजेश ने बताया कि तीन दिन पहले बच्ची में न्यूमोनिया के लक्षण देखते हुए एडमिट कराया गया था। बच्ची को सर्दी-खांसी की शिकायत थी। उसका टेस्ट कराया गया तो इंफ्लुएंजा की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि चूंकि कोरोना और इंफ्लुएंजा दोनों के लक्षण एक जैसे हैं। ऐसे में राज्यभर में लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।

### राहुल ने प्रजातंत्र की हर मर्यादा लांघी : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जेपी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला किया। भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित यूथ पार्लियामेंट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने प्रजातंत्र की हर मयार्दा लांघ दी है। इंग्लैंड की सरजमीं पर जाकर कहते हैं कि 'भारत में लोकतंत्र' खतरे में है। कांग्रेस पार्टी आज मानसिक दिवालियेपन से ग्रसित है।

### सलमान को ई-मेल से धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक मोहित गर्ग के खिलाफ अभिनेता सलमान खान को कथित रूप से धमकी भरा ईमेल भेजने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायत अभिनेता के मैनेजर और करीबी दोस्त प्रशांत गुंजालकर ने की थी। एक्टर को यह मेल लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू के बाद आया है, जिसमें गैंगस्टर ने खुलेआम सलमान को जान से मारने की धमकी दी थी। टीवी चैनल को दिए इस साक्षात्कार में लॉरेन्स ने कहा था कि उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य एक्टर को जान से मारना है। (एजेंसियां)

# पलामू टाइगर रिजर्व में लंबे अरसे बाद दिखा बाघ, हाई अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

झारखंड के टाइगर रिजर्व में एक बाघ देखा गया है। इसका प्रत्यक्ष फोटो भी सामने आ गया है। यह बाघ पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के कुटकू वन प्रक्षेत्र में स्पॉट किया गया है। यह नर बाघ है। पलामू टाइगर रिजर्व के नॉर्थ डिवीजन के डिप्टी डायरेक्टर कुमार प्रजेश कांत जेना ने स्वयं इस बाघ की तस्वीर ली है। उन्होंने बताया कि बाघ देखे जाने के बाद इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी वनकर्मियों को पूरी चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि नर बाघ पिछले दो दिन से इसी क्षेत्र में घूम रहा है। अब तक दो मवेशियों को भी मारकर खा चुका है। पीटीआर के कैमरे में दो जगहों पर बाघ कैद हुआ है। उन्होंने बताया कि बाघ व्यस्क है। उसके पग मार्क चार इंच से अधिक के हैं, जो बाघ के व्यस्क होने का प्रमाण है। जेना ने बताया कि ग्रामीणों को जंगल में जाने पर सावधानी बरतने की अपील की गई है। साथ ही बताया कि वर्ष 2019-20 में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क में एक बाघिन मृत अवस्था में मिली थी। उसके बाद पहली बार बाघ की तस्वीर पलामू टाइगर रिजर्व के कैमरे में कैद हुई है।

पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ नहीं दिख रहा था। कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ सीमा पर एक बाघ दिखा था और यह भी बताया गया था कि बाघ पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में प्रवेश किया है। इसके बाद से रिजर्व के अधिकारियों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारी अलर्ट पर थे और लगातार निगरानी रख रहे थे। वन विभाग ने सुरक्षा कारणों से बाघ का वास्तविक लोकेशन सार्वजनिक नहीं किया है। जिस इलाके में बाघ दिखा है, वह अति नक्सल प्रभावित इलाका रहा है और बूढ़ा पहाड़ से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। बूढ़ा पहाड़ एक तरफ से छत्तीसगढ़ से सटा हुआ है। संभावना है कि छत्तीसगढ़ सीमा पर नजर आने वाला बाघ हो सकता है। पीटीआर अधिकारियों के अनुसार इलाके में बाघ ने पिछले 24 घंटे के अंदर दो शिकार किए हैं।

दरअसल, पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि इलाके में बाघ की मौजूदगी है। रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष, उपनिदेशक कुमार आशीष, प्रजेश जेना इस इलाके में गए हुए थे। अधिकारियों के सामने शनिवार को बाघ ने एक शिकार किया।




## माओवादी चंदन खरवार गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

पुलिस ने छापेमारी कर भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर चंदन खरवार उर्फ संजीवन जी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो इंसास राइफल, 370 जिंदा गोली, सात मैगजीन, चार डायरी समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं। आईजी राज कुमार लकड़ा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी संगठन का एक दस्ता बूढ़ा पहाड़ से भागकर लातेहार जिले के मनिका और हेरहंज थाना क्षेत्र के जंगलों में रुका हुआ है। इस सूचना पर पुलिस की छापेमारी टीम ने चंदन खरवार की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो इंसास राइफल और 370 जिंदा गोली के अलावे अन्य सामान भी बरामद हुए। आईजी ने कहा कि लातेहार पुलिस की यह एक बड़ी कामयाबी है। अभियान में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बूढ़ा पहाड़ से भागने के बाद माओवादी अलग-अलग स्थानों में अपना ठिकाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इसी क्रम में कुछ माओवादी लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के इलाके में भी दहशत बनाने के लिए आए थे लेकिन पुलिस ने माओवादी के जोनल कमांडर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार माओवादी ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार जोनल कमांडर चंदन खरवार पर झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में 68 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अभी इसके इतिहास को और खंगाल रही है। छापेमारी अभियान में बालूमाथ डीएसपी अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार हेरहंज, थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

# भाजपा के लिए राहुल टीआरपी

**नवीन मेल टीम। नई दिल्ली**

रविवार को दिन भर अगर कोई सुर्खियों में रहा तो वह कांग्रेस के नेता राहुल गांधी थे। राहुल गांधी उस वक्त सुर्खियों में आए, जब दिल्ली पुलिस की एक स्पेशल टीम उनके घर पर पहुंची। दिल्ली पुलिस राहुल गांधी से मिलना चाहती थी लेकिन राहुल नहीं मिले। ढाई घंटे तक दिल्ली पुलिस उनके घर पर रही। फिर एक और नोटिस थमा कर वापस लौट गई। अब राहुल गांधी ने उस नोटिस के आलोक में दिल्ली पुलिस को एक ई-मेल भेजी है जिसमें उन्होंने 10 दिनों का वक्त मांगा है। इस बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस की सर्वेसर्वा और प. बंगाल की चीफ मिनिस्टर ममता बनर्जी ने कहा कि अगर राहुल गांधी को विपक्ष का नेता प्रचारित किया जाएगा तो हम लोग नरेंद्र मोदी और भाजपा को कभी हरा नहीं पाएंगे।

### ममता ने राहुल के नेतृत्व पर उठाया सवाल

**मुर्शिदाबाद(प. बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल खड़े किए हैं। टीएमसी प्रमुख ने रविवार को कहा कि राहुल गांधी विपक्ष के लीडर बने रहे तो नरेंद्र मोदी को कोई नहीं हरा सकता। मोदी के लिए राहुल गांधी टीआरपी की तरह हैं। ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद में कार्यकर्ताओं को वर्चुअल बैठक के दौरान संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सागरदिघी उपचुनाव में टीएमसी की हार को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने उपचुनाव के दौरान आरएसएस-सीपीएम के साथ प्लानिंग की थी। वह बीजेपी के नंबर वन नेता हैं। बीजेपी ने राहुल गांधी को नेता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर





### कांग्रेस बोली : सावरकर समझा क्या, नाम राहुल गांधी है

**नई दिल्ली।** रेप पीड़ितों पर दिए बयान पर राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस की नोटिस पर मेल के जरिए 10 पॉइंट में 4 पेज का जवाब दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि क्या यह मेरी ओर से अडाणी पर दिए गए बयान की वजह से हो रहा है? मैंने बयान 45 दिन पहले दिया था, जिस पर अब अचानक नोटिस देने की क्या जरूरत पड़ गई? देश में अभी भी महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न हो रहा है। राहुल ने इस नोटिस पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए 8-10 दिन का समय मांगा है। वहीं, कांग्रेस ने ट्विटर पर लिखा, सावरकर समझा क्या...नाम- राहुल गांधी है। कांग्रेस के इस ट्वीट को रिट्वीट करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 'कृपया महान आत्मा वीर सावरकर का अपमान न करें। हाथ जोड़कर विनती कर रहा हूं।' ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा सांसदों से बहस

### राहुल ने अपने बयान पर दी सफाई

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने लंदन में दिए गए अपने बयानों को लेकर सफाई दी है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में इसको लेकर दावे किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने जी-20 की अध्यक्षता पर विदेश मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक में खुलकर इस मसले पर अपनी बात रखी। इस दौरान कई बार भाजपा सांसदों से राहुल गांधी की तीखी झड़प भी हुई। भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए उनके लंदन में दिए बयानों की तीखी आलोचना की। इसके बाद राहुल ने भी अपना बचाव किया। भारत में दूसरे देशों के हस्तक्षेप वाले कथित बयान को राहुल ने खारिज कर दिया। राहुल ने कहा कि उन्होंने इस मामले में किसी बाहरी देश को हस्तक्षेप के लिए नहीं कहा। किसी भी देश को हमारे देश के अंदर हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

**राहुल गांधी ने क्या-क्या कहा?** मीडिया रिपोर्ट्स ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हिंदुस्तान तो हिंदू राष्ट्र है ही : साक्षी महाराज

### कहाः अखिलेश और हेमंत एक जैसे, दोनों ने करप्शन को बढ़ावा दिया

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



श्री कृष्ण सत्संग शांति भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचन करने आए यूपी के उन्नाव से भाजपा सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने रविवार को बागेश्वर धाम सरकार के हिन्दू राष्ट्र की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के वक्त बंटवारे में जिन्ना और उनकी विचारधारा के लोगों ने अपने धर्म के अनुसार अलग देश पाकिस्तान बनाया। अब तो हिन्दुस्तान के रूप में हिन्दू राष्ट्र ही है। फिर हिन्दू राष्ट्र की मांग करना समझ से परे है। रामराज्य की तर्ज पर हर समुदाय को भारत में अपनी आजादी से अपने धर्म को मानने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। 2024 लोकसभा चुनाव के बाबत सांसद ने दावा किया कि भाजपा 350 से अधिक सीट जीतेगी। इसमें यूपी की सभी 80 और झारखंड की सभी 14 लोस सीट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के अखिलेश यादव और झारखंड के हेमंत सोरेन में कोई अंतर नहीं है। दोनों ने सत्ता में रहते हुए अपने-अपने राज्य में करप्शन को बढ़ावा दिया है।

## तपोवन मंदिर की कार्यकारिणी ही सारे फैसले करेगी : सारण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में किसी भी अन्य मंडल अथवा संस्था का कोई लेन-देन अथवा हस्तक्षेप नहीं है। तपोवन मंदिर की अपनी एक कार्यकारिणी है। यह कार्यकारिणी ही मंदिर के अंतर्गत सारे कार्यों का निर्णय लेती है। उसी अनुरूप सारे कार्य निष्पादित होते हैं। जो भी कार्य होने हैं, मंदिर के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ मिलकर ही होने हैं।

उक्त बातें श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट के महंत ओमप्रकाश सारण ने यहां जारी एक बयान में कही। उन्होंने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**विश्व गोरैया दिवस आज** | **पहले चिड़ियों की चहचहाहट से खुलती थी नींद**

# तरंगों के जाल से निकल बचाना होगा गोरैयों को!

**आनंद सिंह। रांची**

रांची से कोई 165 किलोमीटर दूर है मेरा घर, झुमरीतिलैया में। आज से 45 साल पहले तक मेरी नींद चिड़ियों की चहचहाहट से ही खुलती थी। कौवे की कांव-कांव तो बाद में सुनाई पड़ती थी। पहले चिड़ियों की चहचहाहट ही मेरे कानों तक आती थी। चिड़ियां भी कौन? पहले गोरैया और उसके बाद मैना। मैंने कभी चिड़ियों को चुग्गा नहीं चुगाया पर चिड़ियों ने मुझे वक्त पर उठने का पाबंद जरूर बना दिया। इधर हाल ही में घर गया था। दो माह पहले। नींद तो पांच बजे ही खुल गई लेकिन इस नींद के खुलने में, मेरे बिस्तर को छोड़ देने में चिड़ियों का, गोरैयों का, मैना का...कोई रोल नहीं था। दो दिन रहा मैं अपने घर पर। एक भी गोरैया नहीं दिखी। मैना भी नहीं। भाभी से पूछा कि क्या अब गोरैया नहीं आतीं। उन्होंने ना में सिर हिला दिया। आज उसी गोरैया का दिन है-विश्व गोरैया दिवस।



### प्राकृतिक उपहार

गोरैया प्राकृतिक उपहार है। इसे बचाना होगा। अब सिर्फ दाना-पानी रखने से काम नहीं चलेगा। टॉवर से जो पैसे मिलते हैं, उनका विकल्प भी खोजना पड़ेगा। कैसे और क्या होगा, ये देखना होगा। साइंटिफिकली यह साबित हो चुका है कि टॉवर से निकलने वाली तरंगें गोरैया जैसी नाज़ुक पक्षी के लिए बेहद घातक है। हमने एक गलत फैसला कर लियाः घर की छत पर टॉवर लगवाने का। अब उस फैसले को दुरुस्त करने का वक्त है। जितना जल्दी इसे दुरुस्त करेंगे, उतना फायदे में रहेंगे। अगर आप गोरैया की चहचहाहट से उठना चाहते हैं तो गोरैयों को बसाना पड़ेगा। फिर से नेचर की गोद में जाना पड़ेगा।

कभी सोचता हूं कि ये पंछी गए कहां? जवाब नहीं मिलता। ये झुमरीतिलैया में तो नहीं दिखतीं पर ये चंडीगढ़ के बगल में पंचकूला में बहुतायत में दिख जाती हैं। झुमरीतिलैया में क्यों नहीं दिखतीं? गोरखपुर में क्यों नहीं दिखतीं? क्योंकि यहां हर 20वें घर में किसी न किसी मोबाइल कंपनी का टॉवर लगा है। उस मोबाइल कंपनी के टॉवर ने, उनसे निकलने वाली तरंगों ने उन्हें वहां से भागने के लिए मजबूर कर दिया। हम लोग अपने घरों की छतों पर टॉवर लगवा तो लिए, इसके एवज में दो पैसे आ तो गए लेकिन इस नन्हीं सी, प्यारी सी चींचीं करने वाली चिड़िया को हमने खो दिया।

मेरे घर में पहले कई आम के पेड़ थे। अब तो दो ही बचे हैं। उन पेड़ों पर इन गोरैयों को उदकते-फुदकते मैंने देखा है। कुछ चिड़े व चिड़िया तो इतने ठीढ थे कि हमें खाना खाते देख हाथ पर आकर बैठ जाते थे। उन्हें चार दाना अन्न का मिल जाता तो वे फुर्र से उड़ जाते। कुछेक ने तो छत वाले कमरे के रोशनदान में अपना घोंसला बना रखा था। वहीं अंडे देतीं। उनमें से चूजा निकलता। फिर वो भी उड़ते। दिन में, सांझ की बेला में हमें गोरैया देखने को मिल जाती थी। अब नहीं मिलती।

### रचनात्मकता के नाम पर अश्लीलता बर्दाश्त नही : ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि रचनात्मकता के नाम पर दुर्व्यवहार और अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट बढ़ने की शिकायतों को लेकर सरकार गंभीर है। अगर इस बारे में नियमों में कोई बदलाव करने की जरूरत पड़ी तो मंत्रालय इससे पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि अश्लीलता और अपशब्दों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं के उत्पीड़न पर एक बयान दिया था। इसको लेकर ठाकुर ने कहा कि कुछ लोगों को कुछ भी कहकर खबरों में अपना नाम बनाए रखने की आदत हो गई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि यह गंभीर मुद्दा है।

## ईडी करेगी रिटायर्ड डीएसपी और दारोगा से आज पूछताछ

पंकज मिश्रा से जुड़ा है मामला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के साहिबगंज में हुए अवैध खनन से जुड़े घोटाले के मामले में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा के सहयोगियों की मुसीबत बढ़ने वाली है। सोमवार को रांची के ईडी जोनल कार्यालय में रिटायर्ड डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी और दरोगा प्रयाग दास से पूछताछ की जाएगी। दोनों को सोमवार की सुबह एजेंसी के दफ्तर में 11 बजे सुबह तलब किया जायेगा।

### क्या है पूरा मामला

झारखंड के साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन के जरिए हुई मनी लाउंड्रिंग केस में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत में रहने के




बावजूद मुलाकात करने वाले ईडी के राडार पर है। सोमवार को रांची के ईडी जोनल कार्यालय में रिटायर्ड डीएसपी और पूर्व में साहिबगंज में पोस्टेड रहे यज्ञनारायण तिवारी से पूछताछ की जाएगी। पहली बार समन जारी किए जाने पर यज्ञनारायण तिवारी ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ऐसे में ईडी ने उन्हें दुबारा समन भेजकर रांची जोनल आफिस में दिन के 11 बजे तलब करेगी। यज्ञनारायण तिवारी पहले समन पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पुराने कार्यालय में गंदगी का लगा अंबार

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड कार्यालय व पेयजलापूर्ति विभाग गंदगी के बीच रहकर स्वच्छता की अलख जगा रहा है। जहां राज्य सरकार से लेकर के केंद्र सरकार तक साफ-सफाई को लेकर जनता से लेकर के जनप्रतिनिधि और अधिकारियो तक सरकार स्वच्छता का पाठ पढ़ाते है वही दूसरी स्वच्छता अभियान को लेकर कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं। प्रखंड व पंचायत स्तर से टीम बनाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। डस्टबिन लगवाया जाता हैं। क्योंकि सफाई बहुत ही जरूरी है। क्योंकि जहां गंदगी का अंबार रहता है वह अनेकों प्रकार की बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। लेकिन दोनों कार्यालय के अधिकारी इससे अनजान है। जिम्मेदार खुद कचरे के ढेर पर बैठ कर गांवों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहे है। स्वच्छता व सफाई के प्रति बच्चों को जागरूक करने वाले खुद ही सफाई के महत्व से अनजान है।




बेड़ो पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर व पेयजलापूर्ति के गेट के समीप में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और गांवों में स्वच्छता का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। परिसर व गेट में फैली गंदगी, बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है।और स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि अनजान बनकर बैठे है। एक तरफ पदाधिकारी कहते हैं कि डबल टंकी वाला सोख्ता शौचालय ही मान्य है। जनप्रतिनिधि व अधिकारी मंच से ऐलान करते हैं कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों का विकास किया जायेगा। बात वही है कि जिसका अपना घर गंदगी से भरा हो वह पूरे शहर की सफाई के दावे करे तो कैसा लगेगा। इसकी कितनी सफाई हो रही है। इसकी तस्वीरें खुद बोल रही है कि कैसा स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है। वहीं बेड़ो में घर-घर जल सप्लाई करने वाली पानी टंकी की हालत जर्जर हो चुकी है। ध्यान नहीं देने से इनकी स्थिति दिनोंदिन बिगड़ते जा रही है। ज्ञात हो कि चार दशक पूर्व स्वच्छ जल के लिए बेड़ो में पानी टंकी का निर्माण किया गया था। लेकिन वर्तमान में टंकी के जर्जर हो गया है। पानी टंकी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। साथ ही बगल में लिप्ट्स का सूखा पेड़ जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणो द्वारा अधिकारियों को इस संदर्भ में बतलाया गया है।लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

## झारखंड की सात बेटियां भारतीय को जिताने में लगाएंगी दम

**रांची।** 18 से 29 मार्च से बीएसएस.एम के स्टेडियम ढाका (बांग्लादेश) में हो रही सैफ अंडर 17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्वाधान में भारतीय महिला 20 सदस्यीय अंडर 17 फुटबॉल टीम का गठन किया गया जिसमें झारखंड से 7 बालिका फुटबॉलरो शिवानी टोप्पो, साउलिना डांग,विकसीत बाड़ा, अनीसा उरांव, बबिता कुमारी, निशिमा कुमारी, ललीता बॉयपाई का चयन अंतिम रुप से किया गया है। सभी खिलाड़ी ढाका पहुंच चूके है। अपने साथी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए पूरे राज्य के सभी आवासीय एवम डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र समेत राज्य के विभिन्न संस्थानों में मनोबल बढ़ाने के लिए विडियो क्लिप,वॉइस मैसेज, स्लोगल, गीत,संगीत आदि के माध्यम से उत्प्रेरित कर रहे हैं। राज्य समेत भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को खेल मंत्री हफीजूल हसन, सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा, उपनिदेशक साझा देव शंकर दास, देवेन्द्र सिंह, राज्य के प्रशिक्षण केंद्र के कोच समेत खिलाड़ियों ने शुभकामना दी।

# लोक कलाकार संघ का प्रतिनिधि मंडल आज मिलेगा मुख्यमंत्री से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड लोक कलाकार संघ के प्रतिनिधिमंडल से मिलने का आग्रह को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मिलने हेतु बुलाया गया। श्री प्रभात कुमार महतो अंतर्राष्ट्रीय छऊ नृत्य कलाकार सचिव झारखंड लोक कलाकार संघ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद विधान सभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात की। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री महोदय को झारखंड लोक कलाकार संघ की ओर से मां सरस्वती का छौ मुखौटा और मांदर सप्रेम भेंट दिया गया। मुख्यमंत्री को पहला आवेदन मे पश्चिम बंगाल के तर्ज पर झारखंड के लोक कलाकारों को मासिक भत्ता तथा पहचान पत्र देने ,सरकार के अन्य विभागों की भांति प्रत्येक जिला में जिला



संस्कृति पदाधिकारी प्रखंड में प्रखंड संस्कृति पदाधिकारी तथा पंचायत संस्कृति मित्र बहाल करने हेतु आवश्यक करवाई से संबंधित आवेदन समर्पित कर आग्रह किया गया तथा दूसरा पत्र में कला संस्कृति विभाग की विभिन्न योजनाए जो वार्षिक कार्य योजना में तो है लेकिन संचालित नहीं है जैसे राज्य के वृद्ध एवं अस्वस्थ कलाकारों को मासिक पेंशन देने की योजना है लेकिन इस योजना का भी लाभ अभी तक एक भी कलाकार को नहीं मिला है। सुबह सवेरे एवं शनिपरब योजना जो राज्य के कलाकारों के लिए एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो प्रत्येक जिला मुख्यालय में प्रत्येक शनिवार को सुबह में सुबह सवेरे तथा शाम में शनिपरब का कार्यक्रम पूर्व में हो रहा था जो वर्ष 2019 से बिल्कुल बंद है इस योजना के तहत प्रत्येक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को जहां पूरे राज्य में लगभग 200 कला दलों के लगभग 4000 कलाकारो के द्वारा विभिन्न कला विधा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होती थी जो बिल्कुल बंद है , यथाशीघ्र शुरू कराने से संबंधित मांग पत्र दिया गया।

# अब रिम्स में भी हो सकेगा एचउएन 2 संक्रमण की जांच, मिले दो सौ कीट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में एच3एन2 संक्रमण के मरीज मिलने के बाद से स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गयी है। अब रिम्स में भी इस संक्रमण के मरीजों की जांच के लिए सैंपल लिए जा सकेंगे। रिम्स को ऐसे दो सौ मरीजों की जांच के लिए सैंपल कलेक्शन किट मिल गया है। अब यहां भी सैंपल कलेक्शन हो सकेगा। यहीं जांच भी हो जाएगी। हालांकि जांच किट मिलने के बाद भी रिम्स में जांच शुरू हुई हो सकी है। शनिवार को 20 से अधिक संभावित मरीज पहुंचे, लेकिन सभी को ओपीडी से दवा दे कर भेजा गया। एक सप्ताह में केवल एक मरीज का सैंपल लिया गया। खतरे




की बढ़ती आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव की ओर से सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वहीं जिलों के अस्पतालों को भी अलर्ट मोड में रहने को कहा है। वहीं राजधानी रांची की बात करें तो यहां रिम्स और सदर अस्पताल पूरी तरह से तैयार है। मिली जानकारी के अनुसार खतरे की आशंका को देखते हुए रिम्स में 24 और सदर अस्पताल रांची में 20 बेड सुरक्षित रखे गए हैं। रांची सदर अस्पताल के नए भवन में 20 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। यहां ऑक्सीजन, वेंटिलेटर,

**खतरे की बढ़ती आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव की ओर से सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं**

एचएफएनसी आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं रिम्स प्रबंधन के मुताबिक आइसोलेशन वार्ड में 24 बेड सुरक्षित रखे गए हैं। राज्य में एच3एन2 संक्रमण का पहला मरीज जमशेदपुर में मिला है। जमशेदपुर के साकची की महिला रहने वाली है। उनकी उम्र 68 साल है। डॉक्टरों के मुताबिक उसका फेफड़ा 35% से अधिक खराब हो चुका है। वह टीएमएच में भर्ती है। इस महिला को 13 मार्च से बुखार, खांसी और सांस फूलने की समस्या हो रही थी। 16 मार्च को टीएमएच में भर्ती कराया गया था, जहां से सैंपल जांच के लिए भेजा गया था। सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी ने कहा कि संभावित लक्षण वाले छह मरीजों के सैंपल जांच के लिए माइक्रो वायरोलॉजी लैब में भेजे गए थे। इनमें महिला मरीज में वायरस की पुष्टि हुई। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद परिवार के चार अन्य सदस्यों को भी जिला सर्विलांस विभाग ने घर में आइसोलेट कर दिया है। उनके सैंपल भी लिए गए हैं। इनमें से दो लोगों को हल्की सर्दी-खांसी है। पीड़ित महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

## राजद की राज्य कार्यकारिणी की बैठक 20 मार्च को

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देश पर राज्य कार्यकारिणी की बैठक 20 मार्च को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गयी है। प्रदेश राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि बैठक में झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी के सभी प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकारिणी के सदस्य, सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, सभी जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान में तेजी लाने और झारखंड में पंचायत से प्रदेश तक संगठन को मजबूत बनाने पर विचार विमर्श होगा।

# अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस पर कार्यक्रम 20 से 22 तक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2023 के अवसर पर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 से 22 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन पलाश सभागार स्थल वन भवन, डोरंडा में होगा। इस आयोजन में प्रकृति, वनों पर आधारित रोजगार के लिए लघु वन पदार्थ से बने सामान के स्टॉल लगाया जायेगा। वहीं, शहद, लाह के बने सामान, तस्सर के बने सामान, महुआ से बने सामान, चिरौंजी, औषधीय पौधे का प्रदर्श एवं बिक्री होगी। ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैम्प में कला के माध्यम से वनों के संरक्षण के प्रचार-प्रसार के लिए किया जाएगा। इसमें झारखण्ड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश के कलाकारों की भागीदारी होगी। 21 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर वनों के सत्वर्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर 40 वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विश्व जल दिवस के अवसर पर वनों में जल संचयन तथा वनों की सुरक्षा करने वाले 25 वन सुरक्षा समिति के सदस्यों को सम्मान किया जाएगा। ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैम्प का समापन तथा सीनियर कलाकार को सम्मानित किया जाएगा।

# पंच परगना सुंडी समाज की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रविवार को पंच परगना सुंडी संघ झारखंड की पहली बैठक सुंडी समाज का आन, बान, शान और सम्मान के रक्षा के लिए रांची सर्कुलर रोड स्थित अप्सरा होटल के अशोक अंजली ट्रस्ट भवन के सभागार में पूर्वाहन 11 बजे से सुंडी समाज के वरीय समाजसेवी बीरेंद्र साहु की आह्वान में हुई, जिस बैठक की अध्यक्षता जाने माने समाजसेवी गौरीशंकर साहु ने किया। इस बैठक में पंच परगना क्षेत्र सिमाना के करीब हर गांव के प्रतिनिधि पहली बैठक में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी निभाई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सुंडी समाज की पंच परगना क्षेत्र को संगठित कर हमारी पहचान को बनाने के लिए बैठक करना बहुत ही जरूरी हो गया है, जिसके लिए पंच परगना सुंडी संघ झारखंड की एक समन्वय समिति बनाई गई है। समन्वय समिति में समाजसेवी अशोक साहु (अंजली ट्रस्ट) को संरक्षक, बीरेंद्र साहु को कार्यक्रम संयोजक, संयोजक समिति के स्थाई सदस्य गौरीशंकर साहु बसंतपुर, संतोष साहु सिंदरी, प्रदीप कुमार बंसिया, संतोष साहु बसंतपुर, राधेश्याम साहु सिल्ली, को शामिल किया गया है। इसके साथ ही एक कोर कमेटी गठित किया गया




है जिसमें राजन साहु, संजय साहु, अजीत साहु, बलराम साहु, सिद्धार्थ साहु, कृष्णा मुरारी साहु, प्रदीप साहू, अंकित कुमार भगत, ब्रजेश साहु, उपेन्द्र कुमार साहु, अविनाश साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, संतन कुमार साहु, संजय भगत, सुधीर कुमार साहु, संतोष साहु, राधेश्याम साहु, बीरेंद्र साहु को बनाया गया है। बैठक में गौरीशंकर साहु जी की अध्यक्षता में उपस्थित सक्रीय लोगों में मुख्य रूप से बीरेंद्र साहु, पुलकित कुमार भगत, संतन कुमार साहु, अंकित भगत, ओम प्रकाश गुप्ता, संतोष कुमार साहु, प्रदीप कुमार, अजीत कुमार साहु, राधेश्याम साहु , संजय कुमार भगत, उपेन्द्र कुमार, राजीव रंजन, अविनाश कुमार, सुधीर कुमार साहु, प्रदीप कुमार साहु, राजन साहु, बलराम साहु, सिद्धार्थ कुमार साहु, संतोष कुमार साहु, कृष्णा मुरारी साहु, ब्रजेश कुमार, अरुण कुमार साहु, नीलकंठ साहु, बिनोद साहु, मनोज कुमार साहु, संजय साहु को बनाया गया है। पंच परगना सुंडी संघ झारखंड की दूसरी बैठक खूंटी जिला मुख्यालय के पूर्व अड़की प्रखंड के सिंदरी में दिनाक 26 मार्च दिन रविवार को पूर्वाह्न 11बजे से रखी गई है। इस बैठक में पंच परगना सुंडी समाज की दशा एवम दिशा पर चर्चा करेंगे और पूरे पांच परगना क्षेत्र के सुंडी गांव का क्रमश बारी बारी से दिन तारिख तय कर दौरा किया जायेगा।

## झारखंड राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण पहुंचे रांची

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) झारखंड, संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति बनाने में जुट गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देश पर 20 मार्च को राज्य कार्यकारिणी की बैठक पार्टी मुख्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में शामिल होने के लिए रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड राजद के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा हवाईअड्डा पर राजद नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्यरूप से युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, युवा राजद के प्रवक्ता मंतोष यादव,राजद प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, छत्तरपुर के पूर्व प्रत्याशी विजय राम, सोशल मीडिया प्रभारी अंजल किशोर सिंह,रवि यादव, मुकुंद कुमार सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहें।

# झाप्रसे के अधिकारी की दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारी अजय कुमार खलखो को संचयात्मक प्रभाव से उनकी दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अरुण कुमार खलखो पर कोडरमा में अवर निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर रहते हुए कई गंभीर आरोप लगे थे। वर्ष 2016 में ही वहां के उपायुक्त ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी। उनकी रिपोर्ट में यह बात सामने आयी थी कि अपने कार्यकाल में अजय कुमार खलखो बिना सूचना के लंबी अवधि तक अनुपस्थित रहने के बाद जिला मुख्यालय में योगदान दिया। वे कार्यालय में शराब पीकर भी आये। मामले में उन्हें निलंबित




भी किया गया था। हालांकि, अमित कुमार खलखो ने जवाब दिया कि उनकी सास बीमार थी इस कारण वे काफी मानसिक रूप से तनाव में थे। बाद में उनकी मृत्यु हो गई। श्राद्धकर्म में व्यस्त रहने की वजह से भी कार्यालय नहीं आ पाए। साथ ही दो साल से वेतन नहीं मिलने की वजह से मानसिक रूप से परेशान हुए। पूरे मामले पर कार्मिक विभाग ने समीक्षा किया और निलंबन मुक्त करते हुए संचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी।

**अजय कुमार खलखो बिना सूचना के लंबी अवधि तक अनुपस्थित रहने के बाद योगदान दिया**

**सफलता** एप्टीट्यूड टेस्ट इन कृषि विवि के दूसरे बैच के छह छात्रों को गेट परीक्षा में मिली सफलता

# अखिल भारतीय स्तर की रैंकिंग में केवल वत्स सेकंड टॉपर रहे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर ने 16 मार्च को ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट पर ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। देश में स्नातकोत्तर इंजीनियरिंग शिक्षा (पोस्ट ग्रेजुएट) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 11 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के दूसरे बैच (वर्ष 2019-20) के छात्र केवल वत्स ने अखिल भारतीय स्तर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। इनके अलावा महाविद्यालय के 5 अन्य छात्र-छात्राओं ने भी गेट 2023 परीक्षा को क्वालीफाई किया है। 5 सफल छात्रों में से अखिल भारतीय स्तर रैंकिंग में रुपाली गुप्ता को 27 वां, गौरव कुमार अग्रवाल को 68 वां, पूजा कुमारी को 78 वां, हृतिक राज को 182 वां एवं कुमार आदित्य राज को 388 वां अखिल भारतीय स्तर रैंकिंग प्राप्त हुआ है। इस परीक्षा में हासिल गेट स्कोर तीन वर्षों तक मान्य होगा। गेट स्कोर हासिल करने वाले कृषि अभियंत्रण के छात्रों को आईआईटी, खड़गपुर, एनआईटी राउरकेला, एनआईटीआईई मुम्बई, आईआईटी, दिल्ली, आईआईएससी बैंगलोर के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में नामांकन का अवसर मिलेगा। बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने गेट 2023 परीक्षा में केवल वत्स को द्वितीय रैंक मिलने और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाने पर खुशी जताई है। कुलपति ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। जिसका परिणाम देखने को मिला है। विभिन्न संकायों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का मान एवं गौरव बढ़ा रहें है। छात्रों की इस कामयाबी के लिए डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही, कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा, डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल, एसोसिएट डीन (कृषि अभियंत्रण) ई डीके रुसिया, महाविद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज डॉ. उत्तम कुमार सहित सभी शिक्षकों ने भी शुभकामनाएं दी है।

## आईसीएआर की चार सदस्यीय दल ने चना फसल शोध कार्यक्रमों की समीक्षा की

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय अनुसंधान अधीन आनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग में कार्यरत आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान चना फसल परियोजना के अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन एवं समीक्षा कार्य चार सदस्यीय आईसीएआर रिव्यु कमिटी ने पूरी की। आईसीएआर, नई दिल्ली द्वारा डॉ. (श्रीमती) रितु सक्सेना, मुख्य वैज्ञानिक (पौध प्रजनक), इंदिरा गांधी कृषि विवि, रायपुर के नेतृत्व में गठित इस दल में डॉ. जीपी बंजारा, मुख्य वैज्ञानिक (शस्य विज्ञान), रायपुर, डॉ संजीव कुमार, मुख्य वैज्ञानिक (पौध



प्रजनक), जम्मू एवं डॉ. मो. हिदायततुल्ला, शस्य वैज्ञानिक, कल्याणी शामिल थे। दल ने आनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग के शोध फार्म के करीब 5 एकड़ भूमि में लगे चना फसल के कुल 21 प्रायोगिक प्रक्षेत्रों के स्टेशन ट्रायल, ब्रीडिंग ट्रायल एवं कोऑर्डिनेटेड ट्रायल के अलावा करीब 1.5 एकड़ भूमि में बीएयू द्वारा विकसित बिरसा चना -3 के प्रजनक बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का अवलोकन किया। मौके पर परियोजना अन्वेषक डॉ कमलेश कुमार ने रिव्यु टीम को चना फसल आधारित चलाये जा रहें शोध गतिविधियों से अवगत कराया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों एवं भावी शोध कार्यक्रमों की जानकारी दी। आईसीएआर रिव्यु टीम ने बीएयू के निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह से मुलाकात कर परियोजना अधीन चना फसल पर चलाये जा रहें विभिन्न प्रायोगिक ट्रायल, क्रासिंग प्रोग्राम एवं प्रजनक बीज उत्पादन के सबंध में विस्तार से चर्चा की। प्रायोगिक प्रक्षेत्रों में फसल प्रदर्शन पर संतोष जाहिर की और शोध कार्यो की सराहना की। टीम लीडर डॉ (श्रीमती) रितु सक्सेना ने बताया कि चना फसल में उकठा (विल्ट) रोग का प्रकोप देखा गया। शोध कार्यक्रम में चना फसल पर उकठा एवं अन्य रोग रोधी किस्मों को प्राथमिकता देनी होगी।

## चोरी के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची। सोनाहातू/ बुंडू।** पुलिस ने चोरी के आरोप में दो युवकों को छापामारी कर किया गिरफ्तार। शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि 16 मार्च को पशु चिकित्सक सोनाहातू ने एक लिखित आवेदन थाना में दिया था। जिसमें 15 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पशु चिकित्सालय कार्यालय में ताला तोड़कर मोटर साईकिल चोरी किया था। वरीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में इंस्पेक्टर रमेश कुमार,थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम की टीम ने कई जगहों पर छापामारी की गयी थी। 15 मार्च को शक के आधार पर टापाई दत्ता उर्फ आदित्य दत्ता को पूछताछ के लिये थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान टापाई दत्ता उर्फ आदित्य दत्ता ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बयान में बताया की सुभाष कुमार महतो के साथ मिलकर सोनाहातू पशु चिकित्सालय के कार्यालय में ताला तोड़ कर मोटर साईकिल चोरी को अंजाम दिया था।

# क्रॉस कंट्री दौड़ में सोनम और सुशांति ने जीते गोल्ड मेडल



**पांच किमी दौड़ के परिणाम**
पहला स्थान : सुशांति कुमारी
दूसरा स्थान : ताशु तिग्गा
तीसरा स्थान : नीता कुमारी
तीन किमी दौड़ के परिणाम
पहला स्थान : सोनम कुमारी
दूसरा स्थान : चिंतामणि कुजूर
तीसरा स्थान : संजना कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय खेल प्राधिकरण एवं झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को होटवार के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम के मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। खेलो इंडिया 10 का दम के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 18 वर्ष से कम की महिलाओं के लिए तीन किलोमीटर और 18 साल से ऊपर की महिलाओं के लिए पांच किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित किया गया। तीन किमी दौड़ में सोनम कुमारी ने और पांच किमी की दौड़ में सुशांति कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। पांच किलोमीटर स्पर्धा में 11 और तीन किलोमीटर स्पर्धा में 143 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आम महिलाओं की भागीदारी नहीं दिखी। ज्यादातर प्रतिभागी जेएसएसपीएस कि प्रशिक्षु थे। हालांकि, ओरमांझी, मांडर और कुछ ग्रामीण इलाकों से बालिका खिलाड़ी ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी दिया गया।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि कांके विधायक समरी लाल, डॉ मधुकांत पाठक, सतेंद्र सिंह, शिवेंदु दूबे, शिव कुमार पांडेय, प्रभाकर वर्मा, राम प्रसाद, संतोष कुमार, लक्ष्मण राम, श्याम कुमार ,विकाश कुमार, एमवी राव, धर्मेंद्र पासवान, शिव रमन, अग्नि मधुकांत पाठक, विनोद कुमार, एस के दत्ता, जेएसएसपीएस के प्रशिक्षक मौजूद थे।

## मुक्ति संस्था ने 42 लावारिस शवों का किया दाह संस्कार

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 42 अज्ञात शवों का सामूहिक दाह संस्कार किया। संस्था के सभी सदस्य रिम्स के शीत शव गृह से शव की पैकिंग कर जुमार नदी के तट पर ले गए। यहां सामूहिक चीता सजा कर विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी शवों को मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि मुक्ति संस्था की ओर से अबतक कुल 1534 अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर रवि अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, राजेश विजयवर्गीय, आशीष भाटिया,परमजीत सिंह टिंकू, संदीप कुमार,अमित किशोर,गौरीशंकर शर्मा,संजय गोयल, आर के गांधी, हरीश नागपाल, सीताराम कौशिक, सुनील अग्रवाल, अंकुर जैन, नवीन मित्तल, पंकज खिरवाल, आशुतोष अग्रवाल,राहुल जायसवाल, संदीप पपनेजा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पहली बार सत्ता पक्ष बाधित कर रहा है संसद : विनय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया , जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह राज्यसभा सांसद विनय विश्वम, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक , राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य एके रशीदी, स्वयंवर पासवान एवं अजय सिंह उपस्थित थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्यसभा सांसद विनोय विश्वम ने कहा कि देश की इतिहास में पहली बार देश के पार्लियामेंट को सत्ता पक्ष बीजेपी के द्वारा नहीं चलने दिया जा रहा है। सत्तापक्ष के द्वारा जन मुद्दों से लोगों को ध्यान भटकाने के लिए पार्लियामेंट में राहुल प्रकरण पर लगातार चर्चा हो रहा है, जबकि



देश में महंगाई, बेरोजगारी, अडानी, सांप्रदायिक घटना पर चर्चा होनी चाहिए थी। अडानी प्रकरण पर चर्चा नहीं करा कर मोदी की सरकार राहुल गांधी पर चर्चा कर रही है। माफी मांगने का दबाव बना रही है, जबकि देश के प्रधानमंत्री अमेरिका में अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगाकर ट्रंप का प्रचार करने के लिए गए थे। इस तरह से दुनिया की कई देशों में जाकर खुद प्रधानमंत्री गैर संवैधानिक तरीके से अपनी बातों पर रखा। उस पर सफाई देने के बजाय पार्लियामेंट को बाधित करने की कोशिश जारी है। देश के सारे राष्ट्रीय संपदाओं को अडानी और अंबानी के हवाले किया जा रहा है। देश त्राहि त्राहि कर रहा है। आम जनता की क्रय क्षमता समाप्त हो चुकी है। महंगाई से आम जनता परेशान है। उसके बगैर बहस पार्लियामेंट में कराए पार्लियामेंट को बाधित करने की प्रयास जारी है।

# स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जरूरतों में सुधार होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रखंड के बूढ़ाबेहरा गांव के बेलटोला में बुढाआम जॉन के आजसू पार्टी चूल्हा प्रमुखों एवं ग्राम प्रभारीयों का एकदिवसीय सम्मेलन शिनवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू सुप्रीमो सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए सभी को शिक्षा के प्रति अग्रसर होने की आवश्यकता है। शिक्षा ही समाज के विकास का मूल आधार है। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करें। इससे समाज भी विकास के पथ पर अग्रसर होने लगेगा। जब तक हम शिक्षित नहीं होंगे, तब तक हमारा समाज का विकास किसी भी मायने में सही तरीके से नहीं हो सकता है। शिक्षा को समाज का दर्पण मानकर इस क्षेत्र में समाज को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। शिक्षा, पानी व स्वास्थ्य जैसे मूलभूत जरूरतों में सुधार के लिए आजसू कटिबंध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी सुविधा पंचायत एवं प्रखंड स्तर में आधारभूत संरचनाओं का पूरा करते हुए स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जा रही है। आप सभी का दायित्व है कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे। सम्मेलन की अध्यक्षता नागेडीह पंचायत मुखिया रेखा देवी एवं संचालन पुर्व मुखिया वरुण मांझी व त्रिलोचन महतो ने की। मौके



पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखण्ड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, उप मुखिया सुनीता देवी, पसस अंजना देवी, पूर्व उप मुखिया जगदीश चंद्र महतो, पूर्व मुखिया डबलु महली, शिव शंकर प्रसाद, योगेश्वर महतो, गयाराम महतो, सुभाष महतो, नंद किशोर महतो, अजित महतो, हारून अंसारी, रजोली अंसारी, तरुण महतो, रवीन्द्र नाथ महतो, प्रमिला देवी, जयन्ती देवी, कलावती देवी, मंदोदरी देवी, लीलावती देवी, रजौली मोमिन, परेश महतो, शिवप्रसाद मंडल, सत्यनारायण मुंडा, बुधराम सिंह घटवार, श्रीधर महतो,पार्टी के ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड में कोरोना के मिले तीन मरीज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में करोना के तीन मरीज मिले हैं। रांची में दो और देवघर जिले में एक मरीज में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। रांची में 24 साल के एक युवक और 51 साल की महिला में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं एक देवघर के मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है। तीनों मरीजों में लक्षण मिलने के बाद रांची रिम्स में सैंपल की जांच हुई थी। तीनों की टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इससे पहले भी 14 मार्च को रांची में दो मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। दोनों मरीज एक ही परिवार के थे।



शनिवार को संक्रमण से 86 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक जमशेदपुर का रहने वाला था। वह कई बीमारियों से ग्रसित था। उसका टीएमएच हॉस्पिटल जमशेदपुर में इलाज चल रहा था। ऐसा लगता है कि अभी कोरोना कुछ अंश बाकी है जो घूम-घूमकर लोगों को ग्रसित करता आ रहा है।



## NEWS इन ब्रीफ

### महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** नगड़ी ओपी क्षेत्र के धुर्वा डैम से पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। रविवार को स्थानीय लोगों ने डैम में शव होने की सूचना पुलिस को दी। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव को फेंक दिया गया है ।महिला के शरीर पर कई जख्म के निशान मिले हैं। हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है और महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### गणगौर उत्सव 21 मार्च का

**रांची।** जेसीआई रांची की महिला विंग 21 मार्च को गणगौर उत्सव धूमधाम से मनायेगा। गणगौर उत्सव मोरहाबादी मैदान स्थित संगम गार्डन में दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक मनाया जाएगा। महिला विंग की चेयरपर्सन अमिता केडिया, सचिव स्मिता खेमका और प्रोजेक्ट संयोजक शोभा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में नृत्य नाटिका के माध्यम से हम गणगौर उत्सव क्यों मनाते हैं, कैसे मनाते हैं और उसकी क्या मान्यता है, इसकी जानकारी दी जाएगी।

### रांची में पहली बार मैराथन 26 को

**रांची।** सीसीएल की मेजबानी में कोल इंडिया मैराथन का आयोजन 26 मार्च को रांची में होगा। पहली बार है, जब रांची में फुल मैराथन आयोजित हो रहा है। यह जानकारी सीसीएल के सभागार में रविवार को निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि मैराथन में भाग लेने के लिए अब तक 2000 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। सबसे लंबी दूरी (फुल मैराथन) में 400 प्रतिभागी और महिलाओं में 400 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 24 मार्च शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन होगा। उन्होंने बताया कि मैराथन चार वर्गों में आयोजित होगा। फुल मैराथन (42.195 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) के अलावा 10 और पांच किलोमीटर के इवेंट होंगे। फुल मैराथन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी से शुरू होगी।

### बीएड शिक्षक संघ ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय-विश्वविद्यालय बीएड शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को जमशेदपुर विधायक सरयू राय, धनबाद विधायक राज सिन्हा और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संघ के मीडिया प्रभारी डॉ दीपक प्रसाद ने बताया कि संघ की लंबित मांगों पर सभी विधायकों का फिर से ध्यान आकृष्ट कराया गया। शिक्षकों के नियमित्तीकरण, वेतन सुधार एवं एकरूपता लाने, सेवा शर्त नियमावली बनाने सहित अन्य मांगों पर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया। साथ ही संघ ने विधानसभा में बीएड शिक्षकों के मुद्दों को उठाने के लिए विधायक प्रदीप यादव और अनंत ओझा के आवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया।

### मसियातु में 24 घंटा अखंड हरिकीर्तन का हुआ आयोजन

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के मसियातु गांव में शनिवार को कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अखंड हरि कीर्तन में मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजुर भी शामिल हुई। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अखंड हरि कीर्तन के आयोजन से लोगों में आस्था बढ़ती है। लोगों के मन को शांति भी मिलती है। उन्होंने कहा कि अखंड हरि कीर्तन होने से अध्यात्मिक चेतना भी जगती है।

# वेटलिफ्टिंग का चुनाव हुआ सम्पन्न




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार को झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन मोरहाबादी कार्यालय में झारखंड वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न हो गया। इस चुनाव में झारखंड के विभिन्न अठारह जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। चुनाव की पूरी प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट ऋतुराज की देखरेख में सम्पन्न हुई। इस दौरान इंडियन वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के रूप में श्री अरुण कुमार केसरी (बिहार) मौजूद थे जबकि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के रूप में श्री एस के पांडे मौजूद थे।आज हुए इस चुनाव में सत्र 2023-27 के लिये पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किये गए।
झारखंड वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सत्र 2023 2027 के निम्न पदाधिकारी निर्वाचित किये गए:- प्रेसिडेंट- श्री आर के आनंद, वाईस प्रेसिडेंट- शिवेंद्र नाथ दुबे, उदय साहू,निरंजन शर्मा,बिपिन कुमार सिंह,रूपेश साहू,राजकुमार सिंह, सेक्रेटरी- अनिल कुमार जयसवाल, ट्रेजरर- दीपक गोप, जॉइंट सेक्रेटरी- सुजाता भकत, राजकुमार जैन, प्रणव कुमार चौधरी, रणवीर सिंह,पलबिन्दर सिंह,सुचेता चटर्जी, एग्जीक्यूटिव मेंबर-महेंद्र सिंह, सुदित कुमार सिंह,जितेंद्र महतो,चंद्र बहादुर सिंह,हर्षवर्धन, निशा कुमारी, राकेश कुमार सिंह बने। झारखंड वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डॉ मधुकांत पाठक, सुरेश कुमार सिंह, सीडी सिंह, संजेश मोहन ठाकुर, शशिकांत पाठक ,आलोक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### सांसद दीपक प्र. ने डॉ. अम्बेडकर की भूमि को किया नमन

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश रविवार को अपने प्रवास के क्रम में मध्यप्रदेश के महू (इंदौर) स्थित भीम जन्मभूमि का दर्शन किया। इस अवसर पर प्रकाश को जन्मभूमि के ट्रस्टी ने सम्मानित भी किया। दीपक प्रकाश ने कहा कि महू की पवित्र धरती को मैं सादर प्रणाम, नमन करता हूं, जिसने देश को एक महान राष्ट्रभक्त नेता, समाज सुधारक, संविधान निमार्ता और दलितों का मसीहा दिया। प्रकाश ने कहा कि जिस विषम परिस्थितियों में बाबा साहब ने अपनी जीवन यात्रा प्रारंभ करके जीवन की ऊंचाइयों को छुआ वह राष्ट्र और समाज के लिए प्रेरित करने वाला है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में जो सम्मान डॉ भीमराव अंबेडकर को मिलना चाहिए था वह लंबी प्रतीक्षा के बाद एनडीए सरकार में ही मिल सका। चाहे भारत रत्न दिए जाने की बात हो यह फिर बाबा साहब से जुड़े पांच स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया जाना।

# बेल्ट वितरण समारोह में खिलाड़ी हुए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड जीत कुने डो के तत्वावधान में बेल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 93 प्रशिक्षुओं को कलर बेल्ट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट पूर्व डेप्युटी मेअर श्री अजय नाथ शाहदेव थे। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अब्दुल कादिर संस्था के महासचिव बिस्वजीत कर्माकर अन्य अतिथियों में तौहीद आलम तथा शैलेंद्र कुमार मित्रा एवं अभिभावक उपस्थित थे। ज्ञात है कि 5 फरवरी में आयोजीत जीत कुने डो ग्रेडिंग में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को रविवार को बेल्ट व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### ककरिया में प्रकृति पर्व सरहुल शोभा यात्रा

लापुंग । लापुंग प्रखंड के ककरिया में सरहुल शोभायात्रा सह मिलन समारोह के दौरान मांदर की थाप पर संस्कृति थिरक उठी और परंपरा नाच उठा। पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा सह मिलन समारोह के दौरान जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि संपूर्ण विश्व का जीवन प्रकृति पर निर्भर है। जब तक प्रकृति है तब तक हमारा जीवन भी सुरक्षित है। लोग बेतहाशा जंगलों की कटाई बंद करें और प्रकृति की रक्षा करें तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी।

# व्रजपात से एक युवक समेत दो गायों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी**
प्रखंड के गगारी में व्रजपात से एक युवक व सदमा के बहेरा टोला में दो गायों की मौत हो गयी। ओरमांझी थाना क्षेत्र के बड़ागगारी निवासी कमल बेदिया का पुत्र धनंजय बेदिया 15 बर्ष अपने खेत के पास बधे गाय को लाने गया था तभी लगभग दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब अचानक बारिश के साथ व्रजपात हुआ। जिसके चपेट में आने से युवक बुरी तरह से घायल हो कर गिर गया चुकी वारिस हो रही थी जिसके वजह से घटना के आधा घंटा बाद गांव के लोग उसे देखे तब तक उसकी मौत उक्त स्थल पर हो गयी थी रविवार को ओरमांझी पुलिस ने शव को रिम्स लेजाकर पोस्ट मार्टम करा परिजनों को सौंपा जिसका अन्तिम संस्कार परिजनों ने किया। मृतक युवक शहीद टिकैत उमराव सिंह उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटगा मे छठा कच्छा में पढ़ाई करता था, वहीं घटना की जानकारी होते ही सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया सहित कई गह ने गहरा दुःख व्यक्त किया और उन्हें ढांढस बंधाया साथ ही घटना की जानकारी अंचलाधिकारी विजय केरकेट्टा को दी और परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की गयी है। वहीं दूसरी ओर सदमा पंचायत के बहेरा टोला निवासी पंचू मुण्डा के दो गायों की भी मौत शनिवार को व्रजपात से हुई मौत पर पंचू मुण्डा ने बताया उनकी आमदनी का यह बहुत बड़ा सहारा था।

### सिल्ली थाना परिसर में लाभुकों के साथ की गयी बैठक आयोजित

**सिल्ली।** शनिवार के दिन सिल्ली थाना परिसर में लगभग पाँच सौ आवास विभिन्न अवस्था में पेंडिंग पड़े हुए हैं। विगत पिछले एक वर्ष से विभाग द्वारा नए आवास का टारगेट नहीं दिया गया है एवं 30 मार्च तक सभी पेंडिंग आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी साथ ही साथ राशि वसूली की कार्रवाई प्रारंभ किया जाएगा। ज्ञात हो कि सिल्ली प्रखंड में लगभग 500 आवास पेंडिंग है उसे पूर्ण कराने हेतु कल शनिवार को थाना परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अधूरा पडे आवास के लाभुकों को थाना बुलाया गया और जल्द से जल्द 30 मार्च तक आवास निर्माण को पूरा करने का आदेश दिया गया साथ ही लापरवाही बरतने वाले लाभुकों को फटकार लगाई ।

# भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा रांची महानगर जिला का तृतीय कार्यसमिति बैठक का आयोजन पर्यटक बिहार कांके रोड रांची में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची महानगर जिला अध्यक्ष राम लगन राम एवं संचालन मोर्चा के जिला महामंत्री विनोद राजन ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप कांके विधायक समरी लाल जिला अध्यक्ष केके गुप्ता एवं विशेष रूप से सीताराम रवि, जिला महामंत्री बलराम सिंह, सीमा पासवान, जितेंद्र सिंह पटेल, उपेंद्र रजक, योगेंदर लाल उपस्थित थे। बैठक में पूर्व में किए गए मोर्चा द्वारा कार्यों की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की योजना तैयारी पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में 14 अप्रैल से 5 मई 2023 तक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पखवारा प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर पर सफलतापूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया] साथ ही जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों को कार्य विभाजन कर कार्यक्रमों का दायित्व दीया गया आगामी कार्यक्रमों में ब्लड डोनेशन कैंप आदर्श नागरिकों को समस्या को निपटाना मन की बात को बूथ स्तर पर सुनना अनुसूचित जाति के सौ वोटर वाली संख्या की सूची बनाना आदि तय हुई। कार्य में बैठक को संबोधित करते हुए विधायक समरी लाल जिला महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राम लगन राम, बलराम सिंह, उपेंद्र रजक ,जोगिंदर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान केंद्र के सरकार ने अनुसूचित जाति के विकास एवं उत्थान के लिए दीर्घ संकल्पित है उन्होंने बाबासाहेब एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सोच के अनुरूप अंतिम व्यक्ति के विकास को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं चला रखी है चाहे जनधन योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, निशुल्क राशन आदि से सबसे ज्यादा किसी को लाभ हुआ है तो हमारे समाज के लोगों को हुआ है।

# रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकालने को लेकर बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
आज रविवार के दिन सुबह 7 बजे टुगरी पार्क परिसर में आगामी 28 मार्च को श्रीराम शोभायात्रा निकालने को लेकर एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक में विभिन्न अखाड़ों के जनप्रतिनिधि तथा कमेटी के सदस्य एवं रामभक्त के बीच श्रीराम शोभायात्रा सह झांकी ग्राम विकास स्कूल सिल्ली से संध्या 3 बजे निकालने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा शाह झांकी ग्राम विकास से चलकर छोटा मोरी हनुमान मंदिर के पास पूजा अर्चना के साथ समापन होगा। कमेटी द्वारा अपील किया गया है कि शोभायात्रा झांकी में सभी राम भक्त जन पैदल तथा अनुशासन के साथ शामिल होंगे विशेष आवश्यकता होने पर ही दो पहिया वाहन का इस्तेमाल करेंगे। इस मौके पर सभी अखाड़े के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों राम भक्त मौजूद रहे।

### 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सिल्ली।** आज सिल्ली में श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न किया गया जिसमें 34 महिलाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त की समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला परिषद बीना देवी एवं प्रमुख जितेन बड़ाईक ने सभी प्रशिक्षणार्थी को अपने जीवन में स्वरोजगार शुरू करने एवं खुद का मालिक बनने का संदेश दिया साथ ही जिला परिषद बीना देवी ने महिलाओं को आत्मविश्वास बढ़ाते हुए संदेश दीया की आप बैंक से लोन लेकर भी आप अपना स्वयं का सिलाई बुटीक लगा सकती है और सकारात्मक विचार के साथ अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकती है और दूसरों को भी रोजगार दे सकती है सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अवैध बालू खनन व परिवहन मामला में एक ट्रैक्टर जब्त, हुई कारवाई



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा बांकी नदी से बालू उठाव कर परिवहन करते हुए सेन्हा थाना पुलिस ने एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार के द्वारा खनन एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया। बताया जाता है कि थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को बालू उठाव को लेकर गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। सूचना के आलोक में पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा। ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास में बालू उठाव कर गिरा रहे थे। उसके बाबजूद भी गाड़ी को प्रशासन द्वारा पकड़ा गया है। बताते हुए कहा कि एक तरफ सरकारी योजना क्षेत्र में संचालित कर मजदूर वर्ग को रोजगार मुहैया कराने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी तरफ कारवाई किया जा रहा है। अगर बालू अवैध है,और राजस्व की क्षति हो रही है तो सरकार निविदा की घोषणा क्यों नही करती है। जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण बाधित होने का बात को लेकर सेन्हा प्रखंड क्षेत्र से पूर्व में लाभुकों के द्वारा जिला उपायुक्त सहित अन्य आलाधिकारी एवं प्रखंड व अंचल पदाधिकारी को अवगत कराया गया है।

### अन्नपूर्णा मुफ्त भोजनालय ने पूरा किया 10 वर्ष का सफर

**सिल्ली।** गरीबों एवं असहाय लोगों के बीच मुफ्त भोजन का वितरण लगातार कर रही सिल्ली स्थित मां अन्नपूर्णा मुफ्त भोजनालय ने शनिवार को अपने 10 वर्ष पूरा कर लिया। शनिवार को इसकी 10 वीं वर्षगांठ मनाया गई। मौके पर भोजनालय लगातार 10 वर्षों से भोजन बनाकर सेवा दे रही षष्ठी देवी ने वर्षगांठ का केक काटा। मुफ्त भोजनालय के संचालक स्थानीय व्यवसाई प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय व्यवसाई एवं समाजसेवियों के सहयोग से 18 मार्च 2013 को इसको स्थापित किया गया था। तत्कालीन उप मुख्यमंत्री झारखंड सरकार व स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो के हाथों भोजनालय का शुभारंभ किया गया था। यहां प्रतिदिन 35 से अधिक वृद्ध एवं असहाय लोगों को दोपहर को मुफ्त भोजन कराया जाता है।

### मांगें पूरी हो — भारी बारिश में भी डटे रहे अनशनकारी

# एक की हालत गंभीर, हुई स्वास्थ्य जांच



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग में पिछले 4 दिनों से अनशन पर बैठे तीन सनातनी को भारी बारिश भी डिगा नहीं पाई। हजारीबाग में देर शाम लगभग 4 घंटे तक झमाझम बारिश हुई है। इस बारिश से शहर के कई इलाकों में जल जमाव की स्थिति भी हो गई। वैसे में 4 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे लोगों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। पंडाल पूरी तरह पानी से भर गया। लेकिन इस स्थिति में भी वह लोग वहीं डटे रहे। उनमें से धरने पर बैठे अजय कुमार सिंह की तबीयत भी खराब हो गई। लेकिन वो भी अपनी मांग पर अडिग हैं। आज दिन भर में जिला प्रशासन की ओर से 2 बार उनकी स्वास्थ्य जांच कराई गई और ब्लड प्रेशर और गैस की दवा अजय को दी गई। अजय ने अस्पताल जाने से इंकार कर दिया है। अजय के साथ दो अन्य अमन और बप्पी उर्फ करण भी अपनी मांग को लेकर अनशन पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि जान दे देंगे, लेकिन हम लोग झुकने वाले नहीं हैं। हमारी मांग पूर्ण रूप से सही है और जिला प्रशासन को संज्ञान लेना भी चाहिए। बीते दिन भी हजारीबाग में देर रात बारिश हुई थी। रात में बारिश होने के कारण भी उन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास के निवेदन पर उन लोगों ने बड़ा अखाड़ा में ही रात गुजारी और रातभर फर्श पर सोए रहे। ऐसे में उनकी तबीयत भी आज सुबह ठीक नहीं थी। आमरण अनशन के चौथे दिन समाज के कई लोग समेत राजनेता भी धरना स्थल पर पहुंचे और अनशनकारियों का हाल समाचार लिया। लगभग 1 घंटे तक सदर विधायक मनीष जायसवाल भी रहे। तो देर रात स्थानीय लोगों ने सोने के लिए गद्दा और कंबल की व्यवस्था की। इस दौरान सभी इसी बात को लेकर चर्चा कर रहे थे कि मंगलवार को फिर से मंगला जुलूस है और प्रशासन का क्या कदम रहेगा। अगर प्रशासन फिर से सख्ती करती है तो उग्र आंदोलन भी होने के आसार दिख रहे हैं। अखाड़े के सदस्य कहते हैं कि हजारीबाग के रामनवमी के साथ प्रशासन को खेलने की इजाजत नहीं है। हजारीबाग में 3 सनातनी बड़ा अखाड़ा चौक पर ही आमरण अनशन पर हैं। इन लोगों की मांग है कि धारा 144 हजारीबाग से हटाया जाए।

### अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार सड़क किनारे गिरा

कैरो / लोहरदगा । जिले के कैरो थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम कुडू चट्टी मुख्य पथ पर खंडा गांव के समीप एक स्कूटी चालक अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति को कैरो पुलिस के द्वारा अपने वाहन से कुडू स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जानकारी अनुसार लापुंग थाना निवासी सुकरा तुरी के 43 वर्षीय पुत्र रंथू तुरी अपने स्कूटी जेएच 08जी 5593 से कैरो की ओर आ रहे थे जो खंडा के समीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जा गिरे जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। घटना की सुचना पाकर कैरो थाना सब इंस्पेक्टर हरिऔध करमाली दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए भेज दिया।मौके पर हरिऔध करमाली ने कहा की लगातार यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने का काम किया जाता हैं की वाहन को ड्राइव के दौरान नशा का सेवन नहीं करें ।

# सरहुल पर्व की तैयारी को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
सरहुल पर्व पर पूर्व संध्या समारोह तथा शोभायात्रा कार्यक्रम की तैयारी हेतु ग्रामीणों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।गाँव के सरना मैदान में सैकड़ों की संख्या में सरना , स्नातनी धर्मावलंबी शामिल हुए जिसका नेतृत्व पुनगी गांव के ग्राम प्रधान सुका उरांव ने किया। इस बैठक में ग्रामीणों ने आगामी प्राकृतिक पर्व सरहुल की तैयारी की समीक्षा बैठक की जिसमें यह बताया गया कि शोभायात्रा 24 मार्च 2023 को सरना मैदान में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। मौके पर बैठक में मुख्य रूप से उत्कर्ष तिवारी, सुका उरांव,पंचू उरांव,महादेव उरांव, मंटू कच्छप, उप मुखिया सुरेश उरांव, धर्मेंद्र उरांव, परशुराम उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में सरना धर्मावलम्बी शामिल हुए।

# आज से रामगढ़ कॉलेज में मल्टी मीडिया चित्र प्रदर्शनी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मार्च तक शहर के रामगढ़ कॉलेज में 3 दिवसीय मल्टी मीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी 19 मार्च को कार्यालय प्रमुख सीसीबी, प्रा. का. रांची शाहिद रहमान एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। कार्यालय प्रमुख सीसीबी, प्रा. का. रांची शाहिद रहमान ने बताया कि प्रदर्शनी का उदघाटन 20 मार्च को 12:00 बजे विधिवत रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में 80 पैनल लगाए जाएंगे। जिनके माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के आजादी के लिए किये गये योगदानों, मोटा अनाज, पोषण पखवाड़ा, उर्जा सरंक्षण, गोरैया दिवस, वन दिवस, जल दिवस आदि के संबंध में जानकादी दी जाएगी। बताया कि 20 मार्च को गोरैया दिवस, 21 मार्च को वन दिवस व 22 मार्च को जल दिवस मनाया जाता है। इसलिए प्रदर्शनी के दौरान लोगों को गौरैया सरंक्षण, वन सरंक्षण , जल सरंक्षण उर्जा सरंक्षण के संबंध में जानकादी दी जाएगी। शाहिद रहमान ने बताया कि प्रदर्शनी के क्रम में बच्चों के बीच आजादी क्वेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत बच्चे अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में कितनी जानकारी रखते हैं, इसकी परख की जाएगी। इसके अलावे कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रदर्शनी के दौरान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 मोटा अनाज (श्री अनाज ) वर्ष है। इसलिए प्रदर्शनी में लोगों को इस संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान लोगों को स्टॉल के माध्सम से सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बताया कि प्रदर्शनी के दौरान फोटो विथ मोदीजी की व्यवस्था रहेगी।

# सांसद ने किया इंफिनिटी क्लासेस का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
छत्तर छतर मांडू स्थित इंफिनिटी क्लासेस का शुभ उद्घाटन 19 मार्च को मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने फीता काटकर किया. मौके पर उन्होने संस्थान संचालक भानु प्रताप और उनकी पूरी टीम को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । श्री चौधरी ने कहा कि इस तरह के संस्थान खुलने से अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और संस्थान में कक्षा 1 से लेकर 12 तक की उच्च शिक्षा के द्वारा स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई की जाएगी। उद्घाटन में मुख्य रूप से समाजसेवी पीयूष चौधरी, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रदीप कुशवाहा, नगर सचिव नीरज मंडल , रोहित सोनी, भानु प्रताप रिसभ सिन्हा, भानु प्रकाश प्रवीण कुमार गौतम सिंह, संजय कुशवाहा, जितेंद्र दांगी, अरुण कुमार ,रामी गोप,अजय कुशवाहा राजीव कुमार अजय कुमार अंशु कुमारी आदि उपस्थित थे।

## सेंट्रलाइज्ड किचन स्थापित करने के लिए भूमि पूजन

# स्कूली बच्चों मिलेगा गर्म भोजन : सांसद




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे लगभग 50,000 बच्चों को ताजा एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेंट्रलाइज्ड किचन स्थापित करने हेतु सीसीएल, अक्षय पात्र संस्था एवं जिला प्रशासन के बीच एमओयू किया गया है। इसी क्रम में रविवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत कथा क्षेत्र में किचन के निर्माण हेतु चयनित किए गए स्थल पर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, सीसीएल दरभंगा हाउस, जीएम सीएसआर लादी बालकृष्ण सहित अन्य ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सीसीएल द्वारा सीएसआर के तहत 15 करोड़ के निर्माण एवं 7 करोड़ के परिचालन लागत से सेंट्रलाइज्ड किचन की स्थापना जिले में की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि सेंट्रलाइज किचन के माध्यम से ना केवल सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन मिलेगा , जिससे उनकी रूचि पढ़ाई में भी बढ़ेगी। इस कार्य के लिए सांसद ने सीसीएल, अक्षय पात्र संस्था एवं जिला प्रशासन की सराहना की । वहीं, उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न कार्यों का जिक्र करते हुए मिड डे मील योजना के महत्व व इसके माध्यम से बच्चों को होने वाले फायदे के प्रति जानकारी दी । वहीं, उन्होंने सेंट्रलाइज्ड किचन के निर्माण के उपरांत जिले के बच्चों को होने वाले फायदे के प्रति भी सभी को जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने सेंट्रलाइज्ड किचन की परिकल्पना को धरातल पर उतारने में किए गए सहयोग के लिए सांसद, सीसीएल, अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की । उन्होंने सभी से कहा कि जिला प्रशासन का यह उद्देश्य होगा कि योजनाबद्ध तरीके से जल्द से जल्द सेंट्रलाइज किचन का निर्माण कार्य पूर्ण करा कर बच्चों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान अक्षय पात्र फाउंडेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व्योमपद दास द्वारा अक्षय पात्र फाउंडेशन के उद्देश्यों एवं शिक्षा के क्षेत्र में फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी गई । वहीं, जीएम सीएसआर सीसीएल लादी बालकृष्ण ने भी सेंट्रलाइज किचन के माध्यम से बच्चों को मिलने वाले फायदे एवं इसके महत्व के प्रति सभी को जानकारी दी। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में मिला विवाहिता का शव, केस दर्ज

**चलकुशा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रागडीह निवासी जेवा प्रवीण 22 वर्ष, पति वसीम अकरम का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला । इस बाबत मृतका के पिता इरसाद अंसारी ने चलकुशा थाना में लिखित आवदेन देकर मामला दर्ज करवाया हैं। जिसमें उन्होंने कहा है कि 29 अगस्त 2021को मुस्लिम रीति रिवाज से वसीम अकरम के साथ बेटी की शादी की तथा क्षमता अनुसार दहेज दिया। शादी के बाद छह माह तक ससुराल वालों ने उसे ठीक से रखा। उसके बाद अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। शनिवार को ससुराल वालों ने जानकारी दी की आपकी बेटी बीमार है। आनन फानन में जब पहुंचा तो देखा की बेटी की शव पड़ा है। घटना की सूचना चलकुशा थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय को मिलते ही दल बल के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची ।जिसके बाद शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस मामले में मृतका के पिता ने दस लोगों को नामजद आरोपी बनाया है।

## वृक्ष रक्षा बंधन समारोह का आयोजन



**रामगढ़।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वाधान में ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति छोटकी डूंडी द्वारा मोढ़ा जंगल में वृक्ष रक्षा बंधन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार मौजूद थे। उन्होंने कहा कि तमाम वैज्ञानिक उपलब्धियों के बावजूद आज पूरा संसार गंभीर पर्यावर्णीय समस्याओं से जूझ रहा है। कहा कि जंगलो में पेड़ पौधे है तभी मानव जीवन की कल्पना संभव है। आज धीरे धीरे जंगले उजड़ते जा रहे है। समय रहते हमे इसे संजोने की जरूरत है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी केदार राम, मांडू वन क्षेत्र पदाधिकारी विनोदारंद राय, गोला वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, पतरातू सीन क्षेत्र पदाधिकारी अखिलेश कुमार चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। समारोह के दौरान आयोजक समिति द्वारा बुके प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके उपरांत विधिवत पूजा अर्चना के साथ सखुवा वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर उसे बचाने का संकल्प लिया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष वीरू महतो और संचालन शिक्षक गणेश महतो द्वारा किया गया। मौके पर मूलचंद ठाकुर, हरि नारायण कुशवाहा, ठाकुर दास महतो, राजेश मास्टर, जय लाल महतो, प्रेम कुमार, रीना देवी, ललिता देवी आदि मौजूद थे।

## किसानों को मिला प्रशिक्षण

**बरही ।** आईसीएआर गौरियाकरमा में नाबार्ड संपोषित योजना झारखंड में पोषण एवं आजीविका सुरक्षा हेतु धान-परती पारिस्थितिकी तंत्र में दलहनी फसलों की सतत गहनता विषय पर पर आधारित कार्यशाला में करीब पचास किसानो ने भाग लिया। जिसमे बरही, देवचंदा, गौरियाकरमा, कजरा, पदमा, विष्णुगढ़, दारू तथा हजारीबाग के किसान शामिल हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री के अन्न सम्मेलन के राष्ट्रीय संबोधन को ऑनलाइन सुनने के साथ किया गया । कार्यशाला में संस्थान के विभिन्न कृषि वैज्ञानिक डॉ अनिमा महतो और डॉ मोनू कुमार ने मसूर, चना, अरहर आदि दलहन फसलों के उत्पादन हेतु बीज के किस्म और गुणवता की परखने की जानकारियां दिया। कीट पतंगों एवं रोगाणुओं से फसलों के रक्षा करने के तरीकों को बता गया। प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ एस के महंता ने पशुओं के खाद्य प्रबंधन की जानकारी देते हुए रबी मौसम में पशुओं से फसलों की रक्षा की जानकारी देते हुए अधिकाधिक धान-परती भूमि को दलहन की खेती के लिए प्रयोग में लाने के तरीके बताए।

## रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य सहित दो अन्य पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**बरही ।** रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी के आत्महत्या मामले में विद्यालय के प्राचार्य सहित दो अन्य शिक्षको पर प्राथमिकी दर्ज किया जा चुका है । जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि प्राथमिकी मृतक छात्र मो रेहान के पिता छोटी उर्फ मो रेहात के आवेदन के आधार पर दर्ज किया गया है। जिसमे आईपीसी की धारा 306 के तहत विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह, विक्षक शुभाशीष और प्रशांत कुमार को आरोपी बनाया गया है । पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से देख रही है । सभी बिंदुओं को ध्यान ने रखकर जांच किया जा रहा है । दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा । विदित हो कि शनिवार को परीक्षा में चीटिंग में पकड़े जाने को लेकर रॉयल ऑर्किड के आठवीं के छात्र मो रेहान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था । मामले को लेकर मृतक के पिता ने प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी हेतु आवेदन दिया था । शनिवार की देर रात्रि तक प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कोनरा के पूर्व मुखिया मो ताजुद्दीन, मो इजहार, मो चांद, सोनू आदि सहित कई लोगो शनिवार देर रात्रि तक प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे थे। एसडीपीओ और इंस्पेक्टर के आश्वासन के बाद रविवार की सुबह पोस्टमार्टम हेतु शव को हजारीबाग भेजा गया ।

## बोकारो में मना सीआरपीएफ दिवस

**बोकारो।** चास में स्थित 26वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 84वां सीआरपीएफ दिवस समारोह मनाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सुनील कुमार राही, द्वितीय कमान अधिकारी 26वीं वाहिनी ने वाहिनी मुख्यालय में स्थापित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर शहीदों को नमन किया और क्वार्टर गार्ड में सलामी ली। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए बल के गौरव को बनाए रखने के लिए जवानों को प्रेरित किया।

## बच्चों की बेहतर भविष्य के लिए अभिभावकों की भूमिका अहम

### डिवाइन स्कूल में शिक्षक-अभिभावक की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में नए सत्र को लेकर अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित और स्वागत गान से किया गया। विद्यालय प्राचार्य भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक - अभिभावक बैठक हुई।इस निमित विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के माता पिता और शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्राचार्य ने उपस्थित अभिभावक एवं जनप्रतिनिधियों से बच्चों के विकास में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को निर्धारित समय पर स्कूल ड्रेस में विद्यालय भेजने तथा बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने का आग्रह किया। घर में बेहतर शैक्षिक वातावरण को बनाए रखने की सलाह दी ताकि बच्चों को पढ़ाई में मन लगा रहे। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि कुछ पेरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा स्कूल में बहुत अच्छा कर रहा है तो पीटीएम में जाने की क्या जरूरत है। लेकिन आपके बच्चे के विकास से जुड़ी बातें तो स्कूल जाने पर ही पता चलती है। इसलिए आपको अपने बच्चे का विकास जानने के लिए विद्यालय आना आवश्यक है। जिससे उनकी कमियों को दूर किया जा सके।वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। बैठक में शिक्षक काशीनाथ महतो, कुलदीप पासवान अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, देवेश चंद्रा आदि उपस्थित थे।

## सरकार सभी विषयों के शिक्षक नियुक्त करें : डॉ. सुनील कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ सह प्रदेश प्रवक्ता पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन झारखंड प्रदेश डॉ सुनील कुमार कश्यप ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि शिक्षा सचिव ने आदर्श दिनचर्या शिक्षक संघ व शिक्षकों की सहमति के बिना जारी किया है। कहा की कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जो समय सारणी जारी की गई है उसमें व्यवहारिक पक्षों की अनदेखी की गई है। प्रार्थना सभा के लिए जो गाइडलाइन जारी की गई है वर्षो से सभी विद्यालयों में होते आ रहा है। इसमें नया कुछ भी नहीं है। डॉ कश्यप ने कहा शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मनोबल पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। कई विद्यालयों में विषय के अनुरूप शिक्षक पदस्थापित नहीं है. पहले सरकार सभी विषयों के शिक्षक नियुक्त करें उसके बाद इस तरह के आदेश निर्गत करे। विद्यालय की अवधि 6 घंटे ही रखा जाए.डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा की गर्मी में विद्यालय के संचालन 2:00 बजे तक किया जाना पूरी तरह अव्यावहारिक है। उसमें विभाग संशोधन करे नहीं तो राज्यव्यापी आंदोलन करने पर विवश होंगे। पूर्व सचिव आराधना पटनायक का जो 8:00 से 3:00 तक डे स्कूल और मॉर्निंग स्कूल 6:30 से 11:30 तक को 7:00 बजे से 12:00 बजे तक किया जाना उचित प्रतीत होता है प्रति शनिवार 7:00 से 12:00 तक विद्यालय होना उचित प्रतीत होता है। 1अप्रैल से जो प्रातः कालीन विद्यालय होने जा रही है गर्मी को देखते हुए अभिभावक अभी से ही विद्यालयों से संपर्क स्थापित करने लगे हैं कि 1:00 से 2:00 तक बच्चे को विद्यालय में पाना उचित नहीं प्रतीत हो रहा है। ऐसे अभिभावकों का और ग्रामीणों का कहना है इसलिए समय में परिवर्तन किया जाए। कहा इसके लिए जल्द शिक्षा सचिव शिक्षक प्रतिनिधि मंडल मिलकर बात रखेगी और इसके लिए समाधान करने की मांग करेंगे।

## ऐतिहासिक होगा शिलाडीह का रामनवमी, ग्रामीणों की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह में होनी वाली रामनवमी पूजा इस वर्ष भव्य एवं ऐतिहासिक तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस निमित विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने शिव मंदिर परिसर में रविवार को बैठक की। वहीं विहिप के पंचायत अध्यक्ष मुकेश पांडेय ने पूजा में लाइट, साउंड, प्रवचन ,जागरण, झंडा आदि में लगने वाले खर्च से लोगों को अवगत कराया। पूजा समिति के अध्यक्ष श्याम सिंह ने कहा कि रामनवमी पूजा हमारे गांव में प्रत्येक वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष का पूजा ऐतिहासिक तरीके से मनाया जाएगा ।इसके लिए कलश स्थापना के दिन से ही अयोध्या के प्रख्यात कथावाचक दिव्यान महाराज जी के द्वारा कथा किया जाएगा ।पूरे गांव को लाइट व झंडों से सजाया जाएगा तथा अष्टमी के दिन भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा ।बैठक में विधायक अमित कुमार यादव को आमंत्रित किया गया तथा पूजा आयोजन के संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी दी गई । मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह कर कहा कि पूजा शांति एवं हर्षोल्लास से मनाएं । आपसी सहयोग एवं भाईचारे के साथ पर्व त्यौहार मनाने से पर्व का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है । मौके पर पूर्व मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह ,अर्जुन पांडेय, रविंद्र पांडेय, रामतीर्थ पांडेय, चन्द्रशेखर सिंह, सुनील पांडेय, भीम लाल यादव, रघु पंडित, संतोष पंडित, एतवारी महतों समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

**सम्मानित**

### विश्व हिंदू परिषद का कार्यशाला में निरंजन केसरी बने प्रखंड उपाध्यक्ष

# कार्यकर्ता सनातन समाज को मजबूत करें



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
**बरही ।** विहिप बरही इकाई के सात पंचायत के कार्यकर्ताओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण होटल आकाश पैलेस में संपन्न हुआ । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार और संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर, जिला मंत्री अरविंद मेहता एवं जिला मिलन प्रमुख सुमंत पांडे आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया । जिन्हे अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में बोलते हुए संयोजक ने संगठन मजबूती पर चर्चा किया । कहा कि मजबूत संगठन खड़ा करने के लिए सुयोग्य अनुभवी एवं सनातन की भावना से ओतप्रोत प्रशिक्षित कार्यकर्ता आवश्यक है । जो एक मजबूत संगठन निर्माण की कार्य योजना का मूर्त रूप दे सकते हैं । जिससे गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य को भी मजबूती प्राप्त होगी। इसके लिए उन्होंने सबों से 21से 31 मई तक लगने वाले प्रशिक्षण शिविर में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया । उन्होंने लोगो से प्रशिक्षण उपरांत सनातन समाज को एकजुट करने का अपील किया । इस दौरान जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बरही गया रोड निवासी निरंजन केसरी को प्रखंड उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। कार्यक्रम में जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता , प्रखंड बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार ,बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख सिकंदर कुमार, बजरंग दल मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, आदि सहित पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता और अधिकारी मौजूद थे।

### सीसीटीवी तोड़ने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया

# मेरी सुरक्षा की जवाबदेही ले पुलिस प्रशासन : निशि पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। पतरातू**
समाजसेवी निशि पांडेय ने पतरातू बस्ती मुहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरा तोड़ने की घटना पर तीखी प्रतिक्रया दी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। वो भी पति किशोर पांडेय की जमशेदपुर में और ससुर की पतरातू बीच बाजार में हत्या होने के बाद पुलिस की ओर से दिए गए सुरक्षा अलर्ट पर। मगर एकाएक शनिवार की देर शाम मेरे द्वारा लगाए गए 4 कैमरों को बिना पूर्व सूचना और नोटिस के तोड़ दिया गया। जबकि यदि पुलिस हमे कैमरा हटाने कहती तो उसे मैं समय रहते हटवा लेती। पुलिस प्रशासन का यह कदम पुरी तरह से राजनीतिक दबाव उठाया गया है। उक्त बातें निशि पांडेय ने रविवार को पतरातू बस्ती स्थित आवास में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि घर में कोई भी पुरूष सदस्य नहीं है। दो महिला और तीन बच्चें घर में है। कैमरा पुलिस की गतिविधि के लिए नहीं बल्कि अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगाया था। अब कैमरा हटने से हमारा परिवार असुरक्षित हो गया है। इसलिए पुलिस को सुरक्षा की जवाबदेही लेनी चाहिए। आगे समाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि पूरा घटनाक्रम मेरी हत्या की साजिश की ओर इशारा करता है। पूरानी पृष्टभूमि से जोड़ कर हमे और हमारे साथ रहने वालों को परेशान किया जाता है। मेरी समाजसेवा से भयभीत होकर बार बार राजनीतिक और आपराधिक षड़यंत्र रचा गया। परेशान किया, जेल भेजा और अब इससे भी मन नहीं भरा तो मेरी सुरक्षा को तार तार किया जा रहा है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### लेटाबेड़ा जंगल में जंगली सूअर के हमले में एक महिला घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा जंगल में जंगली सुअर के हमले से एक महिला घायल हो गई।जिसे इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया। इस मौके पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा पाकरबाहर टोली गांव की 45 वर्षीय महिला बसंती देवी महुआ चुनने लेटाबेड़ा जंगल की ओर गई थी।जंगल में अचानक एक जंगली सूअर ने आकर हमला कर दिया।किसी तरह जान बचाकर वह भाग निकली। उन्हें सीने और पैर में चोट लगी है । घायल बसंती देवी को ग्रामीणों की मदद से बोलबा अस्पताल इलाज के लिए लाया गया । जहां उसका इलाज चल रहा है । बताया जा रहा है कि वह खतरे से बाहर है।

### सिमडेगा कारामंडल में जेल अदालत का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जेल अदालत का हुआ आयोजन। मौके पर अधिवक्ता प्रभात श्रीवास्तव के द्वारा बंदियों को कई प्रकार के कानूनों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि जेल अदालत के माध्यम से कानून से संबंधित कैदियों को विस्तार पूर्वक जानकारी देना और नैतिक मूल्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित की गई थी इधर इस मौके पर काफी संख्या में कैदी उपस्थित रहे जहां पर उन्हें जागरुक किया गया।

### सत्यव्रत को बेहतर कार्य के लिए मिला 'विशिष्ट सेवा सम्मान'

**सिमडेगा।** झारखंड की लोकप्रिय सामाजिक संस्था लोक सेवा समिति के 32 वें वर्षगांठ के मौके पर रांची स्थित पुराने विधान सभा परिसर के सभागार में एक विचार गोष्ठी 'हमारा देश और हमारी कर्तव्य' विषय पर परिचर्चा कार्यकम का अयोजन किया गया. आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को 'झारखंड रत्न' और ₹विशिष्ट सेवा सम्मान₹ से सम्मानित किया गया।

### सेन्हा में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा अरू मैदान में सरहूल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो और पहान पुजार के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में डाडू, अलौदी, चाउ, कोराम्बे तोडार,पखन टोली, जमीरा, कल्हेपाट, पारही सहित प्रखंड और जिला के 50 खोड़हा शामिल हो अपना प्रदर्शन किया। मौके पर विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा व जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सरहुल प्रकृतिक पर्व है। गाँव के पाहन पुजार और महतो सभी जीव जन्तु और ग्रामवासियों का सुख सुविधा तथा लालन पालन के लिये करते हैं।

**नशा को कहें न**

## ट्रक चालक व ऑटो चालक संघ का हुआ एक दिवसीय सम्मेलन




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड ट्रक चालक संघ एवं झारखंड ऑटो चालक संघ के तत्वाधान में एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में किया गया। मुख्य अतिथि सिमडेगा थाना प्रभारी रवि प्रकाश उपस्थित थे उनका स्वागत किया गया मौके पर उन्होंने कहा कि चालकों को नशापान कर ड्राईव नहीं करने और टैक्सी स्टैंड में पुलिस तैनाती की व्यवस्था का आश्वासन दिया एवं सभी चालकों को अपने ड्राईविंग लाईसेंस समेत दस्तावेज ठीक रखने से आकस्मिक जरुरत के समय काम आसान होने संबंधी संदेश दिए। विशिष्ट अतिथि खूँटी जिलाध्यक्ष धमेंन्द्र माँझी ने संदेश देते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने चालकों को श्रम विभाग का कार्ड बनवाने और अनुशासन में रहकर तथा नियमों के तहत गाडी चलाने के बारे चालकों को अपील करते हुए एकजुटता और संगठन में रहने से मुसीबत या समस्या के समय एक दूसरे को सहयोग और संगठन के माध्यम से समाधान के बारे उत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि संगठित होकर हम सब अपने अधिकारों और हक के लिए भी जागरुक हो सकेंगे साथ ही संगठन में रहने से हर प्रकार की नई नियमावली, जानकारियों से भी अपने को अपडेट रख पायेंगे इसलिए ट्रक चालक संघ और ऑटो चालक संघ सभी संगठित रहें।मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य निल जस्टिन बेक ने दस्तावेज ठीक रखने और संगठित एकजुट होकर सुसंगठित काम करने का संदेश दिया।इस सम्मेलन में उपस्थित सभी अतिथियों को अगुस्टीना सोरेंग ने संविधान परिचय पुस्तिका भेंट किया और कहा कि समाज में समरसता के लिए एक दूसरे का सम्मान और साथ आना जरुरी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर इन्द्र सिंह बोलबा, सरंक्षक अतुल बरला, विनोद सोरेंग,धोनो कच्छप, प्रेमदास, ट्रक एसोसिएशन के हुलास राय प्रसाद, कोषाध्यक्ष- तेजु सिंह, सचिव- पप्पू गुप्ता ,परमेश्वर भगत, समाजसेवी विकास कुमार जायसवाल शामिल हुए। इस मौके पर सीताराम पासवान, संजय साहु, अरुण दास, दामोदर सिंह, चन्द्रकान्त मेहर, गणेश महतो एवं मिडिया प्रभारी राहुल कुमार साव उपस्थित रहे।

## जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष बने बासुदेव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर प्रखंड क्षेत्र के हरमू पंचायत भवन में रविवार को जिला मुखिया संघ चुनाव को लेकर जिला अंतर्गत 7 प्रखंड के 66 पंचायत के मुखियाओं का बैठक हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से नई मुखिया संघ चुनाव पर सहमति बनाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से मुखिया संघ का जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप उरांव, सचिव परमेश्वर महली, सह सचिव राजश्री उरांव, कोषाध्यक्ष बुद्धेश्वर उरांव, सह कोषाध्यक्ष सुखमनी टोप्पो, मीडिया प्रभारी ममता कुमारी, राजू उरांव को बनाया गया। वही प्रत्येक प्रखंड से एक-एक उपाध्यक्ष बनाया गया। जिसमें अनिल उरांव, विरेंद्र महली, सुमित उरांव, राजकिशन उरांव, बसंत उरांव, भागवत खेरवार, ललिता देवी को शामिल किया गया। वही सर्वसम्मति से जिला मुखिया संघ सलाहकार समिति बनाया गया। जिसमें दिलीप कुमार उरांव, कमला देवी, इंद्रदेव उरांव, राजू उरांव, सुषमा देवी, चांदमणि उरांव को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संघ को तभी मजबूती प्रदान कर सकते हैं, जब तन मन से सभी मुखिया साथ देंगे। सभी को एक साथ लेकर चलने की पहली प्राथमिकता होगी एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजना को धरातल पर उतारने सहित जन समस्या का निराकरण कराने में संघ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

## मानव और प्रकृति का एक मधुर रिश्ता है सरहुल त्योहार : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा द्वारा सदर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित नगर भवन में सरहुल पूर्व संध्या समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे कृष्ण प्रसाद, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार , अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल एवं आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा के सभी पदाधिकारियों ने भागीदारी निभाया। पूर्व संध्या कार्यक्रम का उद्घाटन आदिवासी भजन आना आदि एवं दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्वागत आदिवासी पराम्परागत वेषभूषा रीति-रिवाजों के पगड़ी और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सरहुल पूर्व संध्या समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त डॉ वाघमारे कृष्ण प्रसाद ने सरहुल त्योहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरहुल पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ बहुत प्यारा त्योहार है। त्योहार वर्षों से जनजातियों द्वारा मनाया जा रहा है और आज भी बरकरार है। कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग लाखों वर्षों से निवास करते आ रहे हैं। सरहुल पर्व मानव प्रकृति का पराम्परागत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते आ रहे हैं। जनजातीय समुदाय के लोग प्राकृतिक पूजा पाठ को संयोजते हुये आ रहे हैं इसलिए आज के नये युवा/युवती पीढ़ी के लोग बरकरार बनाये रखें। उन्होंने ने बताया कि पिछले कई वर्षों पहले जनजातियों का दोहन किया गया था लेकिन अब धीरे धीरे उस दोहन से उभार कर आदिवासी जनजातियों में भी लोग शिक्षित होकर आगे बढ़ रहे हैं। सरहुल पर्व प्रकृति में अपने जीवन का एक सौंदर्य पूर्ण संबंधों को समेटे हुए एक नये साल की शुरूआत करता है। उपायुक्त ने कहा पूरे जिला वासियों को सरहुल पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई । मौके पर लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने बिरसा मुंडा जैसे महान व्यक्तित्व के बारे जानकारी दिये।

### मुआवजे की मांग को लेकर बैठक में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि

**कोलेबिरा।** अघरमा पंचायत के बंधाटोली से टकरमा होते हुए आरसी डब्ल्यू विभाग द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर वहां के ग्रामीणों ने विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को ग्रामीणों ने बुलाया लेकिन विधायक किसी कारणवश उपस्थित ना हो पाए। इस दौरान जिला विधायक प्रतिनिधि शम्मी आलम एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि हमें किसी भी विकास कार्य को नहीं रोकना है। किन्तु सरकार का जो नियम है उसके अनुसार कार्य किया जाए। सरकार का प्रावधान है कि रैयत का भूमि अधिग्रहण करने से पूर्व जमीन का भुगतान कर दिया जाना चाहिए। चूंकि 2013 एवं 2018 में गजट आया था जिसमें स्पष्ट ये प्रावधान किया गया है।इस पर बैठक से ही प्रतिनिधि द्वारा कम्पनी के मैंनेजर से बात करते हुए कहा कि सरकार का जो प्रावधान के अनूरूप काम कीजिए।

## रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
आगामी रामनवमी पर्व को लेकर ठेठईटांगर थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई बैठक में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, जिला परिषद सदस्य कृष्णा बड़ाईक, थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित हुए। मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी रामनवमी पर्व धूमधाम के साथ 30 मार्च को प्रखंड क्षेत्र में मनाया जाएगा इस दिन सभी क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार गश्त करते हुए नजर आएगी जिससे कि किस प्रकार के पर्व के दौरान दिक्कत ना हो। पुलिस द्वारा सघन अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाए इसके अलावा अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सघन वाहन जांच जारी है ताकि किसी प्रकार दिक्कत ना हो।इधर थाना प्रभारी ने कहा की पर्व के दौरान खासकर सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी किसी प्रकार की अफवाह ना पहले इसका सभी लोग ध्यान रखें अगर जो व्यक्ति अफवाह फैलाएगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तेली समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाया शपथ



**नवीन मेल संवाददामता। लोहरदगा**
छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का सम्मान सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष जयनाथ साहू, युवा जिला अध्यक्ष दीपक साहू, महिला जिला अध्यक्ष रेखा साहू, जिला महासचिव विजय साहू, युवा जिला सचिव सचिन सिंघानिया, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता उर्फ मोनू का सम्मान फूल माला से किया गया। तेली समाज के पदाधिकारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सभी को केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग के द्वारा शपथ दिलाया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि लोहरदगा के लिए गौरव की बात है इस नए गठित कमिटी पूरा लग्न और कठोर मेहनत के साथ समाज को आगे बढाने का काम करेगा। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान महासचिव मनोज साहू व धन्यवाद ज्ञापन सोहन साहू ने किया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, मनोज साहू, शिवदयाल साहू, बजरंग साहू, विजय साहू, अशोक साहू, मंटू साहू, काली साहू, लखपति साहू, रामबिलास साहू, मुन्ना साहू, राजू साहू आदि लोग उपस्थित थे।

### त्योहार को लेकर कुरडेग थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**कुरडेग।** नवरात्र, रामनवमी एवं सरहुल पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्धपूर्ण वातावरण में मनाएं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है ,पुलिस सभी गतिविधि पर पैनी नजर रखेगी अफवाह फैलाने और अराजकता करने वालों पर कड़ी कार्रवाइ की जाएगी। यह बात कुरडेग थाना परिषर में रविवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने कही ।शांति समिति की बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी , जन प्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य शामिल हुए ।प्र० विकास० पदा० ज्ञानमणि एक्का , अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की , कार्यवाहक थाना प्रभारी नरेश मरांडी ने संयुक्त रूप से कहा कि रामनवमी एवं सरहुल शांतिपूर्ण एवं सौहाद्धपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है।इसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है उन्होने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नही देने एवं किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सुचित करने को कहा।

## रामनवमी सह भरत मिलाप शोभा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा**
दुर्गा बाड़ी में रविवार को रामनवमी सह भरत मिलाप शोभा यात्रा को लेकर कैरो महाबीर मंडल अध्यक्ष विवेक प्रजापति की अध्यक्षता में क्षेत्रीय बैठक हुई।जिसमे मुख्य रूप से लोहरदगा केंद्रीय महाबीर मंडल के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू उपस्थित थे। बैठक में इस वर्ष रामनवमी सह भरत मिलाप शोभा यात्रा हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कहा गया पिछले तीन वर्षों से कोविड 19 व हिरही घटना को लेकर मेले का आयोजन नहीं हो सका। इस वर्ष क्षेत्र के सभी लोगों के सहयोग से शांति पूर्वक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रोहित साहू ने उपस्थित लोगों से कहा मेले के आयोजन में कैरो महाबीर मंडल को केंद्रीय महाबीर मंडल लोहरदगा तन मन धन से सहयोग करेगी। बैठक में लोहरदगा जिले व अन्य जिले के विभिन्न अखाड़ों के लोगों ने शोभायात्रा के सफल आयोजन को लेकर अपना विचार रखा। कैरो महाबीर मंडल अध्यक्ष विवेक प्रजापति ने कहा कोई व्यक्ति नशापान कर शोभायात्र में शामिल न हों। इस मौके पर केंद्रीय महाबीर मंडल के उपाध्यक्ष चमरू उरांव, जगेश्वर कुमार, आदित्य साहू कैरो महाबीर मंडल उपाध्यक्ष विपिन सिंह, परमेश्वर भगत, शरत कुमार विद्यार्थी, सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, रामपवित्र सोनी, मनोज पांडेय, रामप्रसाद यादव, विनोद राम, शम्भू सोनी, जलन सिंह, मोहन साहू, सुरेन्द्र साहू, मंटू तिवारी, रामलखन साहू, फलिन्द्र रविदास, कुलदीप सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

**संवाद** | मंच छोड़ जमीन पर बैठकर केंद्रीय मंत्री ने किया संवाद

## विकास के लिए केन्द्र पैसा देने को तैयार



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत मोरमडेगा में सांसद जन पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय सांसद केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य मामले भारत सरकार के द्वारा जनता के बीच सरकार की योजनाओं को रखा और अंचल और ब्लॉक में हो रहे कार्यों की लोगों के बीच जानकारी दी। और इस संदर्भ में वहां के अंचल अधिकारी समीर कश्यप ने भी अंचल के कार्यों का प्रकाश डाला जिसमें उन्होंने बताया अंचल का कार्य रैयत जमीन का लगान वसूलना और सरकार तक पहुंचाना जमीन पर अवैध कब्जा ना हो उस पर ध्यान रखना प्रकृति आपदा पर मुआवजा दिलाना इन सब कार्यों के बारे में जानकारी दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा आजीविका के साथ विकास योजनाओं और जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना वही ब्लॉक गठन के संबंध में के मंत्री द्वारा पूछे जाने पर बताया गया ब्लॉक के अंदर कई पंचायतें होती है जिसका प्रशासनिक नियंत्रण के साथ मानव प्रगति के रूप में लाना वही जल जीवन का मिशन कार्यक्रम के संबंध में प्रधानमंत्री योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी योजना यहां पर नहीं चल रही है पर आने वाले समय पर चालू होगी जिसे लोगों तक पहुंचाया जाएगा ।वही केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों को कृषि कार्य के लिए प्रेरित किया साथ ही पानी बर्बाद नही करने का संकल्प दिलाया साथ ही केंद्रीय मंत्री ने मैरोन देगा में घोषणा की के केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर नल योजना से आच्छादित किया जाएगा मेरोमडेगा पंचायत में हर घर मे पानी पहुंचाया जाएगा ।राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहां कि गांव के विकास के लिए जितना भी पैसा चाहिए केंद्र सरकार देने को तैयार पर राज्य सरकार खर्च ही नहीं करती है ।इससे पूर्व गर्मजोशी से मेरोमडेगा के कार्यकताओं ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

### मंत्री ने सासंद खेल महोत्सव का किया उदघाटन

ग्रामीण स्तर से खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के उद्देश्य से भारत सरकार एक नई सोंच के साथ सांसद खेल महोत्सव करा रही है। इसी के तहत सिमडेगा में भी आज सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने किया ।आदिवासी बहुल जिला सिमडेगा के गांवों में छुपी खेल प्रतिभा अब उभर कर सामने आएगी। जिसको निखार कर बड़े मंच तक ले जाया जाएगा। जिले में आज सासंद खेल महोत्सव की शुरूआत ठेठईटांगर प्रखंड से की गई। जहां जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सासंद अर्जुन मुंडा इसका उद्घाटन किए। इस मौके पर उन्होने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार खेल को आगे बढाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस खेल महोत्सव के जरिये खिलाड़ी उभर कर ओलंपिक स्तर तक जाएगें। उन्होने कहा भारत गांव का देश है। गांव की प्रतिभा जब सामने आएगी तब भारत चमकेगा। सासंद खेल महोत्सव राष्ट्र निर्माण में अहम होगा।

## लूटपाट की योजना बनाते पांच अपराधी को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा के कंडरा जंगल के समीप देर रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने लूटपाट की योजना बनाते पांच युवकों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त में अलीहसन अन्सारी पिता कुर्बान अन्सारी, फरीद अन्सारी पिता स्व कुर्बान अन्सारी, अफरोज अन्सारी,पिता स्व जुल्फान अन्सारी, सुलेमान अन्सारी पिता स्व हुसैन अन्सारी सभी साकिन भड़गाँव,थाना सेन्हा,जिला लोहरदगा तथा दानिश कोटवार पिता कलीम कोटवार गुमला जिला अन्तर्गत भरनो थाना क्षेत्र के मलगो निवासी के रूप में किया गया है। इस संदर्भ में सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि पकड़े गए सभी लोग लूटपाट की योजना बना रहे थे। इसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। जिसका सत्यापन के लिए पुलिस टीम गई थी। सूचना सत्यापन में निकली हुई गश्ती टीम को रोड ब्लॉक एवं पाँच युवक को एक साथ देख कर संदेह हुई। जिसके पश्चात पुलिस द्वारा पुछताछ एवं जाँच पड़ताल के दौरान काला रंग का बैग,हथौड़ा,नौ पीस पेचकस, स्टील का तलवार और रिंच बरामद किया गया। उन लोगो के निशानदेही पर घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकि मंदिर से महज दो किलोमीटर दूरी खड़ी बॉकसाइड ट्रक से बैटरी चोरी करने की बात स्वीकार किया गया।इस संदर्भ में सेन्हा थाना कांड संख्या 38/23 दर्ज कर धारा 399,402 भादवि के तहत मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दी है। बताया जाता है कि लाल रंग का बैगन आर जे एच 0 2 जे 5136 को डायभरसन के समीप एन एच 143 पथ को ब्लॉक कर घटना को अंजाम देने का फिराक में जुटा हुआ था।

NEWS इन ब्रीफ

## आग से जलकर महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर रोड स्थित संजय सिंह की पत्नी मीरा सिंह उम्र 40 वर्ष आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार मीरा सिंह रविवार की सुबह पेड़ के गिरे हुए पत्ते को चुनकर उसे जला रही थी। तभी अचानक आग उनके कपड़े में पकड़ लिया। जिसमें आग से जलकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए रांची रिम्स लेकर चले गए है।

## जनजातीय विषयों की अंतिम मेधा सूची जारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा शनिवार की देर शाम जनजातीय विषय जिसमें संथाली, कुरमाली , पंचपरगानिया विषय की अंतिम मेधा सूची आयोग के द्वारा जारी कर दी गई। जिसमें सभी सफल अभ्यर्थियों को उसके जिला विकल्प के साथ नियुक्ति करने की अनुशंसा आयोग के द्वारा की गई । आयोग के द्वारा चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के प्राप्तांक को भी जारी किया गया है। आयोग के द्वारा सभी विषयों के अंतिम मेधा सूची को जल्द जारी किया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा किया जाना है। वही,पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को भी जिला विकल्प का अवसर दिया गया है। पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को भी आयोग के द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी किया जाना है।

# खेलो इंडिया : पलामू की बेटी ने दिखाई प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची के खेल गांव में आयोजित खेलो इंडिया दस का दम में पलामू की पांच बेटियों ने जूडो प्रतियोगिता में भाग लिया । जिसमें द कराटे एकेडमी की काजल कुमारी ने अंडर -57 वेट कैटेगरी से खेलते हुए बोकारो और धनबाद जिला खिलाड़ियों को हरा कर काजल कुमारी ने गोल्ड मेडल जीती। वही ओरिएंट पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रियंका कुमारी ने अंडर-40 वेट कैटेगरी से खेलते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीती। वही अंशिका प्रिया ने अंडर-52 वेट कैटेगरी से खेलते हुए ब्राउज मेडल जीती। वहीं नव्या सिंह और अगरिया प्रियदर्शनी ने अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन किया । मौके पर पलामू जूडो सचिव सुमित वर्मन ने कहा कि पलामू जिला के लिए यह गर्व की बात है कि यहां की बेटियां अपनी मेहनत से खेल के क्षेत्र में पलामू जिला का नाम रोशन कर रही है। गौरतलब है कि द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों के द्वारा लगातार पलामू के लिए मेडल जीता जा रहा है। राज्य में कई खेल प्रतियोगिता में यहां के खिलाड़ियों में अपना परचम लहराया है।

# 12 घंटे तक चला चेकिंग अभियान, रिकॉर्ड राजस्व का उपार्जन

## 121 बेटिकट यात्रियों से लाखों की वसूली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे के वरीय अधिकारियों के निर्देशन पर डाल्टनगंज चेकिंग स्क्वायड के द्वारा गत रात्रि 12 बजे से रविवार को 12 बजे तक बिना किसी ब्रेक लिए उस रुट से चलने वाली विभिन्न लोकल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 121 बेटिकट यात्रियों से बतौर जुर्माना के रूप में एक लाख एक हजार 150 रुपये राजस्व की वसूली की गयी। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि वर्तमान वितीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अधिक से अधिक राजस्व की उगाही करने के उद्देश्य से गत रात 12 बजे से चेकिंग टीम के सभी सदस्यों के साथ रविवार को 12 बजे तक बिना किसी ब्रेक लिए चेकिंग अभियान विभिन्न ट्रेनों में चलाया गया। जिससे पूर्व से तय मिशन एक लाख को बड़ी ही आसानी से हासिल कर लिया गया। चेकिंग अभियान में टीटीई बी गंझू, कुमार अक्षय, रविन्द्र कुमार दुबे, आरपी सिंह, दिलीप कुमार, एबीसी तिर्की, बैकुंठ यादव एवं आरपीएफ के जवान शामिल थे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग ,लाखों का सामान जलकर खाक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मे रविवार की सुबह शाहपुर निवासी सचिन कुमार चंद्रवंशी के घर अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी मकान मालिक सचिन कुमार को दी गई है। जानकारी के अनुसार मकान मालिक फिलहाल कोलकाता रहते है। अगलगी की घटना के बाद बगलगीर कोयल रिव्यू होटल के मालिक शैलेंद्र कुमार सिंह अपने कुछ स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद शैलेंद्र कुमार के द्वारा इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। जानकारी मिलने के आधा घंटा के बाद फायर ब्रिगेड की वाहन घटनास्थल पर पहुंची । तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। घर में आग लगने की वजह से घर के जरूरी कागजात,राशन ,कपड़ा आदि जलकर खाक हो गए हैं। वहीं इस घटना में लाखों रुपए के क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद भी चैनपुर थाना की पुलिस अभी तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। वही जानकारी मिलने के बाद मकान मालिक सचिन कुमार चंद्रवंशी कोलकाता से अपने घर के लिए निकल चुके हैं।

## इप्टा का 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा दिन आज

# इंसान का इंसान से हो भाईचारा...



### विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

### मौसम में ठंडक के बावजूद उपस्थित रहे सैकड़ों दर्शक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा के 15 वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या के दौरान भारत की बहुलतावादी संस्कृति का स्वरूप दिखा। नीलाम्बर-पीताम्बर लोकरंग महोत्सव में तेलंगाना, बिहार, केरला, बंगाल, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की प्रस्तुतियों के साथ हुए लोकरंग के दर्शन। बिहार इप्टा के कलाकारों ने संगीत निर्देशक सीताराम सिंह के नेतृत्व में सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत करते हुए इप्टा से जुड़े कलाकारों की फिल्मी दुनिया में धमक की गूंज थीम पर आवाम से जुड़े साथी हाथ बढ़ाना, इंसान का इंसान से हो भाईचारा-यही पैगाम हमारा आदि फिल्मी जनगीतों की सामूहिक प्रस्तुति दी। इसी क्रम में तेलंगाना इप्टा ने पल्ले नरसिम्हा के नेतृत्व में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के यंत्रों के साथ लोकगीतों की धमाकेदार प्रस्तुति दी। आयोजन समिति के महासचिव शैलेन्द्र कुमार ने इसे व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा देश बहुलतावादी संस्कृति का देश है और इप्टा का मंच देश की इसी मिली-जुली संस्कृति का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ इप्टा के कलाकारों ने रोशन घड़ेकर के निर्देशन में करमा लोकनृत्य और डंडा लोकनृत्य के कंपोजीशन को प्रस्तुत किया। बिहार इप्टा द्वारा श्वेता भारती के निर्देशन में गोदना लोकनृत्य की भावभीनी प्रस्तुति दी गई। पंजाब इप्टा के साथियों ने किसानों के समर्थन में पंजाबी भाषा में शौर्य से भरे जनगीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आखिर में उत्तरप्रदेश इप्टा आजमगढ़ के साथियों ने लोकगायक बैजनाथ गंवार के निर्देशन में जांघिया व धोबिया लोकनृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति दी। बैजनाथ की ठेठ गवई अंदाज में भोजपुरी भाषा में लोकगायकी और नक्कारा वादन व हारमोनियम के साथ घुंघरू बांधे मंच पर नृत्य करते व कर्तब दिखाते कलाकारों ने समा बांध दिया। दर्शकों के आग्रह के बावजूद समय की बंदिश के चलते कार्यक्रम समाप्त करना पड़ा। इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन में लोकरंग का स्वरूप खिलता ही जा रहा है। आज शाम शिवाजी मैदान पर प्रख्यात लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के साथ ही पांडवानी गायिका सीमा घोष अपनी प्रस्तुतियां देंगी। नीलाम्बर-पीताम्बर लोक महोत्सव के आयोजन में झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कला-संस्कृति, पर्यटन, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग का भी सहयोग प्राप्त है।

### अंधविश्वास के कारण महिलाएं होतीं है अपराध का शिकार : इप्टा

**मेदिनीनगर।** पलामू भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का राष्ट्रीय सम्मेलन पलामू में जारी है। रविवार को राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन होना है। वहीं शनिवार को राष्ट्रीय सम्मेलन में जेंडर समस्या, महिला अपराध, पर्यावरण समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन में 18 राज्यों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस दौरान वैज्ञानिक चेतना तर्क, खेती किसानी संकट, सामाजिक न्याय, आर्थिक असमानता, संप्रदायिकता पर्यावरण के सवाल पर कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। भारतीय जन नाट्य संघ समाज में नारी सशक्तीकरण का कार्य कर रही है। इलाके में महिलाओं के प्रति अपराध एक बड़ी समस्या है। इसके आंकड़े डराने वाले हैं। राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला अपराध जेंडर समस्या को लेकर इप्टा के राष्ट्रीय सचिव उषा अठावले और जेएनयू की स्कॉलर वर्षा आनंद ने कहा कि महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध के गंभीर मामले हैं। उषा अठावले ने कहा कि जेंडर समस्या एक पुरुषों के सोच की उपज है जो बचपन से बताया जाता है कि पुरुष ही शासन कर सकता है। पुरुष ही सब कुछ कर सकता है। उन्होंने कहा कि नाटक और अन्य माध्यमों से लोगों को इस शासनात्मक समस्या के बारे में जागरूक करने में मदद कर रहे है। उषा आनंद ने कहा कि अब तक राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से चर्चा कर रहे हैं। एक संगठन के अंदर औरतों की मौजूदगी कैसे दिखाएं। उन्होंने कहा कि अक्सर समाज के अंदर औरतों को उतनी तरजीह नहीं दी जाती, जितनी की हकदार हैं। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास के कारण महिलाएं एक बड़े अपराध का शिकार बनती है। इसकी जड़ में कई और वजह होती हैं । लेकिन इसके शिकार महिलाएं होती है।

# रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने सतीश दांगी



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय बाजार टांड़ स्थित बजरंग दल कार्यालय परिसर में रविवार को श्री रामनवमी महापर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक का आयोजन विश्व हिन्दु परिषद के द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता विहिप जिला धर्म प्रसार प्रमुख आशीष दांगी व निवर्तमान महासमिति अध्यक्ष अरविन्द ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति का गठन करते हुए अध्यक्ष सतीश कुमार दांगी, उपाध्यक्ष वासुदेव दांगी, कुसुमलता कुशवाहा, सचिव रामचन्द्र दांगी, सह सचिव कृष्णा भारती, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, सुरक्षा प्रमुख मुकेश दांगी, दुर्गेश कुमार के अलावे सभी बजरंग दल के कार्यकर्ता को रखा गया है। इसके अलावे संरक्षक में संदीप सिंह, विमल सिंह, गिरधारी राणा, अमित तिवारी, दीपक कुमार, विकास अग्रवाल, महेंद्र दांगी, अनूप श्रीवास्तव, विकास यादव, विरोचन गिरी, संजय दांगी, सुनीता देवी, राधिका देवी, मनीषा कुमारी, मुलेश्वर दांगी, अखिलेश साव एवं सभी मीडीया बंधुओं को रखा गया। इसके अलावे भी कई अन्य लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के सभी अखाड़ों के अध्यक्ष व पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने कार्यक्रम के तैयारी की जानकारियां दी गई। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## सरकार मधुमक्खी पालन से ग्रामीणों को बना रही आत्मनिर्भर

**बरवाडीह।** भारत सरकार की खादी और ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा प्रखंड के उककमाड पंचायत अंतर्गत मुरु ग्राम में रविवार को हनी मिशन योजना के अंतर्गत मधुमक्खी पालकों के जागरूकता कार्यक्रम के तहत मधुमक्खी बॉक्स और उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग के सदस्य मनोज कुमार सिंह जिप सदस्य संतोषी शेखर जिप सदस्य कन्हाई सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खी पालन को लेकर प्रशिक्षण देने वाली संस्था नवजागरण सेवा केंद्र के द्वारा अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया जिसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज सिंह के द्वारा मौजूद ग्रामीणों और मधुमक्खी पालकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा श्वेत क्रांति के बाद देश में मीठी क्रांति की शुरूआत की गई, जिसके जरिए भारत सरकार के माध्यम से पूरे देश में ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें मधु के उत्पादन कर खुद को आत्मनिर्भर बनाने में मदद देने का अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से मधुमक्खी पालन करने को लेकर निशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ-साथ जरूरत की सामग्री मुहैया कराई जा रही है।

# अंचल की मनमानी पर आंदोलन करेगी आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

**लातेहार।** अंचल कार्यालय में ब्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आजसू पार्टी आंदोलन के मूड में है ।आंदोलन को धारदार बनाने के लिए आजसू कार्यालय में लगातार बैठकों का सिलसिला जारी है ।आजसू का आरोप है कि अंचल कर्मी जमीन के कागजात के साथ हेराफेरी कर रहे है ।जिससे जमीन मालिको को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि कागजात में हेराफेरी कर असल जमीन मालिक को उनके जमीन से बेदखल कर दिया जा रहा है। जबकि उसी जमीन मालिक की जमीन दूसरे के नाम कर दिया जा रहा है। इस संबंध में आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि अंचल कार्यालय में भू माफियों की मनमानी बदस्तूर जारी है। लिहाजा लातेहार के सैकड़ों जमीन मालिक अंचल की मनमानी से त्रस्त है। अमित पांडेय ने कहा अंचल कार्यालय में पूरी तरह भू-माफियो का कब्जा हो चुका है। अंचल कार्यालय को भू-माफियों से मुक्त कराना बेहद जरूरी है। ताकि जमीन की हेराफेरी पर विराम लग सके। उन्होंने कहा अंचल की मनमानी के खिलाफ 3 अप्रैल को जुलूस एवं धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे अंचल से त्रस्त हजारो लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद अपनी मांगों को लेकर लातेहार उपायुक्त को अंचल में फैले भ्रष्टाचार से संबंधित मांग पत्र सौपेंगे। इधर अंचल की मनमानी से परेशान संजय तिवारी ने कहा जमीन के कागजात में हुई हेराफेरी को लेकर वह दो साल से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे है।

## गिरिडीह के बनियाडीह में 30 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

**गिरिडीह।** गिरिडीह के कोलियरी क्षेत्र बनियाडीह को नई सड़क की सौगात मिली है। सदर प्रखंड के स्टेट हाईव-13 के बरवाडीह फाटक से लेकर कोलियरी इलाका बनियाडीह वाया सीसीएल डीएवी स्कूल तक बनने वाले प्रस्तावित नई सड़क का शिलान्यास रविवार को सदर विधायक सोनू ने किया। पथ प्रमंडल द्वारा 30 करोड़ की लागत राशि से प्रस्तावित साढ़े सात किलोमीटर के इस सड़क के शिलान्यास के दौरान काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। इसके अलावा मौके पर झामुमो अध्यक्ष संजय सिंह, शाहनवाज अंसारी, तेज लाल मंडल, दिलीप मंडल, कमल दास, शोभा यादव, चांद रसीद, सुमित कुमार, मोहन दास, मो. तस्लीम, दिलीप रजक, अभय सिंह, मेघलाल दास भी शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। इस दौरान सदर विधायक सोनू ने कहा कि बनियाडीह के इस सड़क को लेकर वो हमेशा चिंतित रहे थे। जब विधायक नहीं बने थे, तो इस सड़क से गुजरने के क्रम में सोचते थे कि कैसे इस सड़क की हालात को सुधारा जाए। और जब मौका मिला तो इस सड़क का कायाकल्प करने का निर्णय लिया। इस सड़क के बन जाने से एक बड़ी आबादी को सड़क सुविधा मिल सकेगी।

## सक्षम ग्राम-पंचायत ज्ञान केंद्र को लेकर बैठक



**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पंचायत गेरुआ में मुखिया दूधनाथ यादव की अध्यक्षता में सक्षम ग्राम पंचायत तथा पंचायत ज्ञान केंद्र को लेकर बैठक हुई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि हंटरगंज प्रखंड के 7 पंचायतों को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की योजना पर कार्य हो रहा है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, स्वच्छता एवं युवा सशक्तिकरण के दिशा में कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम का पीरामल फाउंडेशन तथा जिले में कार्य कर रहे अन्य यंग प्रोफेशनल के माध्यम से क्रियान्वयन किया जायेगा। पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि दीपक मिश्रा ने सक्षम ग्राम पंचायत योजना की जानेरी देते हुए बताया कि सक्षम ग्राम पंचायत जिले के गेरुआ पंचायत में अभिसरण और सहयोग के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने की पहल है। जिले के गेरुआ पंचायत में प्रायोगिक तौर पर कार्य किया जा रहा है। पंचायत में विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों को सुदृढ करने के साथ ही स्वच्छता तथा युवाओं के कौशल विकास तथा उनके लिए रोजगार के अवसरों के विकास योजना पर कार्य किया जाएगा। बैठक में संबंधित उपस्थित थे।

## कब्रिस्तान-शिव मंदिर पर लगेंगे सीसीटीवी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव में रविवार को पुलिस-प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरा तथा क्यूआर कोड़ स्कैनर लगाया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक व थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बताया गया की गंगापुर गांव में दो सीसीटीवी व स्कैनर लगाया जा रहा है। आगे बताया गया कि थाना अंतर्गत कई ऐसे जगहों को चिन्हित किया गया है। जहां सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। गांपापुर के कब्रिस्तान व गांगपुर शिव मंदिर के पास कैमरा लगाया गया है। जिसके माध्यम से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

## रामनवमी को लेकर झांसी किंग क्लब की बैठक

**गिद्धौर(चतरा):** रामनवमी त्योहार को लेकर गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में झांसी किंग क्लब की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता व संचालन राजेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने रामनवमी त्योहार शांति पूर्ण व धूम-धाम से मनाने का निर्णय लेते हुए दसमी के दिन मेला टांड स्थल में सभी श्रद्धालुओं को शीतल शरबत पिलाने का निर्णय लिया। जिसके लिए क्लब के सदस्यों ने एक कमेटी गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से कमलेश कुमार को अध्यक्ष, नागेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, संदीप दांगी को सचिव, मनोज कुमार को सह सचिव, राजेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, जयप्रकाश कुमार को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में शंकर दांगी, बब्लु कुमार, सुमित अंशुरंजन आदि उपस्थित थे।

## चंद्रवंशी समाज के प्रखंड अध्यक्ष बने राजू

**मयूरहंड(चतरा)।** रविवार को मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित बाइपास रोड विवाह मंडप में अखिल भारतीय चंद्रवंशी समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता छत्रधारी चंद्रवंशी व संचालन सुनिल कुमार चंद्रवंशी ने किया। वहीं बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज में नशामुक्ती को लेकर जागरुकता अभियान चलाने के साथ कठोर नियम बनाने की बात कही। इसके अलावे शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बगैर समाज उत्थान की परिकल्पना नहीं की जा सकती। तत्पश्चात चंद्रवंशी समाज के मयूरहंड प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजू चंद्रवंशी मयूरहंड, उपाध्यक्ष सुनिल चंद्रवंशी नावाडीह, सचिव अनिल चंद्रवंशी मौना, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राम सेवाल एवं मीडिया प्रभारी मुन्ना कुमार मंधैनिया का सर्वसम्मती से चयन किया गया। इसके अलावे संरक्षक जिप सदस्य देवेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, अभिमन्यू चंद्रवंशी सिंदुवारी एवं मुद्रिका चंद्रवंशी को बनाया गया। मौके पर बाबुलाल चंद्रवंशी, देवधारी चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी के अलावे हजारीबाग, कोडरमा व चतरा जिले के समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## ईंट भट्ठे से मिला दो मजदूरों का शव

**गिरिडीह।** एक ही दिन में ईट भट्ठा में काम करने वाले चार मजदूर का शव गिरिडीह के अलग अलग थाना इलाके में मिला। हैरान करने वाली बात तो यह भी रहा की एक दिन जिले के दो थाना इलाके में मिले मजदूरों का उम्र भी 25 से 30 के बीच के करीब ही है, तो दोनो थानों की दूरी भी 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर है. पहली घटना जिले के तिसरी का है तो चंद घंटों बाद ही गिरिडीह के गांवा थाना इलाके के परसौनी गांव का है। जहां रविवार की सुबह परसौनी गांव के ईट भट्ठा में दो मजदूरों का शव पड़ा मिला। इस दौरान घटना की जानकारी मिलने के बाद गांवा थाना प्रभारी भी घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। जानकारी के अनुशार रविवार की सुबह मिले परसौनी गांव के बंगला ईट भट्ठा में उसी तर्ज पर दोनो मजदूरों का शव मिला, जिस तरह तिसरी के बंगला ईट भट्ठा में कुछ घंटे पहले दोनो मजदूरों के शव पड़े थे।

**भेदभाव** | झारखंड में 7 जिलों में ओबीसी की आरक्षण शून्य

# ओबीसी का आरक्षण नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले में ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद प्रेस वार्ता कर सरकार द्वारा जारी संकल्प का विरोध किया गया। लातेहार जिले में ओबीसी की आरक्षण जीरो होना लातेहार ओबीसी के साथ अन्याय है। ओबीसी की आरक्षण 0.जबकि अन्य गरीब लोगों को आरक्षण 10 परसेंट देना। गरीब ओबीसी का भी आरक्षण नहीं मिलना ये दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्मिक विभाग के द्वारा जारी लेटर ज्ञंपाक संख्या 1617 दिनांक 17 मार्च 2023 के आलोक में झारखंड के 7 जिले में ओबीसी की आरक्षण जीरो है। जिसमें लातेहार एक नंबर लोहरदगा गुमला सिमडेगा खूंटी पश्चिम सिंहभूम और दुमका में ओबीसी की आरक्षण जीरो है। जबकि ओबीसी की संख्या बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। 50 परसेंट से ऊपर ओबीसी की संख्या है फिर भी आरक्षण जीरो है और पहले भी जीरो था। जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने प्रेस को बताया कि ओबीसी के साथ अन्याय करना आने वाला समय राजनीतिक पार्टी और सरकार के लिए घातक रहेगी। जो पिछडा की हित की बात नहीं करेगा और झारखंड में राज नहीं करेगा, नीरज कुमार ने प्रेस को बताया कि 27% आरक्षण देने की हेमंत सरकार की यह पॉलिसी कोई काम का नहीं है। सभी राजनीतिक पार्टी के लोग इन जिलों में ओबीसी की आरक्षण के लिए परोपगंडा करती है। मगर कोई जिला में आरक्षण नहीं दिला पाई है। लातेहार जिले में आरक्षण के लिए बड़ा से बड़ा आंदोलन किया जाएगा और क्या हाल है। जग श्याम प्रसाद ने इसका पुरजोर विरोध जिले में हो रही है। जबकि देश में एक संविधान है एक कानून है फिर भी सभी नागरिकों का आरक्षण है। सिर्फ ओबीसी का आरक्षण नहीं होना नाइंसाफी है। दोय दर्जे के नागरिक ओबीसी की समझना सरकार की भूल रहेगी। इसका परिणाम यहां की जनता देगी। वोट के माध्यम से देगी। साथ ही विभिन्न प्रकार के आंदोलन किया जायेगा।

**ज्ञान की बात**

**शीत ऋतु में हिमवान की नदियों में जल जम जाता है। उन पर चलने वाले पशु-पक्षियों को कहां मालूम होता है कि जिस पर वे चल रहे हैं, वह केवल ऊपरी आवरण है। उसके नीचे धरती नहीं बल्कि जल है। यदि किसी कारण से आवरण हट जाए तो वे गहरे जल में गिरेंगे और उनकी मृत्यु हो जाएगी। - *ठाकुरजी***

# भ्रष्टाचार बना शिष्टाचार

***भ्रष्टाचार*** आज शिष्टाचार बन गया है। यही कारण है कि पलामू के 13 इंजीनियर पुलिस के डर से भागे भागे फिर रहे हैं। जहां इन्हे रिटायरमेंट के बाद आराम से रहना चाहिए ,वहीं ये अपराधी का भूमिका में आ गये हैं। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि व्यक्ति धन के पीछे भागते हुए अपना सब कुछ खो रहा है। ये महाशय बिहार के गया, पटना, औरंगाबाद, रोहतास और झारखंड की रांची के रहने वाले हैं। इंजीनियरों के खिलाफ पलामू में एफआईआर दर्ज हुई थी। पलामू पुलिस इन इंजीनियरों के घर पर इश्तिहार चिपका चुकी है और अगले कुछ दिनों में इनके घर की कुर्की की जायेगी। दरअसल 2004 से 2013 के बीच पलामू के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग में रोड और पुल निर्माण के नाम पर सरकारी राशि का गबन और दुरुपयोग हुआ था। जिसके बाद ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता ने 2013 में पलामू प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर के टाउन थाना में 16 इंजीनियरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था। करीब एक दशक बाद टाउन थाना के एफआईआर नंबर 13/14 के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। जिन 16 इंजीनियरों पर एफआईआर दर्ज की गयी थी उनमें से तीन की मौत हो चुकी है। जबकि 13 इंजीनियर रिटायरमेंट के बाद से फरार हैं। पुलिस के डर से बिहार के पटना के रहने वाले इंजीनियर रविंद्र प्रसाद सिंह, गणेश कुमार, गया में रहने वाले सीनेश्वर प्रसाद, गणेश कुमार, अरुण कुमार ,अजय कुमार सिन्हा, दिनेश्वर तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा फरार हैं। बाकी इंजीनियर रांची, रोहतास, जहानाबाद, औरंगाबाद के रहने वाले हैं। पलामू पुलिस फरार इंजीनियरों के गिरफ्तारी के लिए बिहार के इलाके में कैंप कर रही है। दो सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी इंजीनियरों के घर जाकर इश्तेहार को चिपकाया है। कुर्की के लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दरअसल 2013 के बाद पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में आरोपी इंजीनियरों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है। पलामू पुलिस को एक लंबे अरसे के बाद विभागीय स्तर पर इंजीनियरों खिलाफ कार्रवाई के लिए अभियोजन की स्वीकृति मिली है। पुलिस ने मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सभी इंजीनियरों के नाम और पते को सत्यापित किया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद कई इंजीनियरों के विभाग बदल गए थे। जिस कारण अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। वरीय अधिकारियों के मंत्री के बाद सभी इंजीनियर खिलाफ कार्रवाई के लिए अभियोजन की स्वीकृति मिली है। ऐसे में समझा जा सकता है कि जिस धन के पीछे अपने पावर का दुरूपयोग किया गया वह धन आज भुगतान मांग रहा है। जिन बाल-बच्चों के लिए खुशियों की दुनिया बसायी गयी थी,वह आज मुआवजा मांग कर यह बतला रही है कि अनैतिक धन किसी काम के नहीं होते हैं। क्या ऐसी घटनाओं से आने वाली पीढ़ियां कुछ सीख पायेगी?

**करीब एक दशक बाद टाउन थाना के एफआईआर नंबर 13/14 के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। जिन 16 इंजीनियरों पर एफआईआर दर्ज की गयी थी उनमें से तीन की मौत हो चुकी है।**

# अमेरिका में बंदूक संस्कृति ने खड़ा किया संकट





ललित गर्ग

***अमेरिका*** में आये दिन ऐसी खबरें आती रहीं कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गये। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद हिंसा का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गये थे। लंबे समय से बंदूकों की सहज उपलब्धता का खामियाजा उठाने के बाद वहां के लोगों ने अपने स्तर पर इसके खिलाफ मोर्चा खोलना शुरू कर दिया है और राष्ट्रपति जो बाइडेन को हथियारों के दुरुपयोग पर अंकुश से संबंधित कार्यकारी आदेश पर किये हस्ताक्षर करने को विवश होना पड़ा है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीदार से लेकर इसके निर्माताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाय। अमेरिका की ही तरह पंजाब में पनप रही बन्दूक-संस्कृति को भी नियंत्रित किया जाना जरूरी है। अमेरिका में आये दिन ऐसी खबरें आती रहीं कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गये। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा। आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयीं कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका में बैंकों के समूह ने 30 अरब डॉलर का राहत पैकेज देकर फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को विफल होने से बचाय अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है 'विश्वमानव' का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गये। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। खुद सरकार की ओर से कराये गये एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को 'बंदूक संस्कृति' ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा। कोई घातक हथियार साथ में होने के बाद मामूली बातों पर होने वाले झगड़े या फिर बेवजह ही किसी के उन्माद से ग्रस्त हो जाने पर कैसे नतीजे सामने आ सकते हैं, अमेरिका ने उसे करीब से देखा है, जहां हर साल सैंकड़ों लोग इसकी वजह से मारे जाते हैं। किसी भी संवेदनशील समाज को इस स्थिति को एक गंभीर समस्या के रूप में देखना-समझना चाहिए। यह बेवजह नहीं है कि जिस अमेरिका में ज्यादातर परिवारों के पास अलग-अलग तरह की बंदूकें रही हैं, वहां अब इस हथियार की संस्कृति के खिलाफ आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। यह आवाज उठना बहुत जरूरी था, देर आये दुरुस्त आये की कहावत के अनुसार अमेरिका की आंख खुली है तो अमेरिका के साथ दुनिया को एक शांति एवं अहिंसा का सन्देश जायेगा। निश्चित ही अमेरिका में हिंसा की इस संस्कृति पर नियंत्रण नितान्त जरूरी था। क्योंकि अमेरिका आज दुनिया में अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। जाहिर है कि वहां होने वाली गोलीबारी की घटनाएं सैकडों लोगों के प्राण लेती रही है जो इस्लामी आतंकवाद की घटनाएं नहीं होती थीं तो फिर यह क्या थी? यह ऐसा सवाल है, जो अमेरिकी सभ्यता को बेनकाब कर देता है। क्या यह अमेरिका की भौतिकतावादी एवं हिंसक संस्कृति की निष्पत्ति है? पीड़ितों के मानसिक आघात और अन्य मुश्किलों को समझते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को बंदूक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की दिशा में सार्थक पहल की है। इसके तहत बंदूक की बिक्री के दौरान की जाने वाली 'पृष्ठभूमि जांच' को बेहतर बनाया जायेगा। इसके जरिये बाइडेन ने मंत्रिमंडल को बंदूक हिंसा से जूझ रहे समुदायों के समर्थन के लिए एक बेहतर सरकारी तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। यह छिपा नहीं है कि बिना किसी वजह के की गई गोलीबारी में किसी प्रियजन को गंवाने वालों को किस तरह के मानसिक आघात और अन्य मुश्किलों से जूझना पड़ता है। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। 'मूड ठीक नहीं' की स्थिति में घटना सिर्फ घटना होती है, वह न सुख देती है और न दुःख। ऐसी स्थिति में आदमी अपनी अनंत शक्तियों को बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्त-व्यस्तता को प्रकट करने का। ऐसे लोगों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता।

**अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है।**

**इन दिनों**

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें भगवान इन्द्र देव की कथा*

***एश्वर्य*** भोग की जिदंगी में व्यस्त इंद्र के सिंहासन पर हर समय विरोधियों की नजर रहा करती थी। चलिए आज की कहानी में आपकों देवराज इंद्र से जुड़ी कुछ रोचक जानकारी व इतिहास बताते हैं। आजकल जब हम इंद्र की बात करते है तो वह अधिकतर पौराणिक कथाओं में होता हैं। वह इंद्र जो स्वर्ग में रहता है, अप्सराओं और गन्धर्वों से घिरा रहता है। सोमपान करता है, एरावत पर बैठा है जिसके साथ में वज्र है और जिसके गुरु का नाम ब्रहस्पति हैं। एक ऐसा अय्यास राजा जो असुरो से डरता है और हमेशा ब्रह्मा से असुरों का संहार करने का कोई न कोई उपाय पूछता रहता हैं। वह ऋषियों से भी डरता हैं। और उनकी तपस्या को भंग करने के लिए अप्सराओं को भेजता है। वह उन राजाओं से भी डरता है जो यज्ञ करते है और वह उनके घोड़े चुरा लेता हैं। अर्थात हमें इंद्र की बतौर एक असुरक्षित राजा की कथा प्राप्त होती हैं। ये पौराणिक कथाएँ करीब 1500 वर्ष पुरानी हैं। जब पुराण लिखे गये थे। लेकिन इसके २२०० वर्ष पहले जब हम वेदकालीन इंद्र के बारे में सोचते है तब उनका एक अलग ही रूप दिखाई देता हैं। पौराणिक इंद्र, विष्णु, शिव और दुगार्देवी से प्रार्थना करते है वह अपनी रक्षा के लिए, लेकिन वे ऋग्वेद के रक्षक भी है। वे वृत्र और वाला जैसे असुरों के साथ अपने व्रज से युद्ध करते हैं। और पानी व नदियों को घेरने वाली बाधाओं से मुक्त करते है अर्थात वे जल को मुक्त करने का काम करते हैं। इंद्र को लेकर रची गई कविताओं या वैदिक संहिताओं में इंद्र की प्रशंसा ही की गई हैं। यहाँ पर इंद्र एक बड़े शक्तिशाली यौद्धा हैं। वे युद्ध से नहीं डरते हैं। यहाँ पर न स्वर्ग का वर्णन है न ऐरावत का और न ही उनकी असुरक्षित भावना का। वैदिक और पौराणिक काल के बीच हमें बौद्ध, जैन और तमिल परम्पराओं के बारे में पता चलता हैं। 2000 वर्ष पूर्व हमें बौद्ध जैन एवं तमिल ग्रंथों में इंद्र का वर्णन मिलता हैं।

*(क्रमशः)*

# पंजाब में आईएसआई का फन कुचलना जरूरी



डॉ. अनिल कुमार निगम

***पाकिस्तान*** भारत में येन केन प्रकारेण अशांति फैलाना चाहता है। जम्मू-कश्मीर में औंधे मुंह गिरने के बाद वह हार मारने को तैयार नहीं है। अब उसने पंजाब में आतंकवाद के माध्यम से अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ दिया है। खालिस्तानी समर्थक रहे जसवंत सिंह ठेकेदार का दावा बेहद अहम है। ठेकेदार ने पूरे भरोसे के साथ कहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई पंजाब में सिखों को टूल की तरह इस्तेमाल कर रही है। पंजाब में आज जो कुछ भी हो रहा है, राज्य सरकार उससे निपटने में सक्षम नहीं है। जसवंत सिंह के इस बयान में तीन पहलू निहित हैं जिन पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। पहला यह कि पाकिस्तान इस आंदोलन को हवा दे रहा है। दूसरा, पाकिस्तान सिखों का इस्तेमाल टूल किट की तरह कर रहा है और तीसरा अहम बिंदु यह है कि पंजाब की सरकार इससे निपटने में नकारा है। जसवंत सिंह ठेकेदार वही शख्स है जो लंदन में एक अलगाववादी गुट चलाते रहे हैं। उन्होंने मार्च 2013 में लंदन में एक इंटरव्यू में कहा था कि सिख भारत में दोयम दर्जे के नागरिक हैं और उन्हें अलग देश मिलना चाहिए। जसवंत सिंह के इस बयान की पुष्टि हाल ही में घटी कुछ घटनाओं से होती है। भारत के हिंदू नेताओं और बड़े राजनेताओं की टारगेट किलिंग की साजिश की खबरें भी आई हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस तरह की साजिश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। एजेंसियों का मानना है कि आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों और पंजाब से फरार होकर विदेश में बैठे अपराधी तत्वों के जरिये पंजाब में हिंदू नेताओं को मारने की साजिश रची है। इसी प्रकार आईएसआई के इशारे पर विदेश में बैठे लोग खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह की साजिश कर रहे हैं। इस जनमत संग्रह में अधिसंख्य लोग भारतीय नहीं बल्कि कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के नागरिक हैं। निस्सदेह, इसमें सच्चाई है कि पाकिस्तान सिखों को टूल किट की तरह इस्तेमाल कर रहा है। भारत से सीधी जंग में बार-बार मात खाने के बाद पाकिस्तान अब भारत से सीधा संघर्ष नहीं करना चाहता। इसलिए वह अपनी नई रणनीति के माध्यम से भारत के सीमावर्ती राज्य पंजाब में अशांति फैलाना चाहता है। वह सीमा पार से खालिस्तानी समर्थक छोटे-छोटे समूहों को फंडिंग कर रहा है ताकि वे पंजाब में माहौल खराब करने के लिए छोटी-छोटी वारदात को अंजाम दे सकें। पाकिस्तान सरकार ने इसी वर्ष जनवरी में आईएसआई के एक अधिकारी को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का सीईओ नियुक्त किया है। वर्ष 2020-21 किसान आंदोलन के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा विदेशी फंडिंग की बात पहले ही साबित हो चुकी है। यही नहीं, पाकिस्तान पंजाब के युवाओं को भड़का और भटका कर नशे की तस्करी में भी धकेल रहा है। यह भी बात सोलह आने सच है कि पंजाब की प्रदेश सरकार इस समस्या से निपटने में पूरी तरह से विफल है। फरवरी महीने में जिस तरीके से अमृतसर के अजनाला में बवाल हुआ था, वह सभी ने देखा था। अजनाला पुलिस स्टेशन पर भारी संख्या में खालिस्तान समर्थकों ने धावा बोल दिया था। समर्थकों के हाथ में तलवारें-बंदूक और लाठी-डंडे थे। 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों ने अपने सदस्य लवप्रीत तूफान की रिहाई की मांग को लेकर जमकर बवाल काटा। हथियारबंद उपद्रवियों के समक्ष पुलिस लाचार दिखी। अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों ने पुलिस स्टेशन को कब्जे में ले लिया। अमृतपाल सिंह के करीबी लवप्रीत को पुलिस ने अगवा और मारपीट के आरोप में हिरासत में लिया था, जिसकी रिहाई को लेकर हमलावर लोग दबाव बनाने में सफल रहे थे। अब पंजाब सरकार को होश आया है।

**राजनेताओं की टारगेट किलिंग की साजिश की खबरें भी आई हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस तरह की साजिश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है।**

**पंजाबनामा**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**




**फेसबुक वॉल से**




# ऐतिहासिक संदर्भों में पानीपत का स्थान



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***पानीपत*** वैसे इतिहास में कई स्मृतियों को स्वयं में समेटे हुए है। ये स्मृतियां भारत की उस शक्ति की याद दिलाती हैं जो भारत को भारत बनाये रखने का कारण है। साथ ही इन्हीं स्मृतियों से भारत की वे कमजोरियां भी याद आती हैं जिन्होंने विजित जाति के इतिहास को पलटकर उस करवट बैठा दिया। जहां से सदियों की दासता और उससे संघर्ष करते नये भारत का दौर शुरू होता है। ऐतिहासिक संदर्भों में पानीपत वह स्थान है जिसे कभी महाभारत काल में पांडवों द्वारा 'पांडुप्रस्थ' नाम से बसाया गया था किंतु आज जिस कारण से इस स्थान को याद किया जाता है वह भारतीय इतिहास की तीन प्रमुख लड़ाइयां हैं, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत से लेकर भारत के समूचे अस्तित्व को बदलने का प्रयास किया है। कहते हैं संघर्ष कैसा भी हो जो विजित होता है शासन वही करता है। पानीपत में भी यही हुआ। जिस पानीपत में 'स्व' के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य लड़ाई लड़ रहे थे और जिस पानीपत में इसी 'स्व' के लिए 1761 में अफगान आक्रमणकारी अहमद शाह अब्दाली और पुणे के सदाशिवराव भाऊ पेशवा के बीच युद्ध लड़ा गया। उसी पानीपत की धरती पर फिर एक बार 'स्व' की पहचान एवं भारतीय जीवन में उसके आचरण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक सम्पन्न हुई है। इस बैठक में होने को तो बहुत कुछ हुआ, किंतु इसमें महत्व का जो सबसे अधिक लगता है, वे प्रस्ताव आना है जोकि भविष्य के भारत की दशा और दशा दोनों तय करनेवाले हैं। जिस 'स्व' के लिए कभी पानीपत में हमारे पूर्वज युद्धरत रहे, उसी 'स्व' की हूक यहां से फिर गुंजायमान हुई है। इसीलिए ही यहां सामूहिक रूप से पारित प्रस्ताव में जोर देकर कहा गया कि 'स्व' आधारित राष्ट्र के नवोत्थान का संकल्प लें। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का यह सुविचारित अभिमत है कि विश्व कल्याण के उदात्त लक्ष्य को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए भारत के 'स्व' की सुदीर्घ यात्रा हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत है। विदेशी आक्रमणों तथा संघर्ष के काल में भारतीय जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ तथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक व्यवस्थाओं को गहरी चोट पहुंची। इस कालखंड में पूज्य संतों और महापुरुषों के नेतृत्व में संपूर्ण समाज ने सतत संघर्षरत रहते हुए अपने 'स्व' को बचाये रखा। इस संग्राम की प्रेरणा स्वधर्म, स्वदेशी और स्वराज की 'स्व' त्रयी में निहित थी, जिसमें समस्त समाज की सहभागिता रही। वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिस 'स्व' को आज याद कर रहा है, उसे आप गहराई से देखें और महसूस करेंगे तो ध्यान में आता है कि यह 'स्व' स्वाधीनता के पश्चात कहीं खो गया था। राज्य की राजनीतिक अवधारणा के बीच इस 'स्व' को नकारा जा रहा था। जैसे इसे नकारने के बाद ही प्रोग्रेसिव, लिबरल, इंटलैक्चुअल की छाप आप पर लगती। इस बात को बहुत बड़ी संख्या में पढ़े लिखे नहीं समझना चाह रहे थे कि जिस भारत से दुनिया परिचित है, उस भारत के 'स्व' को नकारना यानी अपने अस्तित्व को ही चुनौती देना है। उस दौर में जो भी भारत के 'स्व' की बात करता वह कम्युनल और एंटी प्रोग्रेसिव कहलाता। फिर भी कुछ पढ़े लिखे और आज की भाषा में कहें तो बहुत से निरक्षर लेकिन शिक्षित हिम्मती ऐसे थे जिन्होंने कभी भी इस 'स्व' को नहीं त्यागा। वे हर परिस्थिति में 'स्व' के आग्रही बने रहे। उन्होंने इस 'स्व' को ठीक उसी तरह पकड़ रखा था, जैसे कभी यहूदियों ने इजराइल के अस्तित्व में आने के पूर्व तक अपनी शपथ दुनिया के हर कोने से सबसे पहले सुबह उठते ही उसे दोहराना याद कर रखा था।

**ऐतिहासिक संदर्भों में पानीपत वह स्थान है जिसे कभी महाभारत काल में पांडवों द्वारा 'पांडुप्रस्थ' नाम से बसाया गया था किंतु आज जिस कारण से इस स्थान को याद किया जाता है।**

**इतिहास**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# लज्जावन्ती : सिकतामेह व सर्पविष की चमत्कारिक औषधि



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. : 7903216488, 9334716688

संस्कृतः- लज्जा, लज्जालु, लज्जिका, महाभीतिका, दण्डमालिका, शमीपत्रा, स्पर्शलज्जा, ताम्रमूला, महौषधि, जलपुष्पा, पंक्तिपत्रा, इत्यादि।
**हिन्दी :** लाजवन्ती, छुईमुई।
वर्णन-स्वरूपः- एक अतिशाखीत प्रसरणशील कंटकयुक्त गुल्म, पत्र संयुक्त, संवेदनशील, लम्बे पत्रवृंत वाले जिनके चार पत्रक दण्ड पत्रवृंत निकले होते हैं। फलियाँ संधियुक्त तथा सूक्ष्म काँटे वाली होती है। इसके फूल गुलाबी, नीले तथा मिश्रित रंग के होते हैं। इस पौधे को स्पर्श करने पर यह सिकुड़ जाता है। यह दो प्रकार की होती है। एक काँटे वाली और दूसरी बिना काँटेवाली। एक मनुष्य का हाथ लगते ही मुर्झा जाती है और दूसरी उनकी छाया पड़ने से ही मुरझा जाती है।
रासायनिक संगठनः- इसके पत्रों में स्टीग्मारूटीरॉल, ल्युकोएन्थॉसायनीडीन फ्लेवोन, ग्लायकोसाईडस, एल्कलॉयडस-माइमासीन, बीज में श्लेमा एवं मुक्त एमिनो अम्ल, बीज के तेल में लिनोलिक अम्ल, ऑलिक अम्ल, पामिटीक अम्ल, स्टीयरीक अम्ल तथा बेहनिक अम्ल पाये जाते हैं।
प्रयोज्य अंगः-मूल, पत्र, कांड एवं बीज।
गुण व उपयोगः- आयुर्वेदिक मत से लज्जालु की जड़ कड़वी, कसैली, शीतल, चरपरी, वातानुलोमक, घाव को अच्छा करनेवाली, विषनाशक और कफ,पित्त, कुष्ट, अतिसार और योनि-गुदा रोगों को दूर करने वाली होती है।
विपरीत लज्जालू अर्थात वृहदला चरपरी, गरम, कफनाशक, पारे को बाँधने वाली और अनेक प्रकार के चमत्कार दिखलाने वाली होती है।
रक्तस्त्रावी रोगों में, अतिसार,योनिदोष,छालों, अर्श, नाडीब्रण(भगंदर),अश्मरी, मूत्र रोगों में, कास, रक्तदोष,श्वित्ररोग में लाभकारी है। किसी हथियार के घाव के कारण रक्तस्त्राव हो तो इसके ताजा मूल को तेल में पकाकर, तेल द्वारा ड्रेसिंग करने से घाव मे रूझ आती है एवं रक्तस्त्राव बंद हो जाता है।
अश्मरी एवं मूत्र रोगों में मूल का क्वाथ देने से लाभ होता है। ग्रंथी सूजन में पत्रों के कल्क का प्रयोग लाभकारी होता है। अर्श में इसके पत्तों का चूर्ण दूध के साथ सेवन से लाभ होता है। आम सिकतामेह में इसके मूल का क्वाथ लाभकारी है। इसके मूल को पानी के साथ सिलबट्टे पर घिसकर या जड़ को हाथ में लेकर या बाँधकर अति विष वाले सर्प को पकड़ा जाता है जो हमारे यहाँ के मुसहर जाति के लोग व उनके बच्चे भी सर्प को दौड़ा कर पकड़ लेते हैं। राज मार्तण्ड में भी यही वाक्य वर्णीत है।



इसके मूल का क्वाथ अल्सरेटिव कोलाईटिस प्रवाहिका में रक्तस्त्राव होता हो तो बहुत ही लाभदायी है। घाव में पत्रों को पीस कर कल्क को घाव में भरने से शीघ्र ही रूझ आ जाती है। काली खाँसी में इसके मूल का चूर्ण एक-एक रत्ती चटाने से बच्चों की काली खाँसी(कुकुर खाँसी) में लाभदायी है। इसके अतिरिक्त मूत्रावरोध तथा अश्मरी में भी लाभकारी है।
लज्जालू के अंदर रक्त संग्राहक धर्म बहुत उत्तम होता है।इसमें छोटी रक्तवाहिनियों का संकोचन होता है। रक्त और पित्तप्रधान रोगों में इसका बहुत उपयोग होता है। शरीर की विनिमय क्रिया के बिगडने से अगर पेशाब के साथ सिकता जाता हो अथवा शरीर के अंदर सिकता(रेती) जम जाये तो इसकी जड़ का काढ़ा देने से लाभ होता है। बावासीर में इसके पत्तों को दूध के साथ देते हैं।
मालावार में इसका काढ़ा मूत्रकृच्छ, पथरी और मूत्ररेणू में उपयोगी माना जाता है। बावासीर और भगंदर में इसके पत्तों और इसकी जड़ का चूर्ण दूध के साथ मिलाकर दिया जाता है।
कोकण में इसके पत्तों को कुचलकर अण्डकोश की सूजन पर लेप करने के काम में लेते हैं और इसके पत्तों का रस समान भाग घोड़े का पेशाब में मिलाकर आँख के अंदर आनेवाली झिल्ली को दूर करने के लिए अंजन करते हैं। इसके पत्तों के रस में रूई भिगोकर उसको हर प्रकार के नासूर को ड्रेसिंग करने के काम में लिया जाता है।
मेडागास्कर में इसका पौधा मूत्रल, संकोचक और आक्षेप-निवारक माना जाता है। बच्चों के आक्षेप रोग को दूर करने के लिए इसका बहुत उपयोग किया जाता है।
गायना में इसके पत्ते एक प्रभावशाली पसीना लानेवाली वस्तु की तरह उपयोग में लिया जाता है। इनका हल्का निर्यास कटु पौष्टिक पदार्थ की तरह दिया जाता है। इसके बीज और इसकी जड़ एक वमनकारक पदार्थ की तरह उपयोग में लिए जाते हैं। बड़ी मात्रा में ये विषैले और जलन करने वाले माने जाते हैं।
ब्राजील में इसकी जड़ वमनकारक मानी जाती है और इसके पत्ते कंठमाला मे दिए जाते हैं।
कम्बोडिया में इसका सारा पौधा अन्तरंग उपचार में पथरी को दूर करने के लिए दिया जाता है।
इसका बाहरी उपयोग गठिया, पुठ्ठो की गठिया ,सूजन और गर्भाशय के फोड़े को दूर करने के लिए किया जाता है। लज्जालू की जड़ का क्वाथ बनाकर पिलाने से पथरी गल जाती है। ये मेरे द्वारा भी अनुभूत है। पाँकी के बगल के गाँव के रहने वाले सुदेश्वर शर्मा की माता जी को पित्ताशय में पथरी थी। मैने उन्हे राँची से लज्जालू का जड़ लाकर दिया। कुछ दिनों तक क्वाथ पीने के बाद अल्ट्रासाउंड कराया गया, पथरी गायब थी। अब मैं अनेक पथरी के रोगियों को इसका क्वाथ पीने को बता देता हूँ। स्तनों के ढीलेपन में लज्जालू और असगंध की जड़ को पीसकर स्तनों पर लेप करने से स्तनों का ढीलापन हटकर ये गोल व कठोर हो जाते हैं।
योनीभ्रंश और गुदभ्रंश वाले रोगी को अगर इसकी जड़ कच्चे धागे केसाथ कमर में बाँध दिया जाये तो कुछ दिनों में ही ये रोग से रोगी निजात पा जाता है।

---

**आज है विश्व गौरेया दिवस**

# गोरैयों की चहचहाहट वापस ला रही हैं सारिका

गोरैया मात्र एक पक्षी नहीं है वरन यह हमारी जैवविविधता का महत्वपूर्ण भाग होने के साथ ही हमें मानसिक प्रसन्नता प्रदान करने वाली चिड़िया है। वर्तमान में बढ़ता प्रदूषण, शहरीकरण और ग्लोबल वार्मिंग का असर इनकी संख्या पर साफ-साफ देखा जा रहा है।
रविवार को भोपाल में हमारे इकोसिस्टम पर चिड़िया एवं अन्य पक्षियों के महत्व को बताने हेतु नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने नन्हीं-नन्हीं छोटी चिड़िया नामक एक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्या विज्ञान के अंतर्गत विश्व गौरेया दिवस की पूर्व संध्या पर किया गया था।
सारिका कहती हैं-हर साल 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गोरैया के संरक्षण को सुनिश्चित करना है। कुछ दशक पूर्व घरों के आसपास गोरैया दिखना एक आम बात थी लेकिन आज शहरों में इसे मुश्किल से ही देखा जा सकता है। कृत्रिम घोसलों एवं छत-आंगन में दाना-पानी रखकर इसे फिर से लाया जा सकता है। आज ही संकल्प लेना होगा कि गोरैया की चहचहाहट वापस लाने के सभी जरूरी उपाय किये जाएंगे। अब घर की दीवारों पर चिड़िया के चित्र नहीं, उन्हें बसेरा देने की जरूरत है।
सारिका कहती हैं-हमारी जरूरत बढ़ी है और उन जरूरतों को पूरा करने के लिए हममें धन कमाने की हवस जागी है। हम अपने घर पर मोबाइल टावरों को लगाने की अनुमति दे दे रहे हैं। मोबाइल टॉवर लगाने वाला बेशक हमें 10 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह तक देता है, हमारी जरूरतें पूरी हो रही हैं पर आपको यह भी देखना होगा कि इन मोबाइल टॉवरों से निकलने वाली रेडिएशन ने गोरैयों को कहां पहुंचा दिया है। आप किसी भी शहर की बात करें, हर जगह का एक ही दृश्य है। जब गोरैया बचेगी ही नहीं तो आप कैसे उनकी चहचहाहट सुन पाएंगे, इस पर कभी विचार करके देखें। मैं तो यह मानती हूं कि हम सभी को मिल कर गोरैया को बचाने के लिए जो भी संभव हो, करना चाहिए और रस्मपूर्ति के लिए नहीं, जिंदगी भर के लिए। आप खुद ही सोचें, आप अपने बाल्यकाल में गोरैया को आसानी से देख लेते थे। उनके साथ खेलते थे। क्या वह खुशी आज आपके बच्चे महसूस कर रहे हैं। क्या उनकी जेनरेशन को गोरैया देखने का भी मौका मिला है। जवाब होगा-नहीं। क्योंकि, हमने अपनी लालच में अंधे होकर गोरैया को मार डाला, भगा डाला। हमें चंद सिक्कों की खनक बेहतर लगे। गोरैया की जान हमारे लिए पैसों से कम है। इस सोच को बदलना होगा। जब तक इसे नहीं बदलेंगे, कोई फायदा नहीं होगा गोरैया दिवस मनाने का।

(प्रस्तुतिः नवीन मेल डेस्क)





### क्यों मनाया जाता है विश्व गोरैया दिवस

द नेचर फॉर एवर सोसायटी ऑफ इंडिया एवं फ्रांस के इको एसवाईएस एक्शन फाउंडेशन द्वारा विश्व गोरैया दिवस मनाने का विचार रखा गया था। सन 2010 में पहला विश्व गोरैया दिवस मनाया गया था। प्रत्येक वर्ष इसकी थीम आई लव स्पैरो पर गतिविधियां की जाती हैं। गोरैया का वैज्ञानिक नाम पेसर डोमेस्टिकस है।

---

## काव्य कोना

### प्रतिकूल और अनुकूल

अनुकूल धारा खोजते खोजते
प्रतिकूल धारे में तैर यूँ ही किनारे आ गये।
परेशानी की कहानी को सुनते सुनाते
हँसते हँसाते परेशानी से यूँ ही आगे आ गये।
होठों पर आह आने के पहले
मुस्कुराहट ने जिंदगी को थाम ली।
राह पर बिखरे पत्थर जाने अनजाने
खुद ही मंजिल के निशान बन गये।
विफलताओं के मझधार में डुबते उतराते,
छोटी छोटी खुशियाँ बटोरते चले।
मौत के डर से रूकता कहाँ,
मौजों की रवानी में जिंदगानी अपने रौ में
बह गई।

❖ नाग मणि

---

# सहीराम की श्रद्धांजलि



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

दांतों के बीच जीभ और बुरों के बीच सही आदमी एक जैसे होते हैं। थोड़ा-इधर हुए कि नहीं धर-दबोच लिए जाते हैं। सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई और शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है। आज का समय पीठ पर छुरा घोंपने वालों का है। जो यह कर सकता है वही जीतता है। देश में हजारों मुद्दे हैं और करोड़ों झूठ बोलने वाले हैं। इसीलिए झूठ बोलने वालों के बीच सही आदमी को नहीं जाना चाहिए। यहाँ आज भी बछड़े को गधा बताने का ट्रेंड बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। झूठे से झूठे को लड़ना चाहिए तब कहीं जाकर जीत सच की होती है। वह क्या है न कि दो झूठ बोलने वाले अक्सर एक-दूसरे के बारे में सच बक ही देते हैं।
ऐसे ही हमारे एक मित्र थे सहीराम। चूँकि खुद को सही आदमी मानते थे इसलिए बाकी सब उनकी दृष्टि में गलत आदमी लगते थे। दो सही आदमी अधिक समय तक मित्र नहीं रह सकते। अलबत्ता दो झूठे मरने के बाद भी नर्क में मिलकर रह सकते हैं। मेरा मित्र आधुनिक समय का रोतू बाबा था। रात भर जागकर रोता था और दिन भर दूसरों को कोसता था। वह बात-बात में लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर उतर आता था। उसकी मानें तो दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह पहले गोरा था। झूठ के प्रदूषण से कब काला पड़ गया पता ही नहीं चला। नौकरी उसकी फाइलों पर से धूल झटकने की थी, लेकिन देश में फैले धूल के लिए खीझा हुआ रहता था। उसका बस चले तो देश को एक बार तबियत से झटक दे, लेकिन वह क्या है न कि यहाँ झटकने वाले फर्श पर और धूल फैलाने वाले अर्श पर काबिज हैं। इसलिए उसकी यह इच्छा अंतिम इच्छा ही बनकर रह गई।
वह जब भी ऑफिस से लौटता मानो पाप करके आया हो। अधिकारी से, साथियों से, गली वालों से सबसे नफरत करता था। मकान मालिक से इसलिए नाराज था कि उसने चार सौ बीसी करके मकान बनाया था। नगरपालिका से गड्ढों के लिए नाराज था। वह चलना तो हमेशा सड़क पर चाहता था, लेकिन वह बार-बार गड्ढे में गिर जाता था। उसे कौन समझाए कि सड़कें परमानेंट हो जाएँ तो कांट्रेक्टरों, नेताओं, बिचौलियों के बीवी-बच्चे भूखे न मर जाएँ। सही आदमी गड्ढे में गिरकर मर जाए तो यहाँ कौन रोने वाला है। वैसे भी वह समाज का रोड़ा होता है। वैसे लोग समूह बनाकर दो चार दिन जी जाएँ तो गगनचुंबी इमारतों, फ्लाइवओवरों के कांट्रेक्टर, शराब के ठेकेदार कहाँ जायेंगे। झूठों के मरने पर उनकी जमात के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। अपने लिए न सही जमाने के लिए रोना आज की माँग है। आज जो रोएगा कल उसके लिए रोने वालों की कमी नहीं पड़ेगी।
सही आदमी अधिक दिन तक जीवित नहीं रहते। एक दिन सड़क (वास्तव में गड्ढा) दुर्घटना में सहीराम दुनिया को अलविदा कह गये। हमें अलविदा की जगह इंश्योरेंस सुनाई दिया। फिर क्या था हम सब झूठे मिलकर भाभी जी को इंश्योरेंस दिलाने के नाम पर इतने चक्कर कटवाए कि वह थक हारकर घर पर बैठ गयीं। हम लोगों ने बीमा के पैसे वसूल लिए। मौत का पैसा कहीं अपच न हो इसलिए भाभी जी को थोड़ा-बहुत देकर बाकी के पैसों से सहीराम की मौत पर शराब और मुर्ग मुसल्लम की श्रद्धांजली दी। ध्यान देने वाली बात यह थी कि हम झूठे होते हुए भी सहीराम की फोटो के आगे सच्ची वाली शराब का गिलास और मुर्गे की टांग रख दी थी। हाँ यह अलग बात है कि बाद में उसे भी हमने ही पीया और खाया।

---

## सूडोकु नवताल- 6644

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6643 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

---

## दैनिक पंचांग

**20 मार्च 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 05.50 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मेष | 07.24 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.04 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.02 बजे से |
| गुरु | मीन में | कर्क | 13.16 बजे से |
| शुक्र | मेष में | सिंह | 15.32 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 17.44 बजे से |
| राहु | मेष में | तुला | 19.54 बजे से |
| केतु | तुला में | वृश्चिक | 22.09 ब.से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | धनु | 00.25 बजे से |
| | | मकर | 02.30 बजे से |
| | | कुंभ | 04.17 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 79 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 01.48 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 19.40 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 16.20 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 15.21 बजे तदनन्तर शकुनि 01.48 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 00° 21'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871558
**जूलियन दिन** 2460023.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सावान **तारीख** 27
**विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

---

## शब्द पहेली - 7707

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

**बाएँ से दाएँ**
1.जी,इच्छा,चित्त-2
2.तन,बदन,देह-3
4.अग्निदग्ध-2
6.रनिवास (उर्दू-3)
7.स्नान करना-3
8.विश्राम-3
9.राजा,सम्राट-3
10.वचन,प्रतिज्ञा-3
11.तरंग,हिलोर-3
13.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14.सही का विलोम-3
15.सद्पुरुष-2
16.पाठ,शिक्षा-3
17.कर्ता,कार्य करने वाला-3
18.इज्जत,मान,सम्मान-3
19.सब कुछ छीन लेना-2
20.भवन,प्रासाद-3
21.वजह-3
23.खेल दिखाने वाला-2
24.पेन,लेखनी-3
25.ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**
1.राय,वोट,अभिप्राय-2
2.लाज,लज्जा-2
3.500 कागजों की गड्डी -2
4.दुनिया,जगत-3
5.लेकर आना-2
6.अवैध,नाजायज-3
7.निगाह,दृष्टि-3
8.बैठने की जगह-3
9.आराम,मदद-3
10.कर्म,भाग्य-3
11.लगन,जिद,उत्साह-3
12.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14.जवान,तरुण-3
15.रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16.दुर्बल का विलोम-3
17.वजह-3
18.पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19.रनिवास (उर्दू-3)
20.जी,इच्छा,चित्त-2
21.समयगति-2
22.देह,बदन-2

**शब्द पहेली -7706 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ध | ■ | प | ना | ह | ■ | शा | न |
| त | र | ह | ■ | क | व | च | ■ | शा |
| ■ | ती | र | थ | ■ | स | प | ना | ■ |
| घ | ■ | म | का | न | ■ | ल | च | क |
| रा | ख | ■ | न | ज | र | ■ | ना | म |
| ना | र | द | ■ | ला | क | र | ■ | र |
| ■ | ल | ह | र | ■ | म | वा | ली | ■ |
| रा | ■ | न | क | ल | ■ | ना | प | ना |
| ज | रा | ■ | म | त | ली | ■ | ना | ना |

---

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कार्यभार बढ़? से थकान का अनुभव कर सकते हैं। निर्णय लेने की क्षमता का अभाव और मन के चिंताग्रस्त होने से असमंजस की स्थिति रहेगी।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्य विस्तार को लेकर आवश्यक निर्णय ले सकते हैं और नई योजनाओं की शुरूआत कर सकते हैं।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं।

**कन्या राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आय के स्त्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। दृढ़ मनोबल एवं आत्मविश्वास से हर कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है।

**धनु राशि :** आज का आपका दिन बहुत शुभ है। कार्यक्षेत्र में आशानुकूल सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आज के दिन आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। इसके साथ ही आपको सरकार विरोधी प्रवृत्तियों, क्रोध एवं कामवृत्तियों से परे रहने की आवश्यकता है।

**कुंभ राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा। सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। इसलिए कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं।

**मीन राशि :** आज का दिन हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यवसाय के लिए भी दिन लाभदायी रहेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### मोहन बागान ने जीता पहला आईएसएल



**फतोर्दा।** एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोमांचक फाइनल में बेंगलुरु एफसी को 2-2 (शूटआउट 4-3) से हराकर पहली बार यह खिताब जीत लिया है। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर शनिवार को खेले गये मुकाबले में दिमित्री पेट्राटोस ने 14वें मिनट में एटीकेएमबी का खाता खोला, लेकिन सुनील छेत्री (45+5वां मिनट) और रॉय कृष्णा (78वां मिनट) ने एक-एक गोल करके बेंगलुरु को बढ़त दिला दी। पेट्राटोस ने बेंगलुरु की जीत में बाधा बनते हुए 85वें मिनट में गोल किया और मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया।

### मौजूदा चैंपियन यामागुची सेमीफाइनल में बाहर



**बर्मिंघम।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन जापान की अकाने यामागुची चीन की ओलम्पिक चैंपियन चेन यूफेई से आल इंग्लैंड ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गयीं। शनिवार के मुकाबले से पहले यामागुची का चेन के खिलाफ बेहतर करियर रिकॉर्ड था और उन्होंने 26 मुकाबलों में से 17 जीते थे। लेकिन चेन ने इस बार 37 मिनट तक चले मुकाबले में यामागुची को 21-17, 21-8 से हरा दिया।

### ब्राजील के मार्क्विनहोस रिचर्लीसन मोरक्को दोस्ताना मुकाबले से चूके



**रियो डी जेनेरो।** पेरिस सेंट-जर्मेन के डिफेंडर मार्क्विनहोस और टोटेनहम के फॉरवर्ड रिचर्लीसन चोट के कारण अगले हफ्ते मोरक्को के खिलाफ होने वाले ब्राजील के दोस्ताना मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में रविवार को कहा गया कि मार्क्विनहोस को पेट में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा, जबकि रिचर्लीसन को दाहिने पैर में चोट लगी है। कन्फेडरेशन के एक बयान के अनुसार, ब्राजील के मुख्य अंतरिम कोच रेमन मेनेजेस ने अभी तक जोड़ी के लिए प्रतिस्थापन का नाम नहीं दिया है। यह मैच 25 मार्च को मोरक्को के बंदरगाह शहर टेंजियर के आईबीएन बतूता स्टेडियम में खेला जाएगा।

# विकास व परमजीत विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

**एजेंसी। नोमी (जापान)**
भारत के 20 किलोमीटर पैदल चाल के एथलीट विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करके 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक और 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।



विकास और परमजीत ने एशियाई 20 किलोमीटर पैदल चाल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में क्रमशः 1:20:05 समय (एक घंटा, 20 मिनट, पांच सेकंड) और 1:20:08 के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। चीन के कियान हैफेंग (1:19:09) ने पहला स्थान हासिल किया।

पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेल और हंगरी के बुडापेस्ट में इस साल अगस्त में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मार्क 1:20:10 है। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इसे मामूली अंतर से हासिल किया।

पिछले माह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज कर ओलंपिक और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप सिंह ने 1:20:57 का समय निकाला और वह पांचवें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार कोई भी देश आधिकारिक प्रविष्टियों के अलावा ओपन वर्ग में खिलाड़ियों को भेज सकता है लेकिन उनका प्रदर्शन आधिकारिक नहीं माना जाएगा। भारत ने ओपन वर्ग में चार पुरुष और तीन महिला खिलाड़ी भेजे थे।

पुरुषों के वर्ग में दो अन्य भारतीय सूरज पंवार और हरदीप ने क्रमशः 1:22:31 और 1:25:38 का समय निकाला। महिला वर्ग में पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकीं प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं के आधिकारिक प्रवेश वर्ग में 1:32:27 का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। वह चौथे स्थान पर रहीं।

भारत की मुनीता पजापति और भावना जाट ओपन वर्ग में क्रमशः 1:33:22 और 1:36:20 के साथ बड़े अंतर से ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क 1:29:20 से चूक गईं। इस तरह से भारत के अब तक चार एथलीट ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

# शर्मनाक पराजय



स्टार्क का पंजा, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से पीटा

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**
ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहर बरपाते हुए 53 रन पर पांच विकेट लेकर भारत को दूसरे वनडे में रविवार को 26 ओवर में मात्र 117 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने फिर 11 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 121 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीता और तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। मामूली से लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपनरों को इसे हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। मिचेल मार्श ने 36 गेंदों में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 66 रन ठोके जबकि ट्रेविस हेड ने 30 गेंदों पर 10 चौकों के सहारे नाबाद 51 रन बनाये।

किसी ने नहीं सोचा था 100 ओवर का यह मैच टी20 से भी कम अवधि (कुल 37 ओवर) में ही समाप्त हो जाएगा। पहले सभी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने मददगार परिस्थितियों में बेहतरीन गेंदबाजी की और भारतीय टीम को एक बेहद ही साधारण स्कोर पर रोका, वहीं जब बल्लेबाजी की बारी आई तो उनके दोनों सलामी बल्लेबाजों ने दिखाया कि वह किसी और पिच पर ही खेल रहे हैं।

मिचेल स्टार्क के पंजे के कारण भारतीय टीम अपने घरेलू जमीन पर अपने चौथे सबसे कम स्कोर पर सिमट गई। स्टार्क ने पहले भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोरा और फिर मोहम्मद सिराज के विकेट के साथ पंजा खोला। भारत के लिए सिर्फ. विराट कोहली ही 30 के आंकड़े को पार कर पाए। अक्षर पटेल ने 29 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई साथ नहीं मिला। शॉन ऐबट और नेथन एलिस ने स्टार्क का बखूबी साथ दिया और क्रमशः तीन और दो विकेट चटकाए।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला लिया। स्टार्क ने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर शुभमन गिल को शून्य पर आउट करने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। स्टार्क ने रोहित शर्मा(13), सूर्यकुमार यादव (0) और पिछले मैच के हीरो केएल राहुल (9) को पवेलियन की राह दिखाई। सूर्यकुमार लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट हुए। स्टार्क ने आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज को बोल्ड कर अपने पांच विकेट पूरे किये। स्टार्क की इस गेंद को खेलना शीर्ष क्रम के लिए मुश्किल होता, सिराज तो फिर भी निचले क्रम के बल्लेबाज थे, कोण के साथ गेंद को अंदर लेकर आए स्टार्क, लेंथ पर थी गेंद, सिराज ने दोनों पांव क्रीज में जमाए दूर से रोकना चाहा, लेकिन पूरी तरह से चूक गए और स्टंप पर जा टकराई गेंद।

भारत की तरफ से विराट कोहली ने 35 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन बनाये जबकि अक्षर पटेल 29 रन पर नाबाद रहे। पटेल ने स्टार्क के पारी के 26वें ओवर में लगातार दो छक्के मारे लेकिन स्टार्क ने आखिरी गेंद पर सिराज को बोल्ड कर भारतीय पारी समेट दी।

### खूंटी ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 का हुआ उद्घाटन

# बालिका वर्ग में झारखंड व मिजोरम की जीत

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती खूंटी पर रविवार से ईस्ट जोन अंडर-19 हॉकी चैंपियनशिप 2023 का आगाज हुआ। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, खूंटी जिला उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उपविकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, झारखंड हॉकी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अशोक भगत एवम अन्य अतिथियों ने गुब्बारा उड़ाकर टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन किया। अतिथियों ने हॉकी खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया।

ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 के पहले मैच के प्रथम दिन पश्चिम बंगाल बनाम मिजोरम और झारखंड बनाम बिहार के बीच बालिका वर्ग का मैच खेला गया। पहले दिन मिजोरम बालिका की टीम ने पश्चिम बंगाल की टीम को 18-0 और झारखंड बालिका की टीम ने बिहार की टीम को 11-0 से पराजित किया। झारखंड टीम की कप्तान एडलिन बागे प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई। मुख्य अतिथि उपायुक्त खुटी शशि रंजन ने कप्तान को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व हॉकी मिजोरम और हॉकी बंगाल के बीच खेला गया जिसमें हॉकी मिजोरम ने बंगाल को 18=0 से पराजित किया।




इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच मिजोरम टीम की कप्तान लालथनलुआंगी को हॉकी खूंटी के अध्यक्ष अशोक भगत ने हॉकी इंडिया का मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इससे पूर्व हॉकी इंडिया की ओर से हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त एवं एस डी ओ को मोमनेटो देकर सम्मानित किए।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला सिंह ने खूंटी जिला प्रशासन और स्थानीय हॉकी संघ के आयोजन की तारीफ की। वहीं जिले के डीसी और एसपी ने भी पहली बार खूंटी में आयोजित ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप को लेकर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह खुंटी के लिए गौरव की बात है। हॉकी के आयोजन से खेल प्रतिभाओं में और अधिक निखार आएगा साथ ही हॉकी प्रेमी विद्यार्थी भी हॉकी की बेहतरीन हुनर सीख सकेंगे।

## अंकित कुमार की तूफानी पारी पीजीडीएवी ने सीवीएस को रौंदा

**नई दिल्ली।** अंकित कुमार (93 नाबाद) और अभिषेक (43 नाबाद) की विस्फोटक पारियों से मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज ने सीवीएस कॉलेज को 10 विकेट से रौंदकर प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में जोरदार शुरूआत की। सीवीएस कॉलेज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 143 रन बनाये।



पीजीडीएवी कॉलेज ने अंकित-अभिषेक की आतिशी पारियों की मदद से 10.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सीवीएस की ओर से प्रथम गोसाईं ने सर्वाधिक 67 रन बनाये, जबकि पीजीडीएवी के मुकुल यादव और ऋषि शर्मा ने दो-दो विकेट चटकाये। अंकित-अभिषेक की जोड़ी ने सीवीएस की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए इस स्कोर को छोटा साबित कर दिया। मैन ऑफ द मैच अंकित ने 44 गेंद पर 15 चौके और चार छक्के लगाकर नाबाद 93 रन बनाये, जबकि अभिषेक ने 19 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों के साथ 43 रन की अविजित पारी खेली। टूर्नामेंट के तीसरे दिन के खेल में एसएसएन कॉलेज से डॉ. इंद्र मोहन दत्ता और मोहित राणा के साथ मोतीलाल नेहरू सांध्य कॉलेज से डॉ कान्हा राम मीणा, डॉ मनोज राठी, संदीप टोकस और अजय उपस्थित रहे। कियान नसीरी ने गोल दागकर मैरीनर्स को 3-2 की बढ़त दिला दी। छेत्री और मनवीर ने बेंगलुरु और एटीकेएमबी की चौथी पेनल्टी में गोल दागे। बेंगलुरु को मैच में जीवित रखने के लिये पाबलो पेरेज को आखिरी पेनल्टी पर गोल करना था लेकिन दबाव में उनका निशाना गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया और मैरीनर्स ने 4-3 से जीत हासिल कर ली।

## रोहन बोपन्ना-मैथ्यू एब्डेन ने जीता पुरुष युगल खिताब



**एजेंसी। इंडियन वेल्स**
भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। उन्होंने यहां रविवार को विश्व की नंबर एक जोड़ी वेस्ली कूलहोफ और नील स्कूप्सकी को फाइनल में 6-3, 2-6,10-8 से हराकर खिताब जीता। बोपन्ना और एब्डेन का एक टीम के रूप में यह पहला मास्टर्स 1000 खिताब है और एक जोड़ी के रूप में सत्र का दूसरा खिताब है। चार मार्च को 43 वर्ष के हुए बोपन्ना मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। वह 2007 में लिएंडर पेस के बाद इंडियन वेल्स मास्टर्स में युगल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने हैं। बोपन्ना और एब्डेन ने यह मुकाबला एक घंटे 25 मिनट में जीता। बोपन्ना अपना 10वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल खेल रहे थे और इस जीत के बाद उनके पास 24 टूर स्तर की ट्रॉफियां हो गयी हैं। वह युगल रैंकिंग में चार स्थान उठकर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### डिजिटल रेटिंग

### पाक क्रिकेट प्रमुख का दावा

# पीएसएल ने आईपीएल को पीछे छोड़ा

**एजेंसी। लाहौर**
पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की अंतरिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने दावा किया है कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन ने डिजिटल रेटिंग के मामले में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को पीछे छोड़ दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, सेठी ने कहा कि इस सीजन के पीएसएल को पिछले संस्करण में आईपीएल के 130 की तुलना में 150 की डिजिटल रेटिंग मिली है, जबकि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशंसकों के साथ-साथ पंजाब और सिंध की संघीय और प्रांतीय सरकारों का आभार व्यक्त किया।

एक नया विकल्प भी पेश किया गया था। 74 वर्षीय ने कहा, हमारे पास संयुक्त राज्य अमेरिका में लीग के कुछ मैच आयोजित करने का प्रस्ताव है और अगर हमें मौका मिलता है, तो हम उस विकल्प का



पता लगाएंगे। और जनता की सुविधा के लिए स्टेडियमों के पास खिलाड़ियों के लिए पांच सितारा होटल बनाने के लिए लाहौर और कराची में सम्बंधित अधिकारियों से बात कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे पीएसएल ने प्रभावित किया है और देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद की है।

सेठी ने सरकार को भुगतान किए गए करों का खुलासा करने से पहले कहा, पीएसएल ने देश के आर्थिक पहिए को आगे बढ़ाने में योगदान दिया है क्योंकि इसने नौकरी के अवसर पैदा किए और पर्यटन, होटल उद्योग, एयरलाइंस और सड़क यात्रा व्यवसाय को बढ़ने में मदद की।₹ डॉन ने बताया, हमने संघीय सरकार को करों में 70 करोड़ रुपये, बिक्री करों में 50 करोड़ रुपये और प्रांतीय करों में 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

पीएसएल में टीमों को प्रायोजित करने वाली तीन सट्टेबाजी कंपनियों के मुद्दे पर, सेठी ने स्पष्ट किया कि समझौतों की समीक्षा की जाएगी क्योंकि वे पीसीबी प्रमुख के रूप में स्थापित होने से पहले हुए थे। उन्होंने कहा, पीसीबी धर्म, संस्कृति और देश की परंपरा के खिलाफ किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होगा।

## आईपीएल 2023: दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी सत्र के लिए नई जर्सी लांच की

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2020 के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स ने बेशुमार दौलत से भरपूर इस टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए रविवार को इसकी नई जर्सी को सवेरा रन के दौरान लांच किया। दिल्ली कैपिटल्स के कुछ खिलाड़ियों चेतन सकारिया, रिपल पटेल, अमन खान और प्रवीण दुबे ने सवेरा संघ के सुविधा से वंचित बच्चों के समूह के सामने आधिकारिक जर्सी को लांच किया। ये बच्चे टीम की आईपीएल जर्सी 2023 के पहले लाभार्थी बन गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सकारिया ने कहा, मुझे जर्सी का अच्छा अहसास हुआ। हम मौजूदा समय में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं और सभी खिलाड़ी घरेलू सत्र में खेलने के बाद डीसी कैम्प में आ गए हैं। हर कोई अच्छी फॉर्म में है। रिपल ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स जर्सी लांच इवेंट में ऊर्जा जबरदस्त है।





# ट्विटर पर प्रति मिनट यूजर्स की संख्या 8 अरब के हुई पार



एजेंसी। न्यूयार्क
ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने बताया कि माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर प्रति मिनट यूजर्स की संख्या 8 अरब को पार कर गई है। उन्होंने एक ट्वीट में इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह प्लेटफॉर्म बहुत से तेजी से बढ़ रहा है ! हाल ही में प्लेटफॉर्म पर प्रति मिनट यूजर्स की संख्या 8 बिलियन को पार कर गई है। ये दुनिया के सबसे स्मार्ट लोग हैं। गौरतलब है कि एलन मस्क ट्विटर टेकओवर के बाद से ही प्लेटफॉर्म में यूजर्स की संख्या और रेवेन्यू को बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने ट्विटर पर कई नये फीचर्स भी ऐड किए हैं। इससे पहले मस्क ने बताया था कि ट्विटर की मैसेजिंग सर्विस का हिस्सा प्रति मिनट 5 से 6 फीसदी का है जिसे अब बढ़ाकर अब 15 फीसदी तक ले जाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए ऐड को सही तरीके से प्लान किया जाएगा जिससे प्लेटफॉर्म और यूजर्स दोनों का ही फायदा हो। इससे पहले एलन मस्क ने घोषणा की है कि ट्विटर पर कंटेंट मॉडरेशन में स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए और मैन्युप्लेशन ऑफ पब्लिक ओपिनियन का पता लगाने एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। मस्क ने ट्विटर के मालिक बनने के बाद से ही कंपनी में कई दौर की छंटनी की जा चुकी है। ऐसे में प्लेटफॉर्म पर कंटेंट मॉडरेशन की कमी को पूरा करने के लिए यह कदम उठाने का फैसला लिया है। इससे पहले मस्क ने फरवरी के महीने में एल्गोरिदम को ओपन सोर्स बनाने की बात कही थी। अक्टूबर के महीने ने एलन मस्क ने ट्विटर को पूरे 44 अरब डॉलर में खरीदा था। इसके बाद से ही मस्क अपनी लागत की भरपाई के लिए कई बड़े कदम उठा रहे हैं। इसमें ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन जैसे कई अहम कदम शामिल है।

### डीएलएफ करेगी 3,500 करोड़ रुपये का निवेश

## गुरुग्राम में बनेंगे 1100 से ज्यादा लग्जरी अपार्टमेंट्स



एजेंसी। नयी दिल्ली
जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी डीएलएफ गुरुग्राम में एक नई आलीशान आवासीय परियोजना का निर्माण करने के लिए अगले चार साल में 3,500 करोड़ रुपये निवेश करेगी। डीएलएफ ह्यद आर्बरह्न नाम से नई आवासीय परियोजना विकसित करेगी। यह परियोजना लगभग 25 एकड़ में होगी और इसमें 1,137 अपार्टमेंट के साथ पांच बहुमंजिला इमारतें होंगी। बाजार मूल्य की नजर से देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ ने 15 से 17 फरवरी तक लगभग आठ हजार करोड़ रुपये में सभी 1,137 अपार्टमेंट बेच दिए हैं। प्रत्येक अपार्टमेंट की कीमत सात करोड़ या इससे ज्यादा है। डीएलएफ लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक त्यागी ने पीटीआई-से बातचीत में कहा, ह्लहम इस नई परियोजना में लगभग 45 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल विकसित करेंगे। निर्माण कीमत के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस आलीशान परियोजना में किए गए वादों के अनुसार यह लगभग 7,000-8000 रुपये प्रतिवर्ग फुट रहेगा। त्यागी ने कहा कि कुल सीमेंट और इस्पात जैसे प्रमुख निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ने से संपूर्ण परियोजना की कीमत बढ़ गई। डीएलएफ के समूह कार्यकारी निदेशक आकाश ओहरी ने कहा, कुल निर्माण कीमत अगले चार साल में 3,500 करोड़ के आसपास रहेगी।

## शेयर बाजार में गिरावट, डूबे 2.09 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता नुकसान भरा रहा। बाजार की टॉप 10 कंपनियों का मूल्यांकन 2.09 लाख करोड़ रुपये कम हो गया है। इसमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस को हुआ है। साप्ताहिक आधार पर शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का मुख्य सूचकांक सेंसेक्स 1145.23 अंक की गिरावट के साथ 57,989.90 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 67,722.33 करोड़ रुपये घटकर 15,04,001.93 करोड़ रुपये, आईटी दिग्गज टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 55,654.17 करोड़ रुपये गिरकर 11,63,194.14 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 21,250.8 करोड़ रुपये घटकर 5,97,905.17 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 16,108.93 करोड़ रुपये घटकर 4,72,290.46 करोड़ रुपये रह गया है।

## अडाणी ग्रुप ने 34,900 करोड़ रुपए के पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट पर काम रोका

**नई दिल्ली।** यूएस शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट ने अडाणी ग्रुप को भारी नुकसान पहुंचाया है। कुछ दिनों से भले ही ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में रिकवरी देखने को मिल रही है, लेकिन गौतम अडाणी के कई प्रोजेक्ट्स को इस रिपोर्ट से काफी नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी ग्रुप ने अब 34,900 करोड़ रुपए के अपने पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट पर काम को रोक दिया है। गुजरात के मुंद्रा में इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा था। अडाणी ग्रुप इस समय कंपनियों के ऑपरेशंस को मजबूत करने और इन्वेस्टर्स की चिंताओं को दूर करने पर फोकस्ड हैं। अडाणी एंटरप्राइजेज ने साल 2021 में गुजरात के कच्छ में अडाणी पोर्ट्स की जमीन पर पर कोल-टू-पीवीसी प्लांट बनाने के लिए मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड सब्सिडियरी बनाई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रुप ने कुछ समय के लिए अपने 1 मिलियन टन प्रति वर्ष के ग्रीन ढश्ठ प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी ढळकने रविवार को बताया कि ग्रुप ने वेंडर्स और सप्लायर्स को सभी एक्टिविटीज को तत्काल बंद करने के लिए ईमेल भी भेजा है। मेल में ग्रुप ने मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड के ग्रीन पीवीसी प्रोजेक्ट के लिए अगले नोटिस तक सभी एक्टिविटीज को रोकने को कहा है। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी ग्रुप के लिए परिस्थितियां काफी बदल गईं हैं। हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप पर अकाउंटिंग फ्रॉड और स्टॉक मैनिपुलेशन जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके बाद अडाणी ग्रुप की कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 140 बिलियन डॉलर तक गिर गई थी। सेब से लेकर एयरपोर्ट तक के बिजनेस में शामिल अडाणी ग्रुप अब अपने इन्वेस्टरों का भरोसा फिर से जीतने के प्रयासों में लगा है।

# नवसारी में बनेगा 1142 एकड़ में मेगा टेक्सटाइल पार्क

## 15 हजार करोड़ का होगा निवेश, 50 हजार लोगों को मिलेंगे रोजगार

एजेंसी। सूरत/नवसारी
एक जमाने में मफतलाल ग्रुप के कारण नवसारी का नाम कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय फलक पर था। बाद में नवसारी को काफी पीछे छोड़ सूरत ने वह मुकाम हासिल किया, जो उसे राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ला खड़ा किया। सूरत को टेक्सटाइल सिटी, सिल्क सिटी के नाम से जाना जाता है, लेकिन अब वर्षों बाद एक बार फिर नवसारी का नाम कपड़ा उद्योग को लेकर चर्चा में है। केन्द्र सरकार ने पिछले बजट में देश भर में बनाए जाने वाले 7 पीएम मित्रा पार्क में नवसारी को भी शामिल किया है। पिछले दिनों इसका नोटिफिकेशन जारी होने के साथ इसे तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नवसारी के समीप वांसी बोरसी में 1142 एकड़ जमीन में पीएम मित्रा योजना अंतर्गत मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा। यहां एक बाउंड्री के अंदर कपड़ा व्यापार से जुड़ी तमाम गतिविधियां मौजूद रहेंगी। इसमें स्पीनिंग से लेकर वीविंग, डाइंग, प्रिंटिंग, टेक्चूराइजिंग, पैकेजिंग,



वैल्यूएडिशन, टेक्निकल टेक्सटाइल, मशीनरी मैन्यूफैक्चरिंग आदि शामिल रहेंगी। इससे करीब 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और 50 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। केन्द्र सरकार की ओर से 300 करोड़ रुपये सीआईएस के रूप में दिए जाएंगे। सूरत में रोजाना 5 करोड़ मीटर कपड़े का उत्पादन होता है। सालाना 50 हजार से 60 हजार करोड़ रुपये का रेडी गुड्स का कारोबार है। यदि वीविंग, स्पीनिंग के सालाना टर्न ओवर जोड़े तो यह एक लाख करोड़ रुपये को भी पार कर जाएगा। नवसारी में पीएम मित्रा पार्क आने से जो व्यापारी अपने कपड़ा व्यापार का विस्तार करने को इच्छुक है, उनके लिए यह स्वर्णिम अवसर होगा। एक ही कैम्पस में पूरी इंडस्ट्रीज होगी। सूरत के व्यापार में बड़ी समस्या श्रमिकों की हर सीजन में उपलब्धता को लेकर है। इसकी भी दिक्कत दूर हो जाएगी। यहां श्रमिकों के लिए भी घर होगा। केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश का कहना है कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार ने सभी उद्योगों के लिए प्रोत्साहक नीति बनाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन फॉर्म टू फाइबर टू फैक्टरी टू फैशन टू फॉरेन यह साकार करेगा। केन्द्र और राज्य सरकार की दूरदर्शिता के कारण यह निवेश और रोजगार को भी बड़े पैमाने पर बढ़ाएगा। साउथ गुजरात टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (एसजीटीटीए) के संस्थापक अध्यक्ष सांवर प्रसाद बुधिया का कहना है कि सूरत के टेक्सटाइल उद्योग के लिए बहुत अच्छी योजना है। मैन मेड फैब्रिक्स यहां अधिक पापुलर है। सरकार ने इस पीएम मित्रा पार्क में कॉमन फैसिलिटी का प्लान रखा है। यानी कॉमन बॉयलर, कॉमन ट्रीटमेंट प्लांट, ड्रेनेज आदि सभी कॉमन होंगी। साथ ही बिजली भी सस्ती करने की योजना से जिससे उत्पादन लागत न्यूनतम हो सके। दक्षिण गुजरात चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज (एसजीसीसीआई), सूरत के एडवाइजर (टेक्सटाइल ट्रेड कमेटी) देवकिशन मंघाणी का कहना है कि पीएम मित्रा पार्क की वजह से दक्षिण गुजरात कपड़े के कारोबार का बड़ा केन्द्र बनेगा।

## रिलायंस ने नये नियमों के तहत गैस की नीलामी फिर से शुरू की

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. और उसकी भागीदार बीपी पीएलसी ने अपने पूर्वी अपतटीय क्षेत्र केजी-डी6 ब्लॉक से प्राकृतिक गैस की बिक्री के लिये नीलामी फिर से शुरू की है। दोनों कंपनियों ने सरकार के सीएनजी और पाइप के जरिये रसोई गैस की आपूर्ति करने वाली गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति के स्तर पर प्राथमिकता देने को लेकर नये विपणन नियम शामिल करने के बाद यह कदम उठाया है। निविदा नोटिस के अनुसार रिलायंस और उसकी भागीदार बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लि. (बीपीईएएल) तीन अप्रैल को प्रस्तावित के तहत 60 लाख घन मीटर प्रतिदिन गैस की बिक्री करेगी। इसकी कीमत वैश्विक एलएनजी मार्कर, जेकेएम (जापान कोरिया मार्कर) से संबद्ध है। लेकिन यह सरकार की तरफ से अधिसूचित उच्चतम मूल्य के अधीन होगा।दोनों भागीदार कंपनियों की शुरू में जनवरी में नीलामी की योजना थी। लेकिन उसके कुछ दिन पहले ही पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गहरे सागर क्षेत्र तथा उच्च दबाव-उच्च तापमान वाले क्षेत्रों से उत्पादित गैस की बिक्री और पुनःबिक्री के लिये 13 जनवरी को नये नियम प्रकाशित किये।

## विदेश

# इमरान खान का अरेस्ट वारंट कैंसिल, 30 मार्च को सुनवाई

एजेंसी। इस्लामाबाद
तोशाखाना मामले में पाकिस्तान के पूर्व ढट इमरान खान के खिलाफ जारी अरेस्ट वारंट कैंसिल हो गया है। इमरान शनिवार को इस्लामाबाद कोर्ट में पेश के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनके समर्थक कोर्ट के बाहर हंगामा कर रहे थे। ऐसे में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने पूर्व ढट की उपस्थिति दर्ज करने के बाद उन्हें वापस जाने की अनुमित दे दी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 30 मार्च तक स्थगित कर दी और इमरान के खिलाफ जारी अरेस्ट वारंट भी रद्द कर दिया। जज ने कहा कि ऐसे माहौल में सुनवाई करना मुमकिन नहीं है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में इमरान को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने



का आदेश दिया है। कोर्ट परिसर के बाहर इमरान के समर्थकों को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इसका प्रभाव कोर्ट में भी महसूस हो रहा था। वहीं, कोर्ट परिसर की खिड़कियों पर पथराव भी किया गया। उधर, इमरान खान ने एक ऑडियो मैसेज में कहा कि 'मैं 15 मिनट से कोर्ट के बाहर इंतजार कर रहा हूं, लेकिन उन्होंने आंसू गैस के गोले दागे हैं। ऐसा लगता है कि वे नहीं नहीं चाहते, मैं कोर्ट तक पहुचूं। इधर, शनिवार सुबह इमरान खान के इस्लामाबाद के लिए निकलने के बाद पुलिस ने उनके जमान पार्क वाले घर पर रेड की। पुलिस बुल्डोजर से गेट तोड़कर इमरान के घर में दाखिल हुई थी। करीब ढाई घंटे तक घर की सर्चिंग के बाद पुलिस लौट गई। इस्लामाबाद जाने से पहले शनिवार सुबह रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में पूर्व ढट ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई थी। इमरान ने कहा था- अगर मुझे गिरफ्तार किया जाता है, तो को संभालने के लिए मैंने एक कमेटी बना दी है। हालांकि, कमेटी में शामिल लोगों को लेकर खान ने कोई जानकारी नहीं दी।

## बस खाई में गिरी, 17 की मौत, 30 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में रविवार को एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई और 30 यात्री घायल हो गए। घायलों में भी 14 यात्रियों की हालत गंभीर है। इससे मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। घायलों में मदारीपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। मदारीपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मसूद आलम ने बताया कि बस रविवार सुबह करीब 9 बजे शोनाडांगा से ढाका के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान मदारीपुर के पास टायर फट जाने से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। मौके पर ड्राइवर कंडक्टर समेत 15 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शोनाडांगा बस काउंटर के काउंटर मैन एमडी सबुज खान ने बताया कि बस जब शोनागांडा से रवाना हुई तो इसमें करीब 47 यात्री सवार थे। अगर रास्ते में अन्य यात्री भी बस में सवार हुए तो यात्रियों की संख्या 50 से ज्यादा भी हो सकती है।

# ट्रंप अगले हफ्ते हो सकते हैं गिरफ्तार!



एजेंसी। वाशिंगटन
अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह कहते हुए कि उन्हें अगले सप्ताह मंगलवार को गिरफ्तार किए जाने की उम्मीद है, शनिवार को अपने समर्थकों से बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू करने का आग्रह किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा कि मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय से हुई 'अवैध लीक' से संकेत मिलता है कि उन्हें 'अगले सप्ताह के मंगलवार को गिरफ्तार किया जाएगा।' ट्रंप ने अपने समर्थकों से विरोध करने का आह्वान करते हुए कहा, हमारे देश को पहले की हालत में वापस लाइए। मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का कार्यालय कथित तौर पर जांच कर रहा है कि क्या ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति अभियान के दौरान एक वयस्क फिल्म स्टार को कथित रूप से चुपके-चुपके भुगतान के संबंध में व्यापार रिकॉर्ड को गलत साबित किया। ट्रंप के वकील ने कहा है कि उनकी जांच में भाग लेने की कोई योजना नहीं है और रिपब्लिकन, जिन्होंने जनवरी 2017 से जनवरी 2021 तक अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया, ने जांच को एक विच हंट के रूप में निरूपित किया है।

## पेज एक के शेष

### ममता ने राहुल के ...

बनाने के लिए संसद में हंगामा होने दिया। बीजेपी चाहती है कि राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा बने रहें, नहीं तो जो उन्होंने बाहर कहा था उसको लेकर संसद में हंगामा क्यों किया। हम चाहते हैं कि संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। हम अडानी मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं। हमने सीएए, एनआरसी, समान नागरिक संहिता विधेयक का विरोध किया है। अल्पसंख्यक समुदाय हमारे हाथ में सुरक्षित हैं।

हाल ही के दिनों में टीएमसी की ओर से राहुल गांधी पर कई बार हमला बोला गया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि टीएमसी विपक्ष के तौर पर कांग्रेस को किनारे कर रही है। कुछ दिन पहले ही ममता बनर्जी ने यूपी के पूर्व सीएम और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। इस बैठक के बाद कहा जा रहा था कि दोनों नेताओं के बीच नया मोर्चा बनाने को लेकर सहमति हो गई है। टीएमसी की ओर से कहा गया था कि बीजेपी राहुल गांधी को विपक्ष के चेहरे के तौर पर चाहती है। इससे बीजेपी को मदद मिलेगी। वे राहुल गांधी के विदेश में दिए गए बयान पर संसद नहीं चलने दे रहे। टीएमसी ने कहा था कि हम बीजेपी और कांग्रेस से समान दूरी बनाए रखने की योजना को लेकर अन्य विपक्षी दलों के साथ बात करेंगे। ये एक भ्रम है कि कांग्रेस विपक्ष की बिग बॉस है। इसके अलावा संसद के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस ने कई अन्य दलों के साथ मिलकर अडानी मामले में जेपीसी की मांग को लेकर मार्च निकाला था, लेकिन टीएमसी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुई थी। टीएमसी ने अलग से संसद परिसर में विरोध जताया था।

### भाजपा सांसदों से

के अनुसार, बैठक के दौरान राहुल गांधी ने लंदन में दिए गए अपने बयानों पर सफाई दी। उन्होंने कहाः मैंने यह कहा था कि यह हमारा आंतरिक मामला है और हम इसका हल निकालेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि यह तो स्पष्ट है कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। ईडी, सीबीआई जैसे संस्थानों का सरकार हथियार के रूप में विपक्ष पर प्रयोग कर रही है। उन्होंने हिंडनबर्ग और अदाणी के मसले पर भी अपनी बात रखी। कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट भारत पर हमला नहीं था, यह एक उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके वित्तीय लेनदेन के खिलाफ था। अदाणी भारत नहीं हैं। राहुल जब सफाई दे रहे थे तो विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उन्हें टोका भी और कहा कि इस बैठक में केवल विषय पर चर्चा करनी चाहिए।

**भाजपा सांसदों ने राहुल पर साधा निशाना :** जी-20 को लेकर हुई बैठक में विदेश सचिव ने तैयारियों को लेकर प्रस्ताव रखा। इसके बाद सांसदों ने एक-एक करके अपनी बात रखी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दौरान भाजपा सांसदों ने बिना राहुल गांधी का नाम लिए उन पर निशाना भी साधा। भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने कहा कि भारत के ऐतिहासिक जी-20 अध्यक्षता को अस्थिर करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, जॉर्ज सोरोस की टिप्पणी और बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री सभी भारत को कमजोर करने के लिए प्रेरित प्रयास थे। राव ने भी राहुल गांधी का बगैर नाम लिए कहा, 'कुछ लोगों ने विदेश की धरती पर जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। बोला है कि भारत में लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं लेकिन सही बात तो यह है कि भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा धब्बा आपातकाल था। उद्धव ठाकरे गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तर्क दिया कि भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र है और लोकतंत्र की जननी है। ऐसे में किसी व्यक्ति की टिप्पणी या बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री से कमजोर नहीं हो जाएगा।

**भाजपा सांसदों से तीखी बहस भी हुई :** राहुल गांधी और भाजपा सांसदों के बीच तीखी बहस भी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब राहुल लंदन में दिए अपने बयान पर सफाई देने लगे तो उन्हें विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने टोका। कहा कि वह बैठक के विषय पर ही अपनी बात करें। इस मसले पर संसद में अपनी बात रखें तो ज्यादा बेहतर होगा। इसपर राहुल ने कहा कि मुझसे पहले कई सांसदों ने विषय से हटकर अपनी बात रखी है। ऐसे में ये मेरा भी अधिकार बनता है। मनोनीत सांसद महेश जेठमलानी ने भी राहुल गांधी को टोका। उन्होंने राहुल से कहा कि वह अपने व्यक्तिगत मुद्दे को जी 20 बैठक में न लाएं।

**थरूर क्या बोले?**

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने स्वीकार किया कि जी-20 को लेकर हुई बैठक में राजनीतिक टकराव भी हुए। उन्होंने कहा-जी-20 में भारत की विदेश नीति के उद्देश्यों पर आज की एक अच्छी बैठक कुछ सदस्यों द्वारा अनावश्यक रूप से चर्चा का राजनीतिकरण करने से प्रभावित हुई। राहुल गांधी ने उन्हें कड़ा जवाब दिया। जी-20 की अध्यक्षता को लेकर विदेश मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश राज्यमंत्री मुरलीधरन, भाजपा सांसद जीवीएल नरसिंराव, महेश जेठमलानी, राहुल गांधी, शशि थरूर, शत्रुघ्न सिन्हा, प्रियंका चतुर्वेदी, और अनिल हेगड़े मौजूद रहे।

### कांग्रेस बोली : सावरकर ...

कांग्रेस नेता की ओर से दिए गए शुरूआती जवाब पर दिल्ली पुलिस ने रिप्लाई दिया है। पुलिस ने कहा कि राहुल की ओर से दिए गए जवाब में कोई जानकारी नहीं दी गई है, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा सके।

**राहुल के घर पहुंची पुलिस, एक और नोटिस थमाकर लौटी :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर रविवार को दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची। श्रीनगर में भारत जोड़ो के दौरान राहुल गांधी के यौन उत्पीड़न पीड़ितों पर दिए बयान के सिलसिले में पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी सागर प्रीत हुड्डा उनके घर पहुंचे। हालांकि राहुल गांधी ने बयान दर्ज नहीं करवाया। पुलिस उन्हें एक और नोटिस थमाकर घर से वापस लौट गई। इससे पहले 16 मार्च को पुलिस ने राहुल को नोटिस भेजा था। स्पेशल सीपी सागर प्रीत हुड्डा के मुताबिक राहुल गांधी ने कहा कि कई महिलाओं ने बयान दिया है लेकिन उन्हें कंपाइल करने में समय लगेगा। इसी कारण आज भी राहुल गांधी ने बयान दर्ज नहीं करवाया। पुलिस जल्द से जल्द उनका बयान दर्ज करने की कोशिश करेगी। दरअसल, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान श्रीनगर में आखिरी दिन राहुल गांधी ने कहा था कि आज भी महिलाओं के साथ यौन शोषण हो रहा है। इसे लेकर दिल्ली पुलिस ने 16 मार्च को राहुल गांधी को नोटिस भेजकर सवाल पूछा था कि वो कौन सी महिलाएं हैं, जिन्होंने ऐसा कहा है। पुलिस ने राहुल से उन महिलाओं की डिटेल देने की लिए भी कहा था।

**दिल्ली पुलिस बोली:हम जानकारी लेने आए हैं**

पुलिस ने कहाः हम यहां राहुल गांधी से बात करने आए हैं। राहुल गांधी ने 30 जनवरी को श्रीनगर में एक बयान दिया था कि यात्रा के दौरान वह कई महिलाओं से मिले और उन्होंने उन्हें बताया कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। हम उनसे इस बारे में ही जानकारी लेने आए हैं ताकि पीड़िताओं को न्याय मिल सके। पुलिस ने 15 मार्च को मामले की जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश की लेकिन विफल रही और 16 मार्च को नोटिस भेजा।

**पुलिस को नहीं मिली ऐसी कोई महिला :** पुलिस ने कहा कि मामले को लेकर दिल्ली में उनकी टीम ने छानबीन की लेकिन इस तरह की कोई महिला नहीं मिली। हमने पहले भी जानने की कोशिश की थी लेकिन राहुल विदेश में थे इसलिए हम नहीं मिल पाए। पुलिस चाहती है कि जल्द से जल्द इसकी जानकारी लेकर हम इस पर करवाई करें जिससे विक्टिम को कोई परेशानी न हो। बस यही जानकारी लेने के लिए हम यहां आए हैं।

### तपोवन मंदिर की...

बयान में लिखा है कि श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के इतिहास एवं वर्तमान के बारे में 17 मार्च को एक खबर का प्रकाशन हुआ था कि वर्तमान में मंदिर के इर्द-गिर्द झारखंड सरकार द्वारा सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस संबंध में जैसे ही मंदिर ट्रसेट को जानकारी हुई, तत्काल एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जुडको के निदेशक, जनरल मैनेजर रैंक के अधिकारी, श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण, पुजारी रामविलास, सेवादार अयोध्या, ज्योति बजाज, रमेश धरणीधरका, चंद्रकांत रायपत एवं प्रणय कुमार आदि उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों ने इस बैठक में यह तय किया कि प्राक्कलन की समीक्षा कर समुचित तरीके से फैसला किया जाएगा। तब ही कोई कार्य पूर्ण किया जाएगा।

### ईडी करेगी ...

पुलिस मुख्यालय से राय लेने के बाद उपस्थित होने बात कह अनुपस्थित रहे थे।

**दरोगा प्रयाग दास से भी पूछताछ :** दूसरी तरफ सोमवार को ही रांची बरियातू थाने में पोस्टेड 2012 बैच के दरोगा प्रयाग दास से भी ईडी पूछताछ करेगी। प्रयाग दास भी रिम्स में पंकज मिश्रा से पेईंग वार्ड में मुलाकात कर चुके है। सीसीटीवी फूटेज से पहचान के बाद ईडी ने प्रयाग दास को समन भेज कर सोमवार को 11 बजे बुलाया है। यज्ञनारायण तिवारी की तरह ही प्रयाग दास पर भी पंकज मिश्रा से अवैध तरीके से मुलाकात के मामले में समन किया गया है।

**कई लोगों ने की थी पंकज मिश्रा से मुलाकात :** गौरतलब है कि ईडी के द्वारा गिरफ्तार करने के बाद मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा जेल से इलाज के लिए न्यायिक हिरासत में ही रिम्स के पेइंग वार्ड में कई महीनों तक भर्ती रहे थे। ईडी के जांच में यह बात सामने आई थी कि पंकज मिश्रा ने रिम्स के कॉटेज में रहते हुए फोन का इस्तेमाल किया था, साथ ही कई लोगों से गैरकानूनी तरीके से मुलाकात की थी। इस दौरान रिम्स में कैदी ड्यूटी में तैनात जवानों के रोस्टर की मांग भी ईडी ने की थी। जिसे रांची पुलिस के द्वारा ईडी को उपलब्ध भी करवा दिया गया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# अमृतपाल के 4 सहयोगियों को डिब्रूगढ़ लाया गया



**एजेंसी। गुवाहाटी**

फरार खालिस्तानी समर्थक और कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह के चार सहयोगियों को रविवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में लाया गया है। पुलिस के एक शीर्ष सूत्र के मुकाबिक, हिरासत में लिए गए अलगाववादी खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह के चार साथियों को वायु सेना के एक विशेष विमान से डिब्रूगढ़ लाया गया। उन्हें संभवतः डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में रखा जाएगा। सूत्र ने कहा, उनके साथ पंजाब पुलिस की 27 सदस्यीय टीम भी जा रही है, जिसमें आईजी जेल भी शामिल है। कड़ी सुरक्षा के बीच डिब्रूगढ़ के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा मोहनबाड़ी हवाई अड्डे पर उनको लाया गया। अमृतपाल सिंह के सहयोगियों के असम जाने का कारण अभी भी अज्ञात है। पुलिस फिलहाल कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। जब आईएएनएस ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) और असम पुलिस के प्रवक्ता प्रसन्ना कुमार भुइयां से संपर्क किया, तो उन्होंने दावा किया कि उन्हें इस तरह के किसी घटनाक्रम की जानकारी नहीं है।

## पूरे पंजाब में फ्लैग मार्च, आज दोपहर तक मोबाइल-इंटरनेट पर रोक

**भगोड़ा** घोषित किए जा चुके खालिस्तान समर्थक व 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के मामले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्पुलिस ने रविवार को सीआरपीएफ जवानों के साथ पूरे पंजाब में फ्लैग मार्च किया। मामले से जुड़े सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि पंजाब पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के प्रावधानों के तहत अमृतपाल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करने की योजना बना रही है। सार्वजनिक सुरक्षा के हित में, सरकार ने सोमवार दोपहर तक वॉयस कॉल को छोड़कर एसएमएस और मोबाइल इंटरनेट सेवाओं का निलंबन बढ़ा दिया। अमृतसर के पुलिस उपायुक्त परमिंदर सिंह भंडाल ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने वाहनों की जांच के लिए अमृतसर और शहर के बाहरी इलाकों में 100 नाके बनाए हैं। चौकियों पर पुलिसकर्मियों के साथ सीआरपीएफ के जवान भी हैं। अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि सभी जिलों के कस्बों और शहरों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए, अमृतसर जिले में अमृतपाल सिंह के पैतृक गांव, जल्लुपुर खैरा के बाहर अर्धसैनिक बल की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। पुलिस की एक विशेष टीम, जिसमें सात जिलों के कर्मी शामिल थे, ने अलगाववादी नेता के काफिले का पीछा किया, जब वह शनिवार को जालंधर की शाहकोट तहसील जा रहा था। उन्होंने उसके वाहन पर दो से तीन बार निशाना साधा लेकिन अमृतपाल सिंह भागने में सफल रहा। राज्य के कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस ने राज्य में सुरक्षा भी बढ़ा दी है। साथ ही पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह ने मीडिया से कहा कि पुलिस को अमृतपाल के घर से निकलने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लेना चाहिए था। हमें उसके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने हमारे आवास पर 3-4 घंटे तक तलाशी ली लेकिन कुछ नहीं मिला। उन्होंने पुलिस कार्रवाई को अनुचित बताया और कहा कि उनका बेटा युवाओं को ड्रग्स से दूर कर रहा है। उन्होंने कहा, अपराधियों और ड्रग्स में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? इस बीच, पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने कहा कि अमृतपाल के छह बंदूकधारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, अमृतपाल सिंह की तलाश जारी है और हमें उम्मीद है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अब तक कुल 78 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की तलाशी और छापे मारे जा रहे हैं। पुलिस ने ट्विटर पर एक बयान में कहा, राज्यव्यापी अभियान के दौरान अब तक एक .315 बोर की राइफल, 12 बोर की सात राइफल, एक रिवाल्वर और विभिन्न कैलिबर के 373 जिंदा कारतूस सहित नौ हथियार बरामद किए गए हैं।

## अमृतपाल की गिरफ्तारी के लिए सघन तलाशी अभियान

**'वारिस** पंजाब दे' के प्रमुख सिख कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने के लिए रविवार को दूसरे दिन भी बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी रहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जालंधर के पुलिस कमिश्नर कुलदीप सिंह चहल ने शनिवार रात मीडिया को बताया कि अमृतपाल सिंह को 'भगोड़ा' घोषित किया गया है। पुलिस का तलाशी अभियान अब मुख्य रूप से जालंधर जिले पर केंद्रित है, जहां से वह पुलिस को उस समय चकमा देने में कामयाब रहा, जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए उसके वाहन को रोकने की कोशिश की। अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह ने मीडिया से कहा कि पुलिस को घर से निकलने से पहले ही अमृतपाल को गिरफ्तार कर लेना चाहिए था। हमें उसके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हमारे आवास की 3-4 घंटे तक तलाशी ली, लेकिन कुछ भी अवैध नहीं मिला। तरसेम सिंह ने पुलिस कार्रवाई को अनुचित बताया और कहा कि उनका बेटा युवाओं को ड्रग्स से दूर कर रहा है। उन्होंने कहा, पुलिस अपराधियों और ड्रग्स में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? इस बीच, पुलिस आयुक्त चहल ने कहा कि अमृतपाल के छह सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, अमृतपाल सिंह की तलाश जारी है और हमें उम्मीद है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### राहुल का बयान भारत माता को ठेस पहुंचाने वाला : सिंधिया

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सीधे गांधी परिवार पर टिप्पणी करने से परहेज करते थे लेकिन अब वे उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे हमले कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी की ओर से विदेश में बयान देने के मामले पर देश से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को 'भारत माता' के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया 18 और 19 मार्च को ग्वालियर दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने एक पोलिंग बूथ पर पहुंचकर बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और शहर के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया।

### तमिलनाडु : मिनीवैन-ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुचि जिले में रविवार तड़के मिनीवैन की ट्रक से टक्कर हो जाने से एक बच्चे सहित छह लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार इस घटना में वैन में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में बच्चे के अलावा चार पुरुष और एक महिला शामिल है। सूत्रों ने कहा कि घायलों का इलाज तिरुचि के सरकारी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### नाबालिग लड़के के साथ गंदी हरकत करने वाले को 40 साल की सजा

**कोच्चि।** केरल में एक 48 साल के शख्स को नाबालिग लड़के के यौन उत्पीड़न का दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 40 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 60 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। केरल के स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर कोर्ट ने बताया कि साल 2020 में 11 साल के लड़के के साथ यौन उत्पीड़न किया गया था। स्पेशल जज सुदर्शन ने कहा, यौन शोषण कभी भी वर्तमान क्षण तक सीमित नहीं होता।

# 2047 में भारत को इस्लामिक राज्य बनाने की थी साजिश

### एनआईए ने अपनी चार्टशीट में किया खुलासा

### पीएफआई के सदस्यों पर दायर किया आरोप पत्र



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के नापाक इरादों का खुलासा किया है। एनआईए ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के पांच सदस्यों के खिलाफ एक आरोप पत्र दायर किया है। दरअसल एनआईए ने मुस्लिम युवकों को कट्टरपंथी बनाने, भड़काने और भर्ती करने और विशेष रूप से आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में हथियारों का प्रशिक्षण देने को लेकर आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए के मुताबिक, पीएफआई का लक्ष्य 2047 तक भारत को इस्लामिक राज्य बनाने का है।

एनआईए ने एक अदालत को बताया कि प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ने अपने इरादों को पूरा करने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में विंग तैयार कर रखी थी। इस विंग के जरिए भारत में 2047 तक इस्लामिक शासन को स्थापित करने के लिए हिंसक गतिविधियों को आगे बढ़ाना था।

एनआईए ने बीते दिनों केरल के कोच्चि और तमिलनाडु के चेन्नई में दो अलग-अलग मामलों में पीएफआई के कुल 68 नेताओं, कार्यकताओं और सदस्यों के खिलाफ दो चार्जशीट दाखिल की हैं। इन मामलों को मिलाकर एनआईए इस महीने में अब तक कुल 4 मामले रिपोर्ट कर चुकी है। एनआईए ने अपनी चार्टशीट में बताया कि आरोपी प्रशिक्षित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया कैडर हैं, जो प्रभावशाली मुस्लिम युवाओं को भड़काने और कट्टरपंथी बनाने में शामिल पाए गए हैं। पीएफआई ने उन्हें पहले भर्ती किया और विशेष रूप से आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष

# हाथियों को पकड़ रहा वन विभाग

**अरुण लक्ष्मण। तिरुवनंतपुरम**

मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के उद्देश्य से केरल के वन विभाग ने जनवरी 2023 में दो हाथियों पंडालुर मखना 2 (पीएम2) और पीटी-7 (पलक्कड़ टस्कर) को पकड़ा। पीएम-2 एक बिना दांत वाला हाथी है, जो तमिलनाडु के गुडलूर इलाके में दो महिलाओं की हत्या में शामिल था। इसने केरल के वायनाड इलाके में घुसकर एक राहगीर पर हमला करने की कोशिश की। वायनाड के



कई इलाकों में उसके लगातार हमलों के कारण राज्य के वन विभाग ने उसे पकड़ने का फैसला किया। वन विभाग की विशेष टीम ने हाथी को काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिया। डार्ट लगने के बाद भी हाथी ने मुख्य पशु चिकित्सा सर्जन डॉ. अरुण जकारिया के पैर को अपनी सूंड से पकड़कर हमला करने की कोशिश की, लेकिन मौजूद लोगों ने इस हादसे को टाल दिया। मुथंगा हाथी अभयारण्य में एक बाड़े में हाथी को रखा गया। अब हाथी 'कुमकी' बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण से गुजर रहा है। पीटी -7 हाथी ने पलक्कड़ के धोनी क्षेत्र में लोगों को मारकर और फसलों को नष्ट कर तबाही मचाई थी। इसके बाद वन विभाग ने इसको पकड़ने का फैसला किया।

### बेंगलुरु : ईडी ने कुर्क की 5.21 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** ईडी के बेंगलुरु अंचल कार्यालय ने अवैध खनन से जुड़े एक मामले में मिनरल एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके अधिकारियों की 5.21 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, कुर्क की गई संपत्ति आरोपी के स्वामित्व वाली छह अचल संपत्तियों के रूप में है। ईडी ने विशेष जांच दल और कर्नाटक लोकायुक्त, बेंगलुरु द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू की।

# क्या सरकार के खिलाफ बोलना गुनाह है: राउत

**एजेंसी। मुंबई**

उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने न्यायपालिका, कॉलेजियम सिस्टम समेत तमाम राजनीतिक मुद्दों को लेकर केंद्र पर हमला बोला है। संजय राउत ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को सरकार के खिलाफ बोलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने इसे एक गंभीर मुद्दा बताते हुए पूछा कि क्या सरकार के खिलाफ बोलना गुनाह है? क्या शासकों की यह इच्छा है कि देश की न्यायपालिका स्वतंत्र न रहे? देश के कानून मंत्री ने न्यायपालिका को धमकी दी है। राउत ने कहा : देश में जारी तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आवाज उठाई है। इसलिए उनकी सांसदी रद्द करने का आंदोलन चल रहा है। कानून मंत्री के बयान पर उन्होंने कहा कि जिस पद पर आंबेडकर संविधान लिख रहे हैं, उसी पद पर बैठे जज को आप धमकी दे रहे हैं। यह भाषा कानून मंत्री को शोभा नहीं देती।

## FILMY हलचल

### मेरा परिवार मेरे बिकिनी लुक को पसंद करता है : ऋषिना कंधारी

**'देवों** के देव.. महादेव', 'तेनाली रामा', 'ये उन दिनों की बात है' जैसे टीवी शो में काम करने के लिए पहचान रखने वाली एक्ट्रेस ऋषिना कंधारी वर्तमान में 'ना उम्र की सीमा हो' का हिस्सा हैं। एक्ट्रेस की कुछ फोटोज वायरल हो रही है, जिसमें वह गोवा में फैमिली वैकेशन के दौरान बिकिनी लुक लुक पर बात की। ऋषिना ने कहा, मैं स्वभाव से बहुत शमीर्ली हूं। लेकिन मेरे पति विशाल मेरा आत्मविश्वास बढ़ाते रहते हैं और मुझसे कहते रहते हैं कि मुझे खुद से आजाद हो जाना चाहिए। मैं बहुत डरपोक लड़की थी और आज मैं जो कुछ भी हूं उनके सपोर्ट, विश्वास और भरोसे की वजह से हूं।



### सोनाली कुलकर्णी ने मांगी माफी

**'दिल** चाहता है', 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी हिंदी फिल्मों में अपने काम के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी ने हाल ही में एक इवेंट में कहा कि भारतीय लड़कियां आलसी होती हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियां अपने करियर को लेकर जुनूनी होने के बजाय अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बॉयफ्रेंड या पति की तलाश करती हैं। बयान सामने आने के तुरंत बाद, एक्ट्रेस को इंटरनेट पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जिसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी और कैप्शन में लिखाः जिन महिलाओं ने संदर्भ को नहीं समझा, वे शायद आहत हैं लेकिन ईमानदारी से कहूं तो आपने जो कुछ भी कहा वह सही था। इसके अलावा, यह हर महिला के बारे में नहीं था, यह कुछ ऐसी महिलाओं के बारे में था जो वास्तव में ऐसा चाहती हैं। उन्होंने अपने नोट में लिखाः सोनाली ने बयान जारी करते हुए लिखा कि मुझे मिल रही टिप्पणियों से मैं अभिभूत हूं। मैं आप सभी को और विशेष रूप से पूरे प्रेस और मीडिया को मुझसे जुड़ने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। खुद एक महिला होने के नाते मेरा इरादा दूसरी महिलाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। वास्तव में मैंने महिलाओं के समर्थन में बार-बार खुद को बड़े पैमाने पर व्यक्त किया है और यह एक महिला होने के नाते किया है। उन्होंने कहा अगर, अनजाने में मेरी बातों से दुख हुआ है तो मैं अपने दिल की गहराई से माफी मांगना चाहती हूं।



### 'एनटीआर 30' की 23 मार्च से शूटिंग



**ऑस्कर** फीवर के बाद 'आरआरआर' के एक्टर्स के लिए काम पर वापस लौटने का समय आ गया है। जूनियर एनटीआर 23 मार्च से 'एनटीआर 30' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म की मुहूर्त पूजा 23 मार्च, 2023 को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। जूनियर एनटीआर के फैंस आखिरकार जश्न मना सकते हैं क्योंकि उनका अगला मोस्ट अवेटिड प्रोजेक्ट 'एनटीआर 30' के मेकर्स ने फिल्म को लेकर अपडेट शेयर किया। इस खबर को शेयर करते हुए 'एनटीआर 30' के मेकर्स ने लिखाः स्टॉर्म अलर्ट.. 'एनटीआर 30' का मुहूर्त पूजा 23 मार्च को. फिल्म में जाह्नवी कपूर भी हैं और इसका निर्देशन 'जनता गैराज' के निर्देशक कोराताला शिवा करेंगे। पैन-इंडियन रिलीज में अनिरुद्ध रविचंदर का म्यूजिक होगा, जबकि आर. रत्नावेलु कैमरा इंचार्ज होंगे, आर्ट के लिए साबू सिरिल और एडिटिंग के श्रीकर प्रसाद होंगे।

### 'कुंडली भाग्य' में पहली बार मां का किरदार निभाएंगी इरा



**अभिनेत्री** इरा सोन, जिन्होंने 2007 में लोकप्रिय शो 'कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी और आखिरी बार 'देश की बेटी नंदिनी' में देखी गई थीं, सात साल बाद एकता कपूर की 'कुंडली भाग्य' के साथ छोटे पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शो का हिस्सा बनने और पहली बार मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की। शो में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं लीप के बाद शो में मां का किरदार निभा रही हूं, जो मेरे पूरे करियर में पहली बार है।

## सुझाव — सामाजिक-आर्थिक भिन्नता, मेलजोल का अभाव

# परीक्षा के तनाव से हो रहा है विकार

**गणेश भट्ट। नई दिल्ली**



बीते दिनों चेन्नई, तेलंगाना, राजस्थान, मुंबई, पुणे, वाराणसी आदि समेत अन्य कई शहरों में छात्रों द्वारा आत्महत्या जैसे दुखद कदम उठाने की घटनाएं सामने आई हैं। अलग-अलग शहरों में छात्रों द्वारा की गई आत्महत्या के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ बताता है कि लगभग 10 प्रतिशत किशोर वैश्विक स्तर पर मानसिक विकार का अनुभव करते हैं। ताजनक बात यह है कि मानसिक विकार से जूझ रहे ये युवा कोई सहायता या देखभाल नहीं चाहते हैं। आंकड़े बताते हैं कि 15-19 वर्ष के व्यक्तियों में आत्महत्या, मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण है। विशेषज्ञों के मुताबिक ये आंकड़े शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी हैं कि छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य विकार एक महत्वपूर्ण संकट है और इसका समाधान आवश्यक है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार के मुताबिक इस वर्ष अभी तक आईआईटी और एनआईटी जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों में छह छात्रों ने आत्महत्या की है। बीते साल 16, वर्ष 2021 में 7, 2020 में 5, 2019 में 16 और 2018 में 11 छात्रों ने आत्महत्या की थी। बीते पांच वर्षों में आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों के कुल 55 छात्रों ने आत्महत्या की है। हाल ही में आईआईटी मुंबई और आईआईटी चेन्नई के छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने की दुखद घटनाएं भी सामने आए हैं। आईआईटी मुंबई में एक 18 वर्षीय दलित छात्र ने आत्महत्या की है। छात्र ने हॉस्टल की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के मुताबिक अकादमिक तनाव को कम करने के लिए संस्थानों की तरफ से कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों में पढ़ाई का तनाव कम करने के लिए पाठ्यक्रमों को क्षेत्रीय भाषाओं में पेश किया गया है। क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देते हुए ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन ने 12 अलग-अलग टेक्निकल कोर्स का पूरा सिलेबस क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कर छात्रों के लिए जारी किया है।

मनोचिकित्सा एके भामरी बताते हैं कि कोरोना महामारी के बाद मानसिक विकार से जूझ रहे छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य विकार के अनेक कारण हैं। इनमें परीक्षा का दबाव, पढ़ाई का तनाव, सहपाठियों से प्रतिस्पर्धा और पारिवारिक दबाव प्रमुख हैं। इसके अलावा, जैसे-जैसे शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ रहा है, वैसे वैसे छात्रों पर भी दबाव कई गुना बढ़ता जा रहा है।

आईआईएलएम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम की कुलपति डॉ सुजाता शाही ने कहा, इन मुद्दों में पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय कठिनाइयां, अलगाव की भावनाएं, सामाजिक दबाव, चिंता और पढ़ाई का तनाव शामिल हैं।